आषाढ़ शुक्ल पक्ष सप्तमी 11:58 तक उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 2 जुलाई 2025
वर्ष 6, अंक 222, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



बिग ब्यूटीफुल बिल सीनेट में पास 14

मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर 13

## स्कूल में खिल उठे बच्चे



बच्चों के खिले चेहरे बता रहे हैं कि गर्मी की लंबी छुट्टी के बाद स्कूल आने और दोस्तों से फिर मिलने से उन्हें किस हद तक खुशी मिली है। तस्वीर मंगलवार को सेंट मारिया गौरेटी स्कूल बरेली की है जहां छुट्टी के बाद हंसते-खिलखिलाते बच्चे घर लौटने के लिए बाहर निकल रहे हैं। ● फोटो- हरदीप सिंह टोनी

# स्वस्थ और विकसित भारत से ही बनेंगे विश्व गुरु : मुर्मू

## राष्ट्रपति ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विवि का लोकार्पण, पारंपरिक जीवनशैली अपनाने की सलाह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भारत का विश्व में डंका बज रहा है। स्वास्थ्य को संपदा बताते हुए इसे ठीक रखने पर जोर दिया। कहा कि भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बने, इसके लिए आज से ही हमें प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व विकसित भारत से ही हम विश्व गुरु बन सकते हैं। शिक्षा, चिकित्सा समेत अन्य क्षेत्र और संस्थान इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश में खेतों व जंगलों में आज भी जड़ी-बूटियों का खजाना मौजूद है। अरिष्ट व आसव औषधियों की कोई एक्सपायरी डेट नहीं होती। 100 वर्ष से अधिक आयु तक सभी इंद्रियों को समर्थ बनाए रखने के लिए प्राचीन विधियां प्रमाणित करती हैं कि पारंपरिक जीवनशैली बहुत अच्छी थी। हमें उसका अनुसरण करना पड़ेगा। राष्ट्रपति मंगलवार को गोरखपुर में 52 एकड़ में 268 करोड़ से बने देश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का लोकार्पण करने के बाद समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण समारोह आयुष पद्धतियों के पुनर्जागरण का महत्वपूर्ण उत्सव है। आयुष में समाहित आयुर्वेद, योग और सिद्ध पद्धतियां विश्व समुदाय को भारत की अनमोल सौगात है। भगवान धन्वंतरि, चरक, सुश्रुत के योगदान की चर्चा करते कहा कि इन पद्धतियों की वैज्ञानिक स्वीकार्यता को बढ़ाने में भी ऐसे विश्वविद्यालय का योगदान रहेगा। गुरु गोरखनाथ की पवित्र भूमि को नमन करते हुए कहा कि शंकराचार्य के बाद ऐसा महापुरुष भारत में नहीं हुआ।



आयुष विवि के लोकार्पण के बाद चित्र प्रदर्शनी देखतीं राष्ट्रपति मुर्मू।

### हर जिले में बनेगा आयुष वेलनेस सेंटर

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश को पहले आयुष विश्वविद्यालय का उपहार देने के बाद सरकार जन आरोग्यता के लिए हर जिले में 100 बेड का आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाएगी। यहां पंचकर्म, क्षारसूत्र जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं को भी उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सरकार ने प्रदेश के उन छह मंडलों में मंडल मुख्यालय स्तर पर एक-एक आयुष महाविद्यालय बनाने का निर्णय लिया है जो अब तक ऐसे महाविद्यालय की सुविधा से वंचित थे।

# दो साल में 3.5 नौकरियों का लक्ष्य, 1 लाख करोड़ होंगे खर्च, नई खेल नीति पर भी मुहर

## केंद्र सरकार की बड़ी पहल, 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार रोजगार पाने वाले होंगे

नई दिल्ली, एजेंसी/अमृत विचार नेटवर्क

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दे दी है। इस योजना के तहत अगले दो वर्षों में 3.5 करोड़ नई नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके तहत 1.07 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाना, सामाजिक सुरक्षा का दायरा मजबूत करना और विशेष रूप से विनिर्माण क्षेत्र में अवसर पैदा करना है।

खेलों में भारत को वैश्विक स्तर पर शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नई खेल नीति पर भी अपनी मुहर लगा दी है। अनुसंधान और विकास में निजी निवेश बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की योजना को भी मंजूरी दी गई है।

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि ईएलआई योजना की घोषणा वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट में की गई थी। यह योजना प्रधानमंत्री द्वारा घोषित उन पांच योजनाओं का हिस्सा है, जो 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल और अन्य अवसर उपलब्ध कराने हेतु लाई गई हैं। इस पूरी योजना के लिए कुल 2 लाख करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान है। योजना के तहत 2 वर्षों में 3.5 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित होंगे जिनमें से 1.92 करोड़ लाभार्थी पहली बार रोजगार पाने वाले होंगे। योजना के लाभ उन नौकरियों पर लागू होंगे जो 1 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित होंगी। यह योजना दो भागों में वर्गीकृत की गई है, जिसमें प्रथम भाग में पहली बार रोजगार पाने वालों के लिए प्रोत्साहन दिया गया है। ईपीएफओ में पंजीकृत प्रथम बार कर्मचारियों को एक माह की ईपीएफ वेतन राशि (अधिकतम 15,000) दो किश्तों में दी जाएगी। जिसमें पहली किश्त 6 माह की सेवा के बाद दी जाएगी तथा दूसरी किश्त 12 माह की सेवा व वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण पूरा करने पर मिलेगी। इसके लिए जिन कर्मचारियों का मासिक वेतन एक लाख रुपये तक होगा, वे पात्र होंगे। योजना के दूसरे भाग में नियोक्ताओं को प्रोत्साहन देने पर बल दिया गया है। सभी क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए, विशेषकर निर्माण क्षेत्र में, नियोक्ताओं को प्रोत्साहन दिया जाएगा। जिन कर्मचारियों का वेतन एक लाख तक है, उनके लिए नियोक्ताओं को प्रोत्साहन राशि मिलेगी। प्रति अतिरिक्त कर्मचारी के लिए नियोक्ता को 2 वर्षों तक 3,000 प्रति माह तक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। निर्माण क्षेत्र के लिए यह प्रोत्साहन तीसरे और चौथे वर्ष तक बढ़ाया जाएगा। इसमें पात्रता के लिए 50 से कम कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को कम से कम 2 नए कर्मचारी, जबकि 50 या अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों को 5 नए कर्मचारी रखने होंगे। यह नियुक्ति 6 महीने तक लगातार होनी चाहिए। इस भाग से लगभग 2.60 करोड़ नए रोजगार सृजन की उम्मीद है।



कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव।

### भारत को शीर्ष पांच खेल देशों में शामिल करने की दिशा में पहल

**नई दिल्ली।** विश्व खेलों में भारत को शीर्ष पांच में लाने के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को खेलो भारत नीति को मंजूरी दी जिसका उद्देश्य देश को 2036 ओलंपिक के लिए मजबूत दावेदार बनाने के लिए एक मजबूत प्रशासनिक ढांचे के साथ-साथ कोचिंग और खिलाड़ियों के समर्थन के मामले में 'विश्व स्तरीय प्रणाली' तैयार करना है। पहले इसे राष्ट्रीय खेल नीति कहा जाता था और 1984 में पहली बार पेश किया गया था। खेलो भारत नीति 2025 अब 2001 की नीति का स्थान लेगी। यह देश के खेल पारिस्थितिकी तंत्र की बेहतरी के लिए योजनाओं को तैयार करने के लिए एक 'मार्गदर्शक दस्तावेज' है।

### अनुसंधान, विकास में निजी निवेश बढ़ाने की योजना को स्वीकृति

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अनुसंधान में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये की निधि के साथ अनुसंधान, विकास और नवाचार (आरडीआई) योजना को भी मंजूरी दे दी। इस योजना का उद्देश्य उभरते क्षेत्रों तथा आर्थिक सुरक्षा, रणनीतिक उद्देश्य व आत्मनिर्भरता के लिए प्रासंगिक अन्य क्षेत्रों में अनुसंधान, विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करना है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य अनुसंधान, विकास और नवाचार में निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा देने के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर लंबी अवधि के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण देना है।

# जीएसटी ऐतिहासिक सुधार आर्थिकी को नया आकार

- जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने पर बोले प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था एक ऐतिहासिक सुधार है जिसने भारत के आर्थिक परिदृश्य को नया आकार दिया है। उन्होंने जीएसटी लागू होने के आठ साल पूरे होने के मौके पर 'एक्स' पर लिखा कि अनुपालन बोझ को कम करके, इसने खासकर छोटे और मझोले उद्यमों के लिए कारोबार को सुगम बनाया है। जीएसटी ने आर्थिक वृद्धि के लिए एक शक्तिशाली इंजन के रूप में काम करने के साथ भारत के बाजार को एकीकृत करने की इस यात्रा में राज्यों को समान भागीदार बनाकर सही मायने में सहकारी संघवाद को बढ़ावा दिया है।

सरकार ने कहा कि 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है।

वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को बताती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि माल एवं सेवा कर के लागू होने के बाद से सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है। यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया।



### सकल जीएसटी संग्रह जून में 1.84 करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सकल वस्तु एवं सेवा कर संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। जीएसटी संग्रह पिछले महीने 2.01 लाख करोड़ रहा। इस वर्ष अप्रैल में संग्रह 2.37 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा।

अशोका फोम
SUMMER SALE
UPTO 70%
CURTAIN & SOFA FABRIC
MATTRESS & PILLOW
BED SHEET & BED COVER
TOWEL | WALL PAPER
Readymade Garments
FLAT 50% TO 80%
मिशन अस्पताल के सामने बरेली
मो. +91-9720031000

# कांवड़ यात्रा मार्ग पर फूड लाइसेंस प्रमुखता से प्रदर्शित करना अनिवार्य

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- बिना लाइसेंस खाद्य सामग्री बेची तो कार्रवाई, दो लाख तक जुर्माना

**अमृत विचार :** श्रद्धा और आस्था के महापर्व कांवड़ यात्रा को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने सख्त कार्ययोजना तैयार की है, जिसके तहत लाखों श्रद्धालुओं को शुद्ध और सुरक्षित भोजन उपलब्ध कराने के लिए व्यापक निगरानी अभियान चलाया जाएगा।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि, यात्रा मार्गों पर मौजूद सभी होटल, ढाबा, ठेली, फड़ संचालकों व अन्य खाद्य कारोबारियों को जरूरी निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। हर खाद्य कारोबारी को अपने लाइसेंस या पंजीकरण प्रमाणपत्र की एक साफ-सुथरी प्रति अपने प्रतिष्ठान में प्रमुख जगह पर लगानी होगी, ताकि उपभोक्ता उसे आसानी से देख सकें। छोटे व्यापारियों व ठेले-फड़ वालों को भी अपना पंजीकरण प्रमाण पत्र अपने पास रखना और प्रदर्शित करना जरूरी होगा। होटल, भोजनालय, ढाबा और रेस्टोरेंट में फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड भी साफ दिखाई देने वाले स्थान पर लगाना होगा। निर्देश न मानने वाले कारोबारियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्रवाई होगी जिसमें 2 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है। अपर आयुक्त खाद्य संरक्षा ताजबर सिंह जग्गी के अनुसार, सरकार द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 18001804246 पर कोई भी व्यक्ति खाद्य सामग्री की गुणवत्ता को लेकर शिकायत दर्ज करा सकता है।

# यात्री सेवा में निजी बाइक के इस्तेमाल को केंद्र की मंजूरी

- राज्य सरकार की स्वीकृति होगी जरूरी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने यात्री सेवाओं के लिए निजी (गैर-परिवहन) मोटरसाइकिल के इस्तेमाल को मंगलवार को मंजूरी दे दी और कहा कि यह राज्य सरकार की स्वीकृति पर निर्भर करेगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने अपने मोटर वाहन एग्रीगेटर दिशानिर्देश 2025 में कहा कि इन नए दिशा निर्देशों में उपयोगकर्ता की सुरक्षा और चालक के कल्याण के मुद्दों पर ध्यान देते हुए एक हल्की-फुल्की नियामक प्रणाली निर्धारित करने का प्रयास किया गया है। दिशा निर्देश में कहा गया है कि राज्य सरकार एग्रीगेटर्स के माध्यम से यात्री सेवाओं के लिए गैर-परिवहन मोटरसाइकिल के इस्तेमाल को मंजूरी दे सकती है, जिसके परिणामस्वरूप यातायात की भीड़ और वाहन प्रदूषण में कमी आएगी, साथ ही सस्ती यात्रा और आजीविका के अवसर बढ़ेंगे। इस कदम से रैपिडो और उबर जैसे बाइक टैक्सी ऑपरेटरों को राहत मिली है।

# फरीदपुर में पिता और सौतेले भाई को कार से कुचल कर मार डाला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जमीन को लेकर दोनों पक्षों में चल रहा था विवाद

**अमृत विचार :** फरीदपुर थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह करीब 10:30 बजे जमीन के विवाद में युवक ने बाइक सवार अपने पिता और सौतेले भाई को कार से कुचल कर मारा डाला। वारदात के बाद आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के ग्राम अलगनी निवासी नन्हे (65) ने दो विवाह किए थे। वह अपने बेटे मिश्रयार (35) के साथ मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे बाइक से गांव से फरीदपुर जा रहे थे। आरोप है कि पहले से मौके की तलाश में घूम रहे नन्हे की दूसरी पत्नी के बेटे मकसूद ने ढकनी खुदागंज रोड पर संत कबीर डिग्री कॉलेज के पास सामने अपनी इको कार से मिश्रयार की बाइक में से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मिश्रयार और उनके पिता नन्हे उछल कर 20 मीटर दूर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मकसूद ने कार से पिता-पुत्र को दोबारा रौंदा, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों को आता देख आरोपी मौके पर कार छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फरीदपुर थाना प्रभारी राधेश्याम ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है। तहरीर मिलते ही रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



मिश्रयार नन्हें (फाइल फोटो)

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी दर में 58.5 रुपये की कटौती

**नई दिल्ली।** विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमत में मंगलवार को 7.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई जबकि वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में इस्तेमाल होने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 58.50 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 58.5 रुपये की कटौती की है। अब दिल्ली में वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत प्रति सिलेंडर 1,665 रुपये और मुंबई में 1,616.50 रुपये होगी। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 853 रुपये प्रति 14.2 किलोग्राम पर अपरिवर्तित रही। अप्रैल में घरेलू रसोई गैस की कीमत में 50 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी की गई थी।



# रेल यात्रियों को अब एक ही जगह सभी सुविधाएं

नई दिल्ली, एजेंसी

- रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने लॉन्च किया मोबाइल एप रेलवन

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को रेलवन मोबाइल एप्लीकेशन की शुरुआत की जिससे यात्रियों को टिकट बुकिंग, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना बनाने, रेल सहायता सेवाएं और भोजन बुकिंग जैसी कई सेवाओं तक आसान पहुंच में मदद मिलेगी।

वैष्णव ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) के 40वें स्थापना दिवस समारोह में इस एप की शुरुआत की। यह एप एंड्रॉइड प्ले स्टोर और आईओएस एप स्टोर, दोनों प्लेटफार्म पर उपलब्ध है। रेल मंत्रालय ने कहा कि रेलवन एप पर यात्रियों की सभी जरूरतों का समाधान उपलब्ध होगा। इस एप से यात्रियों को आरक्षित, अनारक्षित टिकटिंग, प्लेटफॉर्म टिकट, ट्रेन और पीएनआर पूछताछ, यात्रा योजना, रेल सहायता सेवाएं, ट्रेन में भोजन की बुकिंग के साथ माल ढुलाई पूछताछ की सुविधा भी मिलेगी।



# किसी से आई लव यू कहना यौन इच्छा प्रकट करना नहीं

## बंबई उच्च न्यायालय ने कहा- यह केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति, आरोपी व्यक्ति की सजा रद्द की

मुंबई, एजेंसी

बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ ने 2015 में एक किशोरी से छेड़छाड़ के आरोपी 35 वर्षीय व्यक्ति को बरी करते हुए कहा कि आई लव यू कहना केवल भावनाओं की अभिव्यक्ति है, न कि यौन इच्छा प्रकट करना।

न्यायमूर्ति उर्मिला जोशी-फाल्के की पीठ ने सोमवार को पारित अपने आदेश में कहा कि किसी भी यौन कृत्य में अनुचित स्पर्श, जबरन कपड़े उतारना, अभद्र इशारे या महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से की गई टिप्पणी शामिल है।

शिकायत के अनुसार, आरोपी नागपुर में 17 वर्षीय लड़की के पास गया, उसका हाथ पकड़ा और आई लव यू कहा। नागपुर की एक सत्र अदालत ने 2017 में आरोपी को भारतीय दंड संहिता और बाल यौन अपराध संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया था और तीन साल के कारावास की सजा सुनाई थी। उच्च न्यायालय ने व्यक्ति की दोषसिद्धि को रद्द करते हुए कहा कि ऐसी कोई परिस्थिति नहीं पाई गई जिससे यह संकेत मिले कि उसका वास्तविक इरादा पीड़िता के साथ यौन संपर्क स्थापित करना था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक जब लड़की स्कूल से घर लौट रही थी, तो उस व्यक्ति ने उसका हाथ पकड़ लिया, उसका नाम पूछा और आई लव यू कहा।

लड़की वहां से भाग निकलने में सफल रही और घर जाकर अपने पिता को घटना के इसके बारे में बताया, जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह मामला छेड़छाड़ या यौन उत्पीड़न के दायरे में नहीं आता।



### यौन उद्देश्य साबित करने को ठोस आधार जरूरी

उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू जैसे शब्द अपने आप में यौन इच्छा (प्रकटीकरण) के बराबर नहीं होंगे, जैसा कि विधायिका द्वारा परिकल्पित है। उच्च न्यायालय ने कहा कि आई लव यू कहने के पीछे यदि यौन उद्देश्य था, तो उसे साबित करने के लिए कुछ ठोस और अतिरिक्त संकेत होने चाहिए, केवल इतना कहना पर्याप्त नहीं है। अदालती आदेश में कहा गया है कि अगर कोई व्यक्ति यह कहता है कि वह किसी से प्रेम करता है या अपनी भावनाएं व्यक्त करता है, तो केवल इतना भर कह देने से इसे किसी प्रकार के यौन इरादे के रूप में नहीं देखा जा सकता।

**आज का मौसम**

बादल छाए रहने और बारिश के आसार।



29.0° अधिकतम तापमान | 23.0° न्यूनतम तापमान

**शहर में आज**

- रोटरी क्लब बरेली साउथ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजीव खंडेलवाल एवं उनकी टीम का शपथ ग्रहण समारोह सोमैया ग्रीन पीलीभीत बाईपास पर रात 9 बजे।

## दो माह में पूरा करें फोकस वॉल का निर्माण कार्य

**बरेली, अमृत विचार** : नाथ कॉरिडोर की परियोजना में शामिल फोकस वॉल के निर्माण कार्यों का उप निदेशक पर्यटन रविंद्र कुमार ने मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य की गति धीमी होने पर नाराजगी जताई और ठेकेदार को दो माह में सभी फोकस वॉल का निर्माण कार्य पूरा करने के आदेश दिए। शहर को और आध्यात्मिक बनाने के लिए पर्यटन विभाग की ओर से फोकस वॉल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें लाल पत्थर पर भगवान शिव की अलग-अलग आकृतियां उकेरी जाएंगी। इसके लिए 19 स्थलों को चुना गया है। इस पर पांच करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी होने के बाद एमबी इंटर कॉलेज, रुहेलखंड विश्वविद्यालय, कुदेशिया फाटक के नीचे फोकस वॉल बनाने के लिए निर्माण कार्य चल रहा है। उप निदेशक पर्यटन रविंद्र कुमार ने मंगलवार को कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने जानकारी ली कि कब से काम चल रहा है और कितना पूरा हो चुका है। कार्य की रफ्तार धीमी मिलने पर नाराजगी जाहिर की। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि एक साथ सभी स्थलों पर फोकस वॉल बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू करें। एक-एक जगह बनाने से बहुत समय लग जाएगा, तब भी पूरा नहीं हो पाएगा। दो माह में सभी स्थलों का निर्माण कार्य हर हाल में पूरा कर दिया जाए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

## विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के आवेदन 15 तक

**बरेली, अमृत विचार** : राज्य सरकार की विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत 15 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन होंगे। उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि योजना के तहत जिले में बढ़ई, नाई, कुम्हार, लोहार, सोनार, टोकरी बुनकर, राजमिस्त्री, मोची, धोबी आदि ट्रेडों में काम करने के लिए इच्छुक लोग वेबसाइट diupmsme.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के बाद पात्रता के मानकों की जांच करते हुए चयनित होने पर 10 दिन का प्रशिक्षण दिलाया जाएगा।

## एक दिन में चढ़ा 11.6 डिग्री पारा रात में तेज हवा के साथ बारिश

**बरेली, अमृत विचार** : दो दिन बारिश के बाद मंगलवार तेज धूप खिली तो एक दिन में पारा 11.6 डिग्री सेल्सियस चढ़ गया। गर्मी में लोग परेशान हो गए। वहीं रात में तेज हवा और बारिश से गर्मी से राहत मिली।

जिले में अधिकतम तापमान 33.0 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जबकि सोमवार को अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। बीते 24 घंटे में 50 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं आर्द्रता का स्तर अधिकतम 100 प्रतिशत और न्यूनतम 97 प्रतिशत रहा। आंचलिक मौसम केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल तापमान में भारी उतार-चढ़ाव नहीं होगा, लेकिन उमस और गर्मी की यह स्थिति अगले कुछ दिनों तक बनी रह सकती है।



तेज हवा और बारिश के दौरान पीलीभीत बाईपास से गुजरते लोग। ● अमृत विचार



सिकलापुर में बारिश के बाद सड़कों पर फैले कीचड़ के बीच से करना पड़ रहा आना-जाना। ● अमृत विचार



नवदिया में गलियों में भी अभी नालियों का पानी सड़कों पर फैला हुआ है। ● अमृत विचार

# बारिश में खत्म नहीं हो रहीं लोगों की दुश्वारियां

- **सुभाषनगर, हजियापुर, संजय नगर सहित कई इलाकों में सड़कों पर कीचड़ होने से आने-जाने में दिक्कत**

**बरेली, अमृत विचार** : मूसलाधार बारिश मंगलवार को थम गई लेकिन कई मोहल्लों दिक्कतें कम नहीं हुई है। मोहल्ले में जलनिकासी की व्यवस्था ठीक न होने के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार की सुबह से शाम तक हुई बारिश के कारण मोहल्लों में हुए जलभराव के कारण मंगलवार को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन जगहों पर जल निकासी तो हुई है लेकिन कीचड़, गड्ढों से होकर लोगों को आना जाना पड़ रहा है। सबसे अधिक परेशानी रात के समय लोगों को हो रही है। हालत यह है कि हजियापुर, मुंशीनगर में अभी भी जलभराव की समस्या से लोग जूझ रहे हैं, जबकि सनराइज कालोनी, संजय नगर, आलोक नगर, दुर्गा नगर, पुराना शहर, बदायूं रोड, सैनिक कालोनी, सिकलापुर, गंगा नगर, सुभाषनगर, शांति विहार, नवदिया, मूलकपुर, जगतपुर, आकशपुरम, फाइक इन्कलेव आदि जगहों पर कीचड़ के बीच से लोगों का आना-जाना हो रहा है।

# आग में टूटकर गिरे तार, बिजली गुल

## नैनीताल रोड पर लगी भीषण आग, इज्जतनगर क्षेत्र की बिजली हुई गुल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : नैनीताल रोड पर डीआरएम ऑफिस के पास मंगलवार रात आग लग गई और इसने भयंकर रूप ले लिया। इसकी चपेट में पास से गुजर रहे बिजली के दो तार भी आ गए और टूट कर गिर गए। सूचना मिलने पर अधिकारियों ने क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कराई। फायर ब्रिगेड के आग बुझाने के बाद टूटे तारों को सही कराने का काम शुरू किया गया। इसकी वजह से रात 10 से 12:30 बजे तक इज्जतनगर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित रही।

वहीं सिविल लाइंस सबस्टेशन से जुड़े इलाकों में लोकल फाल्ट के साथ फेस नहीं आने और वोल्टेज कम-ज्यादा होने की समस्या रही। इसके अलावा सुभाषनगर और राजेंद्र नगर में ट्रांसफार्मर में खराबी से बिजली गुल रही।

शाहदाना सबस्टेशन के गंगापुर चीनी वाली गली में मंगलवार रात 8 बजे फाल्ट होने से बिजली गुल हो गई।



नैनीताल रोड पर अंडरपास के पास उठतीं आग की लपटें।

- **सुभाषनगर और राजेन्द्रनगर में ट्रांसफार्मर में आई खराबी**

इसके अलावा कोहाड़ापीर में पोल में करंट फैल गया। लोगों की सूचना पर पहुंचे कर्मचारियों ने शटडाउन लेकर फाल्ट को ठीक कराया। मंगलवार शाम 7 बजे सिटी स्टेशन फीडर पर 33 केवी की लाइन ट्रिप हो जाने से 8 बजे तक फीडर बंद रहा। सिकलापुर में पोल पर बंच केबल में आग लग जाने से आपूर्ति प्रभावित रही।

कुतुबखाना, मिशन सबस्टेशन, सिविल लाइंस, कैंट, डेलापीर आदि जगह पर फेस नहीं आने की समस्या रही। सुभाषनगर सबस्टेशन के रैन बसेरा फीडर पर शाम 6 बजे ट्रांसफार्मर में खराबी होने से बिजली गुल रही। दुर्गानगर सबस्टेशन के वनखंडीनाथ फीडर के आवास विकास पार्क में ट्रांसफार्मर पर काम कराने की वजह से आपूर्ति बाधित रही। सुबह 11 बजे रामपुर गार्डन में ट्रांसफार्मर का जंपर उड़ने से बिजली गुल हो गई। राजेन्द्रनगर में सुबह ट्रांसफार्मर का डियू उड़ जाने से एक घंटा तक बिजली गुल रही।

### बकाया बिल पर अभियान में काटे 52 कनेक्शन

**बरेली, अमृत विचार** : सुभाषनगर क्षेत्र में मंगलवार को बकाया बिजली बिल वसूली के लिए अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान की मौजूदगी में अभियान चलाया गया। इस दौरान 577 कनेक्शन चेक किए गए, जिसमें 131 उपभोक्ताओं से करीब छह लाख रुपये का बकाया बिल जमा कराया गया और बकाया बिल पर 52 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। अभियान के दौरान 10 उपभोक्ताओं का विद्युत भार बढ़ाया गया। अभियान में एसडीओ संजीव कुमार गुप्ता, रोहित कुमार, सुरेश सिंह रावत के साथ जेई और अन्य स्टाफ मौजूद रहा। वहीं एचआर टीम के एसडीओ रवेंद्र कुमार, हरी लाल सरोज, जेई अवध नारायण पाल के साथ विजिलेंस टीम ने सुभाषनगर की तिलक कॉलोनी, श्याम कॉलोनी, सुभाषनगर आदि जगह पर चेकिंग की, जिसमें 117 कनेक्शन चेक किए गए और 12 लोगों के यहां पर बिजली चोरी पकड़ी।

## 136 करोड़ के और प्रस्ताव कार्ययोजना में शामिल किए

**बरेली, अमृत विचार** : पीडब्ल्यूडी की 2590 करोड़ रुपये की कार्ययोजना अब 2726 करोड़ रुपये की हो गई है। इसमें जनप्रतिनिधियों की ओर से भेजे गए 136 करोड़ रुपये के प्रस्ताव भी शामिल कर लिए गए हैं।

चीफ इंजीनियर अजय कुमार ने बताया कि पिछले महीने मुख्यालय को 2590 करोड़ रुपये की कार्ययोजना भेजी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 22 जून को वर्चुअल बैठक में अभियंताओं को निर्देश थे कि वह अपने अपने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से फिर वार्ता करके उनके क्षेत्र की सड़कों और पुलों के प्रस्ताव लेकर कार्ययोजना में शामिल करें। इसके बाद पीडब्लयूडी के प्रांतीय खंड में बहेड़ी, नवाबगंज, मीरगंज और सदर विधानसभा क्षेत्र से सड़कों से संबंधित 60 से अधिक प्रस्ताव आए। वहीं निर्माण खंड में आंवला, भोजीपुरा, बिथरी चैनपुर, फरीदपुर, कैंट क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने 45 प्रस्ताव दिए हैं। इन्हें साल 2025-26 की कार्ययोजना में शामिल करते हुए मुख्यालय भेज दिया है।

## व्यापारियों ने निगम के विज्ञापन नियमों में बदलाव की मांग की



नगर आयुक्त को ज्ञापन देते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

- **ई-ऑफर का विरोध कर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

**बरेली, अमृत विचार** : ई-ऑफर के तहत नगर निगम अब विज्ञापनों को लगाने की अनुमति देगा। इसका विरोध शुरू हो गया है। मंगलवार को व्यापारी नेताओं ने नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को ज्ञापन देकर कहा कि यह नियम गलत है। इसे निरस्त कर अनुज्ञा के आधार पर विज्ञापन की अनुमति प्रदान की जाए।

व्यापारी संगठन के नेताओं का आरोप है कि वर्ष 2020 में नगर निगम ने अनुज्ञा शुल्क का निर्धारण करने से पहले आपत्ति और सुझाव मांगे गए थे मगर निगम के कुछ अधिकारियों ने तथ्यों को छिपाकर गजट कराने के लिए शासन को भेज दिया था। इसे 1 मार्च 2022 को लागू कर दिया गया था। नियम में अनुज्ञा शब्द का प्रयोग किया गया है। किसी प्रकार का कोई टेंडर और प्रस्ताव किसी व्यक्ति के संपूर्ण एकाधिकार देना नियम संगत नहीं है। ज्ञापन देने वालों में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन सतीश चंद्र अग्रवाल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पवन निहलानी, विकास अग्रवाल, अभय अग्रवाल, योगेश सक्सेना, फुरकान शमशी, राजगोपाल खटटर, आलोक सक्सेना, अरुण भसीन, राजन गुप्ता, आमिर रजा, हरीश अरोरा मौजूद रहे।

# नई टाउनशिप बसाने को गांवों का दौरा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पीलीभीत बाईपास रोड पर 10 गांवों की भूमि खरीदने की योजना बना रहा बीडीए**
- **ड्रोन सर्वे पूरा होने के बाद बीडीए उपाध्यक्ष ने मौके पर किया भूमि का निरीक्षण**

**अमृत विचार** : बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) नई आवासीय टाउनशिप विकसित कर रहा है। इसके लिए 10 गांवों की भूमि ली जाएगी और ड्रोन सर्वे पूरा होने के बाद मंगलवार को बीडीए उपाध्यक्ष ने क्षेत्र का दौरा कर भूमि का निरीक्षण करने के बाद डिजाइनर और टाउन प्लानरों से विचार विमर्श किया। अब प्राधिकरण किसानों से समझौता करके जमीन क्रय करने में जुट गया है।

बरेली विकास प्राधिकरण ने पीलीभीत बाईपास रोड पर नई आवासीय टाउनशिप को धरातल पर उतारने का काम तेज कर दिया है। बरेली और आसपास रहने वाले लोगों के लिए यह टाउनशिप बड़ी सौगात के रूप में मानी जा रही है। नई टाउनशिप के लिए गांवों में सर्वे पूरा हो गया है। बीडीए उपाध्यक्ष डा. ए मनिकंडन, सचिव वंदिता श्रीवास्तव, ओएसडी गौतम सिंह, एक्सईएन एपीएन सिंह, सहायक अभियंता अनिल कुमार, आर्किटेक्ट्स और टाउन प्लानर ने मंगलवार को जिन गांवों की भूमि पर टाउनशिप विकसित होनी है, वहां पर निरीक्षण किया। बीडीए उपाध्यक्ष ने अब इस भूमि के अर्जन का काम समय से पूरा करने और भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्द पूरी करने के लिए निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि जल्द किसानों से बातचीत के आधार पर जमीन को अधिगृहीत किया जाएगा। यह टाउनशिप आधुनिक आवासीय सुविधाओं से युक्त होगी। बीडीए एक्सईएन एपीएन सिंह ने बताया कि नई टाउनशिप में सभी सुविधाओं का ख्याल करते हुए डिजाइन तैयार किया जाएगा।



टाउनशिप के लिए गांवों का दौरा करते बीडीए के अधिकारी। ● अमृत विचार

### इन गांवों की भूमि पर विकसित होगी टाउनशिप

पीलीभीत बाईपास रोड पर प्रस्तावित प्राधिकारण की नई टाउनशिप के लिए कुम्हरा, नवदिया कुर्मियान, अहलादपुर, आसपुर, खूबचंद, अहपुरा जागीर, वरकापुर, कलापुर, हरहरपुर, महोरनिया गांवों की भूमि ली जाएगी। इन गांवों की भूमि पर नई टाउनशिप विकसित की जाएगी।

# निर्माण कार्यों का मूल्यांकन करने शासन से पहुंची टीम



विकास भवन में पीडी डीआरडीए के कार्यालय में बैठक करती टीम। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना के तहत पिछले कुछ वर्षों में कराए गए निर्माण कार्यों का मूल्यांकन करने के लिए शासन की एक टीम ने जिले में डेरा डाल दिया है। टीम चार दिनों तक अलग-अलग कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद रिपोर्ट तैयार करेगी।

ग्रामीण इलाकों में योजना के तहत सिडको, आरईएस समेत कई कार्यदायी संस्थाओं ने निर्माण कार्य कराए हैं। इनका मूल्यांकन करने के लिए मंगलवार को शासन से नामित तीन सदस्यीय टीम जिले में पहुंची। टीम ने विकास भवन में स्थित पीडी डीआरडीए के कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक की। किन-किन कार्यदायी संस्थाओं ने कौन-कौन से कार्य किए हैं, इसकी सूची तलब की है। बुधवार सुबह तक सभी से कराए गए कार्यों की सूची टीम को उपलब्ध कराने के आदेश दिए गए हैं। पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्वत ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रुर्बन मिशन योजना के तहत विभिन्न वर्षों में कराए गए निर्माण कार्यों का मूल्यांकन करने के लिए टीम आई है। कई जानकारियां मांगी हैं, उन्हें उपलब्ध कराया जा रहा है। टीम 4 जुलाई तक रुककर कार्यों का मूल्यांकन करेगी।

# पांच स्पेशल ट्रेनों की अवधि बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने रेलवे यात्रियों की सुविधा के लिए पांच स्पेशल ट्रेनों की संचालन अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया है। यह निर्णय यात्रियों की मांग और ट्रेनों में लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए लिया गया है।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा के मुताबिक 05060 लालकुआं-कोलकाता साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब 10 जुलाई से 28 अगस्त तक प्रत्येक गुरुवार को चलेगी, जबकि वापसी में 05059 कोलकाता-लालकुआं स्पेशल 12 जुलाई से 30 अगस्त तक प्रत्येक शनिवार को संचालित होगी। इसी प्रकार 05045 लालकुआं-राजकोट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 6 जुलाई से 31 अगस्त तक हर रविवार और 05046 राजकोट-लालकुआं को 7 जुलाई से 1 सितंबर तक हर सोमवार चलाया जाएगा।

इसके अलावा वाराणसी सिटी-लालकुआं रूट पर चलने वाली ट्रेन 05029 अब 7 से 30 जुलाई तक सोमवार, बुधवार और शनिवार को चलेगी, जबकि वापसी में 05030 ट्रेन 8 से 31 जुलाई तक मंगलवार, बृहस्पतिवार और रविवार को चलेगी। 09075 मुम्बई सेंट्रल-काठगोदाम स्पेशल ट्रेन 2 जुलाई से 29 सितंबर तक हर बुधवार और वापसी में 09076 ट्रेन 3 जुलाई से 30 सितंबर तक हर गुरुवार को चलेगी। इसी तरह 09185 मुम्बई सेंट्रल-कानपुर अनवरगंज 6 जुलाई से 28 सितंबर तक हर रविवार और 09186 ट्रेन 7 जुलाई से 29 सितंबर तक हर सोमवार को संचालित की जाएगी। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपरोक्त सभी गाड़ियां अपने पूर्व निर्धारित मार्ग, ठहराव, समय और रेक संरचना के अनुसार ही संचालित होंगी।


### आधार पंजीकृत मोबाइल नंबर पर आया ओटीपी, मिला तत्काल टिकट

**बरेली, अमृत विचार** : रेलवे ने मंगलवार से तत्काल टिकट बुकिंग के लिए आधार लिंक आधारित मोबाइल नंबर पर ओटीपी आधारित सिस्टम लागू कर दिया है। बरेली रेलवे स्टेशन पर पहले ही दिन 12 यात्रियों ने इस नई सुविधा का फायदा उठाया और बिना दलाल के सीधे काउंटर से तत्काल टिकट हासिल किया। नयी व्यवस्था के तहत अब तत्काल टिकट उन्हीं यात्रियों को मिलेगा जिनका मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होगा और उस पर आए ओटीपी को वेरिफाई किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह व्यवस्था दलालों की अवैध बुकिंग पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। पहले अक्सर देखा जाता था कि तत्काल टिकट के लिए सुबह-सुबह लंबी कतार लग जाती थी और दलाल फर्जी पहचान पत्र या दूसरों की आईडी पर टिकट बुक करवा लेते थे। अब यात्री को अपने आधार लिंक नंबर पर भेजा गया ओटीपी बताना होगा, तभी टिकट जारी होगा। इस प्रक्रिया से पहचान की पुष्टि पुख्ता होगी और फर्जीवाड़ा रुकेगा। बरेली जंक्शन के अधिकारियों के अनुसार पहले दिन कुल 12 लोगों को ओटीपी आधारित इस सुविधा से तत्काल टिकट जारी किए गए। रेलवे कर्मियों ने यात्रियों को इस नए सिस्टम के बारे में जानकारी भी दी और ओटीपी वेरिफिकेशन में मदद की। टिकट लेने आए यात्री भी इस बदलाव से खुश नजर आए। उनका कहना था कि इससे दलालों की मनमानी खत्म होगी और असली जरूरतमंद को ही टिकट मिलेगा।

## 50 हजार बिल हर हाल में करें वितरण

**बरेली, अमृत विचार** : मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी ने मंगलवार को नगर निगम के सभागार में समीक्षा बैठक में सभी जोन प्रभारियों को 15 जुलाई तक 50 हजार बिलों को वितरित करने का निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि कर निर्धारण अधिकारी, जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक और सभी राजस्व निरीक्षक, कर समाहर्ता से कहा गया है कि हर हाल में समय पर भवन स्वामियों को बिल पहुंच जाएं। साथ ही सभी राजस्व निरीक्षक व कर समाहर्ता वसूली में तेजी लाए। जीआईएस संपत्तियां निस्तारण और अवशेष हैं उनको अधिकतम 31 जुलाई तक शिविर लगवाकर स्वकर निर्धारण फॉर्म निराकरण कर दें।

**दसवां/तेरहवी संस्कार**



अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पति श्री हरी प्रकाश का स्वर्गवास दिनांक 24.06.2025 को हो गया था। जिनका दसवां संस्कार दिनांक 02.07.2025 बुधवार को राम स्वरूप बाग (निकट बी.बी.एल.पब्लिक स्कूल) बरेली में समय दोपहर 2 बजे से 3 बजे तक होगा तथा तेरहवीं (ब्रह्म भोज) दिनांक 04.07.2025 को दोपहर 01 बजे से निज निवास (राममूर्ति टावर के पीछे) सेंट फ्रांसिस स्कूल वाली गली, बरेली पर होगा।

**शोकाकुल**

श्रीमती डॉ.शशि प्रभा (पत्नी) (पूर्व प्रधानाचार्य, द्रोपदी कन्या इण्टर कालेज), अंकुर पी गुप्ता (रीजनल पी.एफ. कमिश्नर) – सोनाली गुप्ता (पुत्र-पुत्रवधू), मुकेश शिंघल (पार्षद) – ज्योति गुप्ता (दामाद – बेटी), प्रदीप गुप्ता – स्वाति गुप्ता (दामाद-बेटी), यश प्रकाश गुप्ता (पोता), नित्या गुप्ता (पोती) एवं समस्त परिवार। मो.9821653953

## पीएम आवास : 63 हजार से अधिक सर्वे का पूरा करें सत्यापन

**बरेली, अमृत विचारी** : जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिए साढ़े चार महीने तक चले सर्वे में सूचीबद्ध किए गए लोगों के शत प्रतिशत सत्यापन के लिए अब केंद्र सरकार ने 31 जुलाई समय सीमा निर्धारित कर दी है। केंद्र सरकार से जिला ग्राम्य विकास विकास अभिकरण को पत्र जारी कर निर्धारित समय में सत्यापन कराने का आदेश दिया है।

योजना के लिए 1 जनवरी से सर्वे शुरू हुआ था। 15 मई तक हुए सर्वे में 63782 लोग सूचीबद्ध किए गए। 38602 का सर्वे टीमों ने किया और 25180 लोगों ने सेल्फ सर्वे किया है। पीडी डीआरडीए चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि 31 जुलाई तक सेल्फ और टीमों के सर्वे का शत प्रतिशत सत्यापन करने का आदेश आया है।

# उद्यमियों के विरोध के बीच मानसून के बाद बनेगी सर्विस लेन

## फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में हाईवे की जद में आ रहे उद्योगों व दूसरे व्यावसायिक संस्थानों को हटाना होगा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **पीडी बोले-दो बार दिए जा चुके नोटिस, इस मुद्दे पर उद्यमियों के साथ शीघ्र होगी अंतिम बैठक**
- **हाईवे पर हादसों की रोकथाम को बनाई जा रही सर्विस लेन का उद्यमी कर रहे विरोध**

**अमृत विचार** : एनएचएआई हाईवे पर हादसों को रोकने के लिए उद्यमियों के विरोध के बावजूद मानसून के बाद सर्विस लेन बनाने की तैयारी में जुट गया है। एनएचआई ने स्पष्ट कर दिया है कि फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से फतेहगंज पूर्वी तक नेशनल हाईवे के किनारे सर्विस लेन बनाने के लिए अंतिम बार उद्यमियों को बुलाकर कार्यालय में बैठक की जाएगी। इसकी जद में आ रहे उद्योगों और दूसरे व्यावसायिक संस्थानों को दो बार पहले ही नोटिस दिया जा चुका है।

लखनऊ हाईवे पर फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में करीब दो सौ उद्योग चल रहे हैं। इनके अलावा कई स्कूल और दूसरे व्यावसायिक संस्थान भी स्थापित हैं। कई जगह हाईवे तक भारी अतिक्रमण है। एनएचएआई के अधिकारियों के मुताबिक उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों में आवाजाही के लिए हाईवे पर तमाम कट खुले हैं, इनकी वजह से इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हादसे होते हैं। एनएचएआई मुख्यालय के निर्देश पर हाईवे पर अवैध कब्जों को हटाकर सर्विस रोड बनाने की कवायद फरवरी माह में शुरू की गई थी। इसकी जद में आ रहे 160 उद्योगों और व्यावसायिक संस्थानों को दो बार नोटिस जारी किए जा चुके हैं। इनकी मियाद भी पूरी हो चुकी है, लेकिन हालात जस के तस हैं।

इधर, उद्यमी सर्विस लेन बनाने के फैसला के विरोध इसलिए कर रहे हैं क्योंकि सर्विस रोड के निर्माण से तमाम उद्योगों का रास्ता बंद होने की आशंका है। नोटिस मिलने के बाद कई उद्यमियों ने उपायुक्त उद्योग को भी पत्र लिखा था, लेकिन एनएचएआई के आधिकारियों ने उनके हर तर्क को खारिज करने के साथ ही निर्माण होने की बात कही।

### इसलिए है सर्विस लेन बनाने की जरूरत

एनएचएआई के पीडी सौरभ चौरसिया बताते हैं फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र में बिना पहुंच मार्ग (एक्सेस परमिशन) के उद्योग और व्यावसायिक संस्थान स्थापित किए गए हैं। हाईवे की सीमा में निजी लोगों ने भी भारी अतिक्रमण किया हुआ है। इस वजह से हर महीने इस क्षेत्र में दो सौ से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। उनके मुताबिक एनएचएआई की ओर से हाईवे पर अवैध कब्जों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई न किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने भी पिछले साल कठोर टिप्पणी की थी। इसके बाद हादसे कम करने के लिए उद्यमियों और दूसरे व्यावसायिक संस्थानों को नोटिस जारी किए गए।

### उद्यमियों के विरोध करने की यह है वजह

दरअसल, इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी से फतेहगंज पूर्वी की दूरी करीब 30 किमी है। एनएचएआई ने 8 साल पहले इस हिस्से में आने वाली सड़क का निर्माण कराया था। उस वक्त सर्विस लेन नहीं बनाई गई। अब सर्विस लेन बनाने की तैयारी पर फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमी इसलिए भी विरोध कर रहे हैं क्योंकि नकटिया से फरीदपुर औद्योगिक फीडर तक 33 और 11 केवी के साथ लोकल लाइन भी खींची गई है। सर्विस लेन का निर्माण करने के लिए तीनों लाइनों पर सप्लाई बंद करनी पड़ेगी। बिजली सप्लाई ठप होने से आम लोगों को तो भारी असुविधा होगी ही, साथ में फरीदपुर औद्योगिक क्षेत्र की करीब 200 औद्योगिक इकाइयां प्रभावित होंगी।



卐 पांच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा 卐
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ••• भी है। •••
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोनः 9519456555, 9695416555

# आरोपी बेटे मकसूद को सता रहा था डर, बेटियों के नाम न लिख दें जमीन

## 22 बीघा जमीन में तीन हिस्सा कराना चाहता था, जमीन न देने पर हत्या का बना लिया मन

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

अमृत विचार : फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अलगनी निवासी मकसूद को डर था कि उसके पिता नन्हे कहीं जमीन अपनी दोनों बेटियों को न लिख दें, इसलिए उसने पिता और सौतेले भाई मिश्रयार की हत्या करने का मन बनाया। आरोपी मकसूद पूरे 22 बीघा जमीन में से तीसरा हिस्सा चाहता था, जबकि उसके पिता उसे साढ़े चार बीघा जमीन से ज्यादा नहीं देना चाहते थे। यही वजह है कि उसने मौका पाते ही दोनों की कार से कुचल कर हत्या कर दी।

थाना क्षेत्र के ग्राम अलगनी निवासी नन्हे (65) और उनकी पहली पत्नी के बेटे मिश्रयार की कार से कुचल कर हत्या के मामले में जमीन का विवाद सामने आया है।

नन्हे ने दो शादियां की थी, जिसमें पहली शादी फरीदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पदारथपुर की एक महिला के साथ हुई थी। जिनका बेटा मिश्रयार है। पहली पत्नी की निधन के बाद नन्हे ने दूसरी शादी जरीना के साथ की। जो करीब 20 वर्ष पहले नन्हे के पास अपने बेटे मकसूद को छोड़कर कहीं चली गई। उस समय से नन्हे ने ही मकसूद का पालन-पोषण किया। मिश्रयार को पिता अधिक मानते थे, जबकि आरोपी बेटे मकसूद को कम। इस बात को लेकर भी दोनों में विवाद रहता था।


घटनास्थल पर परिजनों से जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार



हत्या में प्रयुक्त कार। ● अमृत विचार

### आरोपी मकसूद मांगता था पूरा हिस्सा, पिता करते थे जीते-जी जमीन देने से इन्कार

मकसूद के पिता नन्हे के पास करीब 22 बीघा जमीन है। इसमें से वह चार बीघा जमीन मिश्रयार को और साढ़े चार बीघा मकसूद को खेती के लिए दे रखी थी, लेकिन मकसूद 22 बीघा जमीन में से तीसरा हिस्सा पूरा मांगता था। जो उसके पिता देने से इनकार करते थे। उनका कहना था कि जब तक वह जिंदा हैं परिवार और खुद का पालन पोषण के लिए उन्हें भी खेती करानी है, इसलिए अभी वह नहीं देंगे। जबकि, उसे शक था कि वह जमीन कहीं अपनी बेटियों को न लिख दें। वहीं, नन्हे अपनी पहली पत्नी के बेटे मिश्रयार के साथ रहते थे। इस बात को लेकर भी नन्हे का मकसूद के साथ विवाद रहता था। इन सभी रंजिश को लेकर आरोपी ने दोनों को कुचल कर हत्या कर दी। समाचार लिखे जाने तक तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी।

### तीन लाख रुपये लोन लेने की भी चर्चा

बताया जा रहा है कि नन्हे ने बैंक से अपनी जमीन पर तीन लाख रुपये का लोन लिया था। सोमवार को वह बैंक से रुपये निकाल कर लाए थे। इसके बाद से ही बेटे मकसूद ने अपने हिस्से का एक लाख रुपये देने को कहा। जिस पर पिता नन्हें ने रुपये देने से मना कर दिया। इससे नाराज आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी थी। जिसने मंगलवार को कार से कुचल कर हत्या कर दी।

> जमीन के विवाद को लेकर पिता और सौतेले की कार से कुचल कर हत्या कर दी गई है। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया था। परिजनों से तहरीर ली जा रही है। साथ ही आरोपी की तलाश की जा रही है। उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। –संदीप कुमार सिंह, सीओ फरीदपुर

## एक नजर

### अश्लील फोटो लेने के बाद दोस्त ने किया ब्लैकमेल

बरेली, अमृत विचार : युवती से दोस्ती करने के बाद युवक ने उसके अश्लील फोटो खींच लिए। जब युवती की रिश्ता तय हुआ तो आरोपी फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा और जहां रिश्ता तय हुआ है, वहां भी कॉल करके बदनाम कर रहा है। पीड़िता के भाई ने थाना बारादरी में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। फतेहगंज पश्चिमी के एक मोहल्ला निवासी युवक ने बताया कि दो वर्ष पहले उसकी बहन रुहेलखंड विश्वविद्यालय में पढ़ती थी। वहीं पर उसकी मुलाकात बदायूं जिले के आलमपुरा निवासी अमन से हुई थी। दोनों के बीच दोस्ती हो गई। इसी दौरान अमन ने उसकी बहन के बहला-फुसलाकर अश्लील फोटो ले लिए। इसी दौरान उसकी बहन का रिश्ता तय हो गया। रिश्ता तय होने के बाद अमन बहन की होने वाली ससुराल और मध्यस्थ को फोन करके मनगढ़ंत कहानियां बता रहा है, जिससे रिश्ता टूटने के कगार पर पहुंच गया है। आरोपी ने उसकी बहन को फोन किया और अब अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। जिससे उसका परिवार सदमे में आ गया है और मानसिक रूप से परेशान है।

### गोवर्धन गुलड़िया मेले में रीजन की 100 बसें लगाई जाएंगी

बरेली, अमृत विचार : गोवर्धन गुलड़िया मेले के श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसकी रोडवेज ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए परिवहन निगम की ओर से बरेली रीजन से 100 बसों का संचालन किया जाएगा। बरेली रीजन के चारों डिपो बरेली, रोहिलखंड, पीलीभीत व बदायूं से जिन बसों का संचालन होगा उनकी सूची जारी कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक जिन रूटों पर बसों की संख्या अधिक है, उन बसों को लगाया गया है।

आरएम दीपक चौधरी के मुताबिक गोवर्धन मेला आयोजन के लिए बरेली और रुहेलखंड डिपो की 30-30, बदायूं की 25 और पीलीभीत की 15 बसें भेजी जाएंगी। इसके अलावा सभी एआरएम ने स्पेयर वाहनों की भी सूची दी है, यदि मेले में बस खराब होती है दो तत्काल दूसरी बस का संचालन किया जा सके। इसमें दिल्ली और लखनऊ मार्ग पर चलने वाली सबसे अधिक बसों को शामिल किया है।

## पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने में पति को सात वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली : सात साल पहले पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश अमृता शुक्ला ने थाना कैंट के मोहनपुर निवासी पति वीरपाल को सात वर्ष सश्रम कारावास और 15 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।

सरकारी वकील सचिन जायसवाल ने बताया कि मृतका के पिता कल्लू ने थाना कैंट में तहरीर देकर बताया था कि उसने अपनी पुत्री नीरज देवी का विवाह 27 अप्रैल 2008 को वीरपाल के साथ किया था। पति और ससुराल वाले बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 3 अगस्त 2018 को रात 10.30 बजे सूचना मिली कि उसकी लड़की को जहर दे दिया है और वीरपाल उसे निजी अस्पताल में छोड़कर चला गया है। पुलिस ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना के बाद पति वीरपाल व सास मुन्नी देवी के खिलाफ आरोप पत्र कोर्ट भेजा था। सास मुन्नी देवी के बीमारी के कारण कोर्ट में हाजिर हो पाने में असमर्थता के कारण वीरपाल की पत्रावली अलग कर सुनवाई हुई। अभियोजन ने आठ गवाह पेश किए।


FUTURE UNIVERSITY
Learn • Assimilate • Transcend
Lighting Minds Shaping Future
India's 1st AI Enabled New Age Innovative University
BCA
Bachelor of Computer Application
• Artificial Intelligence and Data Science
• Animation, VFX and Gaming
• AI & ML powered by IBM
• Data Science and Artificial Intelligence powered by IBM
• Cybersecurity Operations and Application Development powered by EC Council
ADMISSIONS CLOSING SOON
Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly (U.P.) India
Call : 9917480040
www.futureuniversity.in
Scan this QR Code for apply instantly.

## किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को 10 वर्ष कैद

विधि संवाददाता, बरेली : पांच साल पहले 17 साल की किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने के बाद दुष्कर्म करने के आरोपी थाना सीबीगंज क्षेत्र निवासी आसिफ अंसारी को कोर्ट ने परीक्षण में दोषी पाया। स्पेशल जज पॉक्सो एक्ट कोर्ट रामानंद ने उसे 10 वर्ष सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माने की पूरी रकम पीड़िता को बतौर मुआवजा दी जाएगी।

सरकारी वकील सरनाम सिंह ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना सुभाषनगर में तहरीर देकर बताया था कि उसकी पुत्री सीबीगंज के एक डिग्री कॉलेज में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा है। 5 मई 2020 को आसिफ अंसारी उसकी लड़की को बहलाकर अपहरण करके ले गया है। पीड़िता ने अपने बयान में बताया कि आसिफ उसे शादी का झांसा देकर कांशीराम कॉलोनी सीबीगंज में ले गया और वहां दुष्कर्म किया। 6 मई को पुलिस ने उसे बरामद किया, आसिफ को भी पकड़ लिया था। अभियोजन ने आठ गवाह पेश किए।

## केदारनाथ से लौटते समय युवक की हादसे में मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● मीरगंज के पास हुआ हादसा, घायल को अस्पताल में कराया भर्ती

अमृत विचार : मीरगंज थाना क्षेत्र के सिंधौली चौराहा के पास रविवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों युवक केदारनाथ और बद्रीनाथ की यात्रा करके वापस बरेली आ रहे थे।

सुभाषनगर के मढ़ीनाथ निवासी हीरालाल ने बताया कि उनका बेटा राहुल (24) अपने दोस्त अनुराग और तीन अन्य दोस्तों के साथ बाइक से केदारनाथ और बद्रीनाथ के लिए गए थे। पांचों दोस्त अपनी-अपनी बाइक से रविवार शाम 4 बजे ऋषिकेश से बरेली के लिए निकले। जिस बाइक से राहुल आ रहा था, उसे अनुराग चला रहा था। रास्ते में मीरगंज में सिंधौली चौराहा के पास रात करीब 11 बजे तेज गति से आ रहे ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद बाइक एक ओर जाकर गिर गई, जबकि राहुल रोड पर दूसरी दिशा में जा गिरा और दूसरी ओर से आ रहे ट्रक ने राहुल को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई और अनुराग गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राहुल के परिजनों को घटना की जानकारी दी। राहुल चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी मौत से पिता हीरालाल चौधरी, मां सावित्री देवी और भाइयों को रो-रोकर बुरा हाल है। राहुल स्नातक का छात्र था और निजी कंपनी में नौकरी करता था।

## नवाबगंज में बाइक से टकराया सांड़ व्यापारी की मौत



नवाबगंज, अमृत विचार : सांड़ से बाइक टकराने पर सर्राफा व्यापारी की मौत हो गई। मोहल्ला गंगवार कॉलोनी निवासी सर्राफा व्यापारी ब्रजपाल गंगवार (65) मंगलवार दोपहर बाइक से बिजौरिया स्टेशन की ओर जा रहे थे। तभी स्टेशन मार्ग स्थित जीजस कॉलेज के पास घूम रहा सांड़ उनकी बाइक से टकरा गया।

वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें महानगर के एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बिना लाइसेंस हो रहा था डेयरी का संचालन, कराया बंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● सुभाष नगर की बीडीए कॉलोनी निवासी परिवार की मावा खाने से बिगड़ी थी हालत
● शिकायत पर एफएसडीए ने की कार्रवाई, टीम ने पांच खाद्य पदार्थों के भरे नमूने

अमृत विचार : मावा से तैयार प्रसाद से पिन्नी खाने से एक ही परिवार के सात लोगों की तबीयत बिगड़ने के मामले में सोमवार को देर रात पुलिस की सूचना पर खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग की टीम ने डेयरी पर छापेमारी की। जांच के दौरान डेयरी का पंजीयन नहीं मिला। इसके बाद डेयरी को बंद करा दिया गया और उसमें मौजूद पनीर और मावा को मौके पर ही नष्ट करा दिया गया। टीम ने डेयरी के फ्रिज में रखे दूध, दही और पनीर समेत पांच खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए हैं।


डेयरी से दुग्ध पदार्थों का नमूना लेती एफएसडीए की टीम। ● अमृत विचार

विभागीय टीम के अनुसार पिन्नी खिलाने के लिए प्रसाद तैयार करने के लिए इस्तेमाल किए गए मावे को बीडीए कॉलोनी निकट चौहान मार्केट में स्थित राधे श्याम डेयरी नाम से संचालित दुकान से खरीदा गया था। जांच के दौरान डेयरी संचालक के पास विभागीय पंजीयन का कोई भी दस्तावेज मौजूद नहीं मिला। इस पर अग्रिम कार्रवाई तक डेयरी को बंद करा दिया गया है। डेयरी में मौजूद दो किलो पनीर को नष्ट कराया गया है।

**दूसरे कारोबारी से खरीदकर करता था बिक्री :** विभागीय टीम के अनुसार, राधेश्याम डेयरी पर जांच करने के दौरान अजीत पुत्र धर्मवीर सिंह निवासी सुभाष नगर मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि वह तैयार मावा सुभाष नगर के ही अन्य दुग्ध कारोबारी से खरीदते थे। जिस मावा से बने प्रसाद की पिन्नी खाने से लोगों की हालत बिगड़ी है, उसे भी उसी दुग्ध कारोबारी के प्रतिष्ठान से लिया गया था। राधे श्याम डेयरी पर जांच के दौरान मावा मौजूद नहीं मिला, डेयरी में रखे फ्रिज में दुग्ध, दही और पनीर समेत पांच खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए संग्रहित कर लिए गए हैं।

### परिवार के सदस्यों की हालत में सुधार

मावा से बना प्रसाद खाने से परिवार के सदस्यों की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने सभी को जिला अस्पताल में सोमवार को भर्ती कराया था, हालांकि हालत गंभीर होने पर सभी का फौरन इलाज आरंभ किया गया, जिससे मंगलवार को सभी की हालत में सुधार है।

> पुलिस की सूचना पर संबंधित डेयरी पर टीम ने जांच की है, इसका लाइसेंस भी नहीं है। नियमानुसार डेयरी का संचालन बंद करा दिया गया है। वहीं खाद्य पदार्थों के नमूने भी जांच के लिए भेजे गए हैं, रिपोर्ट आने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। – अक्षय गोयल, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी

## बारिश में दीवार गिरी, दबकर छात्र की मौत

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

अमृत विचार : फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव अहीर गौंटिया में तेज बारिश में मंगलवार सुबह 10 बजे कच्चे मकान की दीवार भरभरा कर गिर गई और मलबे में दबने से नौवीं के छात्र की मौत हो गई, जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। बच्चे को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


मोहित (फाइल फोटो)।

गांव अहीर गौंटिया में देवेंद्र कच्चे मकान में रहते हैं। वह मंगलवार सुबह घर में मौजूद थे। इसी बीच तेज बारिश की वजह से अचानक एक दीवार भरभराकर गिर पड़ी। दीवार के पास में ही खेल रहा उनका 15 वर्षीय बेटा मोहित दब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उनका बदायूं के थाना बिनावर के गांव सफीपुर निवासी आठ वर्षीय भांजा रवि गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल रवि को परिजनों ने उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। सूचना पर थाना प्रभारी राधेश्याम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मोहित कक्षा 9वीं का छात्र था। एसपी दक्षिणी अंशिका वर्मा ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया गया है। घायल का उपचार चल रहा है।


हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़। ● अमृत विचार

## पालतू कुत्ते ने दो बच्चों और पिता पर किया हमला

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : भोजीपुरा के रूपपुर पैगा गांव में घर में खेलते समय दो बच्चों पर पालतू कुत्ते ने हमला कर दिया। बच्चों के चीखने की आवाज सुनकर पिता बचाने पहुंचे तो कुत्ते ने उनपर भी हमला कर दिया। तीनों को मंगलवार को जिला अस्पताल में एंटी रैबीज सीरम लगाई गई।

फारूख ने बताया कि सोमवार को दोपहर में उनका डेढ़ वर्षीय बेटा कासिम और तीन वर्षीय बेटी माहेनूर आंगन में खेल रहे थे और पास में ही उनका पालतू कुत्ता भी सो रहा था, लेकिन अचानक बच्चे की रोने की आवाज आई तो उन्होंने कमरे से देखा कि कुत्ता बच्चों पर हमलावर है। वह तुरंत दौड़कर पहुंचे और बच्चों को बचाने लगे कि तभी कुत्ते ने उनके हाथ पर भी काट लिया। परिजन तीनों को स्थानीय सीएचसी लेकर पहुंचे। यहां वैक्सीन लगाई गई लेकिन बच्चे के गंभीर घाव होने पर एंटी रैबीज सीरम लगाने की सलाह देकर जिला अस्पताल भेजा गया। जहां तीनों को मंगलवार को एंटी रैबीज सीरम लगाया गया।


कुत्ते के हमले में घायल बच्चे को वैक्सीन लगवाने के लिए इमरजेंसी पहुंचे परिजन।

## अमर ज्योति कंपनी के निदेशक और भाई पर 50-50 हजार का इनाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● बदायूं एसएसपी की रिपोर्ट पर डीआईजी ने दोनों पर बढ़ाया इनाम

अमृत विचार : दो सौ करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाली कंपनी के निदेशक और उसके भाई पर डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बदायूं एसएसपी की रिपोर्ट पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। दोनों के खिलाफ बदायूं कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज है।

बदायूं में अमर ज्योति यूनिवर्स निधि लिमिटेड कंपनी के निदेशक बारादरी थाना क्षेत्र के कटरा चांद खां निवासी शशिकांत मौर्य और उसके भाई सूर्यकांत मौर्य ने एजेंटों के जरिए लोगों के करोड़ों रुपये जमा कराए थे। रकम देने के समय कंपनी के निदेशक और एजेंट दोनों मौके से फरार हो गए। दोनों पर 15 हजार लोगों से निवेश में मोटे मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों की ठगी का आरोप है। इस मामले में बदायूं में कंपनी के निदेशक शशिकांत मौर्य, उसके भाई सूर्यकांत और अन्य के खिलाफ चार मुकदमे दर्ज हुए हैं और कई मामलों में जांच चल रही है।

दोनों भाई बार-बार समन भेजने के बाद भी अपना पक्ष रखने के लिए पुलिस के समक्ष पेश नहीं हुए। सूर्यकांत बरेली में भाजपा का महानगर मंत्री था। आरोप लगने के बाद भाजपा ने उसे पार्टी से निकाल दिया। बदायूं एसएसपी डॉ. बृजेश सिंह ने आरोपी शशिकांत मौर्य और उसके भाई सूर्यकांत मौर्य पर 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। अब बदायूं एसएसपी की रिपोर्ट पर डीआईजी अजय कुमार साहनी ने दोनों पर 25-25 हजार रुपये का इनाम बढ़ा कर 50-50 हजार रुपये किया है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए टीमें सक्रिय हैं। 50 हजार रुपये इनाम घोषित होने के बाद एसटीएफ की टीमें भी गिरफ्तारी के लिए लग गई हैं।

> करोड़ों की ठगी के मामले में कंपनी के निदेशक और उसके भाई पर बदायूं पुलिस ने 25-25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। बदायूं एसएसपी की रिपोर्ट पर दोनों पर 25-25 हजार रुपये की इनाम की रकम बढ़ाई गई है। दोनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। –अजय कुमार साहनी, डीआईजी

## वर-वधू पक्ष को मिलेगा लजीज व्यंजन, जमकर होगी मेहमाननवाजी

अनुपम सिंह, बरेली

● नव दंपति को उपहार में दी जाएगी ड्राईफ्रूट्स की टोकरी
● शासनादेश पहुंचा, समाज कल्याण विभाग ने शुरू की तैयारियां

अमृत विचार : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत इस बार होने वाली शादियों में वर-वधू पक्ष की मेहमाननवाजी में कोई कमी नहीं रहेगी। नाश्ते से लेकर खाने तक का मेन्यू बदल दिया गया है। लजीज व्यंजनों के साथ ही जोड़े को गिफ्ट में ड्राई फ्रूट्स की टोकरी दी जाएगी। मीठे में भी रसगुल्ले के अलावा खीर और हलवा भी परोसा जाएगा। नवदंपतियों और उनके परिजनों की अच्छे तरीके से खातिरदारी करने के लिए विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

दरअसल, गरीब बेटियों के हाथ पीले करने के लिए सरकार हर साल सामूहिक विवाह योजना के तहत अभी तक एक जोड़े की शादी पर 51 हजार रुपये खर्च करती थी, लेकिन इस बार से शादी में होने वाले खर्च का दायरा बढ़ाते हुए एक लाख रुपये कर दिया गया है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले को 1985 शादियां कराने का लक्ष्य दिया गया था, जबकि इस बार लक्ष्य को 50 फीसदी से भी कम करते हुए 910 जोड़ों की शादी कराने का टॉरगेट समाज कल्याण विभाग को मिला है। हालांकि, इस बार होने वाले सामूहिक विवाह के आयोजन में दिल खोलकर खर्च किया जाएगा। वर-वधू पक्ष के स्वागत में कोई कमी नहीं रहने वाली है।

शासन स्तर से नाश्ते से लेकर खाने तक के मेन्यू में बदलाव कर दिया गया है, जिसमें पूर्व में चले आ रहे खानपान के अलावा कई अच्छी डिस को शामिल किया गया है, जो आज कल के दौर में शादियों में ट्रेड में हैं। समाज कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर ने बताया कि ऐसा पहली बार किया गया है, जब दूल्हा-दुल्हन को गिफ्ट में ड्राईफ्रूट्स की टोकरी दी जाएगी। योजना में किए गए बदलावों के बारे में शासनादेश आ चुका है। इसी आधार पर तैयारी शुरू हो गई है।

### अब लड़की को मिलेंगे 60 हजार रुपये

योजना के तहत इससे पहले तक 35 हजार रुपये दुल्हन के खाते में भेजे जाते थे। 10 हजार रुपये में विवाह उपयोग की सामग्री और 6 हजार रुपये में भोजन, टेंट आदि की व्यवस्था की जाती थी, मगर अब लड़की के खाते में 60 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगे। 25 हजार रुपये विवाह उपयोगी सामग्रियों पर खर्च किए जाएंगे। 15 हजार रुपये में भोजन, टेंट और गिफ्ट की सामग्री खरीदी जाएगी।

### आवेदक के परिवार की सालाना आय बढ़ाकर की गई तीन लाख

योजना का लाभ लेने के लिए कन्या की ओर से ही आवेदन किया जाता है, जिसमें अभी तक उसके परिवार की वार्षिक आय अधिकतम दो लाख रुपये निर्धारित थी, मगर इस बार वार्षिक आय बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दी गई है। विभागीय जानकारों का कहना है कि इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को योजना का लाभ मिल सकेगा।

### नाश्ते-भोजन का यह रहेगा मेन्यू

वर-वधू पक्ष को नाश्ते में दो-दो केले, दो-दो समोसे, बर्फी एक पीस, 50 ग्राम चिप्स, पानी की बड़ी बोतल, कोल्ड ड्रिंक, शिंकजी व चाय और कॉफी का मेन्यू प्लान किया गया है। वहीं, भोजन में पूर्व में मिलने वाले व्यंजनों के अलावा इस बार खीर, हलवा और चाउमीन को भी शामिल किया गया है। गिफ्ट में दी जाने वाली कई सामग्रियां भी बढ़ी हैं। इसके अलावा 500 ग्राम बादाम, 250 ग्राम अखरोट, 500 ग्राम किशमिश, सूखा नारियल शामिल रहेगा।

### फोटो एलबम और वीडियो से यादगार रहेंगे पल

शादी का बंधन ऐसा होता है, जिसे लोग ताउम्र याद रखना चाहते हैं, मगर सामूहिक विवाह योजना में अभी तक फोटो एलबम के लिए इसकी कोई सरकारी व्यवस्था नहीं थी। वर-वधू पक्ष के लोग ही अपने मोबाइल से यादगार पलों को कैद करते थे, मगर इस बार शादी की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। इसके बाद फोटो एलबम दूल्हा-दुल्हन को दिया जाएगा।

## राशन की रिक्त दुकानों के सापेक्ष कम प्रस्ताव पास होने पर डीएम नाराज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिले में राशन की रिक्त और अन्य दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को लेकर डीएम अविनाश सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने पाया कि रिक्त राशन की दुकानों के सापेक्ष सिर्फ आठ का प्रस्ताव पारित हो पाया है। इस पर उन्होंने नाराजगी जताई।

जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि तहसील दिवस में अधिकतर शिकायतें राशन कार्ड की आती हैं, इसमें सुधार के निर्देश दिए। बीडीओ से डीएम ने कहा कि जिन जगहों पर अन्नपूर्णा शॉप का कार्य अधूरा रह गया है, वहां के कार्य पूरे कराकर जनप्रतिनिधियों से उद्घाटन कराएं। सख्त निर्देश दिए कि कोई भी मामले लंबे समय तक बीडीओ लंबित न रखें। तहसीलदारों को निर्देश दिए कि लंबित फाइलों को बीडीओ के के साथ बैठकर निस्तारित कराएं। समूह की महिलाओं को करोड़पति दीदी योजना से जोड़ने के लिए प्रचार प्रसार पर जोर दिया। सुबह 10 से 12 बजे तक जनता की शिकायतों को सुनने पर जोर दिया। गोशालाओं में चारागाह की भूमि पर नेपियर घास उगाने के लिए कहा और सीसीटीवी कैमरे भी लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ देवयानी, डीसी मनरेगा हबीब आंसारी, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

सैयद उम्मे कुलसुम
क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट
मिलने का समय
सोमवार–बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक एवं 6 से 8 बजे तक
गुरुवार–शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- पागलपन
- बेवजह शक, भ्रम चिन्ता करना
- शीघ्र पतन, तनाव न आना
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद, मेनिया
- नशे की आदत
- याददाश्त कम होना, डिमेंशिया
- बच्चों में चंचलता
- बिस्तर गीला करना
- नींद न आना, ज्यादा आना
- बार–बार हाथ धोना OCD

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लिनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

# डॉक्टर्स डे पर मेधावियों को किया सम्मानित

## आईएमए की ओर से आयोजित समारोह में 1982 बैच के डॉक्टर्स और मेधा का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, बरेली


समारोह में सम्मानित हुए डॉक्टर्स के साथ एडीजी रमित शर्मा, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल और आईएमए के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** आईएमए की ओर से डॉक्टर्स डे पर मंगलवार को समारोह का आयोजन कर मेधावियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत रत्न डॉ. बिधान चंद्र राय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई।

मुख्य अतिथि एडीजी रमित शर्मा और विशेष अतिथि बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह रहे। इस दौरान आईएमए अध्यक्ष डॉ. आरके सिंह, सचिव डॉ. रतन पाल सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवम कमठान, प्रोग्राम चेयरमैन डॉ. रवीश अग्रवाल, कम्युनिटी चेयरमैन डॉ. विनोद पगरानी, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल ने 1982 बैच के 21 चिकित्सकों और 20 प्रतिभाशाली बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया।

1982 बैच के 21 चिकित्सक में डॉ. विनय कुमार अग्रवाल, डॉ. अनुराग मित्तल, डॉ. राजकुमारी मित्तल, डॉ. मृदुला शर्मा, डॉ. रवीन्द्र कुमार भास्कर, डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. सुरेश कुमार कौशिक, डॉ. दीपा टंडन, डॉ. राजीव रंजन, डॉ. ओम प्रकाश सिंह, डॉ. नमिता अग्रवाल, डॉ. साधना अग्रवाल, डॉ. सत्येन्द्र सिंह, डॉ. कुलदीप गंगवार, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. नीरज कुमार अग्रवाल, डॉ. वागीश वैश्य, डॉ. रेनू बाला अग्रवाल, डॉ. अल्पना अग्रवाल, डॉ. शगुफ्ता यास्मीन एवं डॉ. आनंद भूषण दीक्षित को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम संचालन में डॉ. अमित खन्ना, डॉ शालिनी अरोड़ा, डॉ. आशू सक्सेना, डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. एमडी छाबड़िया, डॉ. मनीष टंडन, डॉ. मीरा वैश्य, डॉ. नवीन सहाय, डॉ. प्रगति अग्रवाल, डॉ. राजीव गुप्ता, डॉ. रतन पाल सिंह, डॉ. रतनजलि, डॉ. रवीश अग्रवाल, डॉ. रेणुका वार्ष्णेय, डॉ. शाहिदा अली एवं डॉ. शालिनी दीक्षित की विशेष भूमिका रही।

### स्कूल में शिविर लगाकर विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया



**बरेली, अमृत विचार :** इनरव्हील क्लब बरेली साउथ की अध्यक्ष प्रीति जिंदल की ओर से नवदुर्गा मंदिर में मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसके बाद डॉक्टर्स डे पर कांति कपूर इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया। कैंप में विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और बच्चों को उपहार में वितरित किए गए। इस अवसर पर प्रीति खनेजो, निधि अग्रवाल, डॉ. कंवल मेहरा, डॉ. नीलू मेहरोत्रा, नीना टंडन, रंजना ठाकुर, बीना खंडेलवाल, कविता अग्रवाल, इंदु सेठी, मनीषा मेहरा, शम्मी खंडेलवाल नूपुर अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### चंद्रलोक इंस्टिट्यूट में धूमधाम से मनाया डॉक्टर्स डे



**बरेली, अमृत विचार :** चंद्रलोक इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य नीमा जे सिंह के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। उन्होंने समाज में चिकित्सकों की भूमिका और योगदान का वर्णन किया। वहीं छात्रों ने रंगोली भी बनाई। अध्यापिकाओं और छात्रों ने कॉलेज चेयरमैन और वरिष्ठ लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. हिमांशु अग्रवाल को सम्मानित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रबंध निदेशिका रेशु अग्रवाल, नेहा गुप्ता, दीपिका ढुबाल, सुधांशु मिश्रा, हिमांशु सक्सेना, शुभम सक्सेना, नीमा कौशल आदि का विशेष योगदान रहा।

### एसआरएमएस में मनाया डॉक्टर्स डे



**बरेली अमृत विचार :** एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा में मंगलवार डॉक्टर्स डे मनाया गया। इसमें एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एमएस बुटोला और पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख रंजीत कुमार चौबे, शाखा प्रमुख अंकित भारद्वाज आदि शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख ने आदित्य मूर्ति और डॉ. एमएस बुटोला को शॉल और पुष्पगुच्छ भेंट कर की। उन्होंने आदित्य मूर्ति को भगवान गणेश की मूर्ति भेंट की। पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय की मार्केटिंग टीम ने सैलरी अकाउंट, होम लोन और अन्य बैंक उत्पादों की जानकारी दी। इस अवसर पर शाखा के स्टाफ संघरतन गौतम, शशांक सिंह राठौड़ आदि उपस्थित रहे।

Lifelines
MEDICAL
OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

ADITYA
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा।
अल्ट्रासाउण्ड द्वारा पर्दे की जांच की सुविधा उपलब्ध।
IOL Master 700 द्वारा लेंस का नंबर
लेजर द्वारा आँख की झिल्ली हटाने की सुविधा उपलब्ध।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
OCT द्वारा काला पानी एवं पर्दे की जांच व उपचार
80000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव

8077344353
समय:– प्रातः 10 बजे से सायं 7 बजे तक (सोमवार से शनिवार)
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री ऑपरेशन की सुविधा
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB, MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाईपास, बरेली

नाक, कान व गला रोग विशेषज्ञ
डा. आरिफ़ हुसैन अन्सारी
M.B.B.S., M.S.
• Ex. Chief Resident-Sir J.J. Hospital Grant Medical College Mumbai

मिलने का समय
(सोमवार से शनिवार)
सुबह : 11 बजे से 3 बजे तक
शाम : 8 बजे से 9 बजे तक
नाक, कान व गला की एन्डोस्कोपी फ्री
सुविधायें
- नाक की टेढ़ी हड्डी को सही करना (Septoplasty)
- गले के बढ़े हुये टॉन्सिल का ऑपरेशन
- कान के फटे हुए पर्दे का ऑपरेशन (Tympanoplasty)
- थायराइड (घेंघा) का इलाज व ऑपरेशन
- दूरबीन द्वारा गले के कैंसर की जाँच व बायोप्सी

पता- बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, मालियों की पुलिया, बरेली
(सेटेलाईट बस अड्डा व शाहमतगंज चौराहे के बीच में)
सम्पर्क करें
94566 58250, 70785 69786


रेलवे कॉलोनी में पौधरोपण करतीं जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल।

# वन महोत्सव के तहत मंदिर में श्रद्धालुओं को दिए पौधे

**बरेली, अमृत विचार:** वन विभाग के 1 से 7 जुलाई तक मनाए जाने वाले वन महोत्सव सप्ताह की शुरुआत मंगलवार से हुई। महोत्सव के दौरान दौरान सीएचसी, पीएचसी और सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों को वन विभाग ग्रीन गोल्ड सर्टिफिकेट, एक पौधा सहजन और एक पौधा इमारती लकड़ी का भेंट स्वरूप देगा।

वन प्रभाग की ओर से मंगलवार को पौध भंडारा सिविल लाइंस स्थित हनुमान मंदिर के बाहर किया गया। कार्यक्रम में डीएफओ दीक्षा भंडारी ने मंदिर में दर्शन करने के लिए आए श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप पौधे भेंट किए। कार्यक्रम में तबिता मनिकन्डन, मेघना खुरानिया पारिक ने भी पौधे बांटे। तुलसी, नीबू, अमरूद, नीम और अनार के पौधों को भेंट स्वरूप दिया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 पौधे वितरित किए गए।

- **रेलवे कॉलोनी, इज्जतनगर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित**

इज्जतनगर रेलवे कॉलोनी में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल और भाजपा नेता अनिल सक्सेना एडवोकेट मौजूद रहे। कार्यक्रम में 400 पौधे लगाकर लोगों को पौधरोपण का संदेश दिया गया। क्षेत्रीय वनाधिकारी वैभव चौधरी, केन्द्रीय विद्यालय रेलवे के बच्चे के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

# प्रोजेक्ट शिक्षा उदय : स्कूल बैग वितरण के साथ की रोटरी नववर्ष की शुरुआत


कार्यक्रम में बैग के साथ स्कूली बच्चे और रोटरी क्लब ऑफ बरेली के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रोटरी अन्तर्राष्ट्रीय नववर्ष की शुरुआत मंगलवार को हुई। रोटरी क्लब ऑफ बरेली ने अपने प्रोजेक्ट शिक्षा उदय के तहत 200 से अधिक छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग और स्टेशनरी सामग्री वितरित की। रोटरी कार्यक्रमों के तहत इस वर्ष 25 हजार से अधिक छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग और स्टेशनरी सामग्री बांटी जानी है। इसकी शुरुआत अर्बन हाट ऑडिटोरियम से हुई जिसमें 15 से अधिक स्कूलों के छात्र-छात्राओं को सामग्री वितरित की गई।

- **200 से अधिक बच्चों को बैग और स्टेशनरी का किया वितरण**

कार्यक्रम की शुरुआत रोटरी क्लब बरेली के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने की। उन्होंने रोटरी क्लब के सात प्रमुख उद्देश्यों में से एक शिक्षा के प्रसार-प्रचार के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जल्द ही परिषदीय के दो विद्यालयों में एस्ट्रोनॉमी लैब और कुछ चुनिंदा बच्चों को इसरो के भ्रमण पर भेजने की भी योजना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सीए राजेन विद्यार्थी ने बताया कि पहले केवल 10 हजार तक बैग वितरण करने की योजना थी जो बाद में 25 हजार वितरण हुई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक राकेश कुमार और जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अजीत कुमार ने रोटरी क्लब के प्रयास सराहना की। डिस्ट्रिक्ट काउन्सलर पूर्व अध्यक्ष डॉ. एके चौहान, भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर किशोर कटरू व रवि प्रकाश अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ बरेली सनराइज के अध्यक्ष मोहित महरोत्रा, सचिव शरद अग्रवाल, रोटरी क्लब ऑफ बरेली हैरिटेज की अध्यक्षा शिल्पी शर्मा, सचिव रेनू प्रिया महाजन, कोषाध्यक्ष डॉ. नीलू मेंहदीरत्ता, रोटरी क्लब ऑफ बरेली सेंट्रल के अध्यक्ष विकास गुप्ता, रोटरी क्लब के असिस्टेन्ट गवर्नर सुधीर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# जन्मदिन पर अखिलेश को सीएम बनाने का लिया संकल्प, रोपे पौधे

कार्यालय संवाददाता, बरेली


प्रेसवार्ता में मौजूद जिलाध्यक्ष शिवचरण कश्यप व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का मंगलवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर फल वितरण किया और पौधे भी रौपे।

पार्टी कार्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन कश्यप ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने 2027 में सपा की सरकार और अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया है। कार्यकर्ताओं के दम पर जीत हासिल करेंगे। उन्होंने विधानसभा चुनाव में जिले की सभी सीटें जीतने का दावा किया है। कहा कि अगड़े, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को साथ लेकर पार्टी निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार विकास के कार्य नहीं करा पा रही है। अखिलेश यादव ने पीडीए के अधिकारों और सम्मान की लड़ाई को नई दिशा दी है। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी ने कहा कि पीडीए की अवधारणा आज सामाजिक न्याय की सबसे मजबूत जमीन है। बहेड़ी विधायक अताउर्रहमान ने कहा कि पीडीए के जननायक अखिलेश यादव अन्याय के खिलाफ इंसाफ की आवाज बनकर उभरे हैं। पूर्व मंत्री भगवत

- **पार्टी कार्यालय पर केक काटकर मनाया जन्मदिन**

शरण गंगवार ने कहा कि युवाओं, किसानों और वंचित वर्गों के बीच विश्वास पैदा हुआ है। पीडीए की ताकत को गांव-गांव तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस दौरान पूर्व सांसद प्रवीण सिंह ऐरन, सुप्रिया ऐरन, पूर्व विधायक पंडित आरके शर्मा व विजयपाल सिंह, रविंद्र यादव, डॉ. अनीस बेग, डॉ. देवेंद्र यादव, शिव प्रताप यादव, दिनेश यादव, अशोक यादव, नदीम अली, ब्रजेश श्रीवास्तव, जमुना प्रसाद मौर्य, विपुल अग्रवाल, शाहिद खां, श्यामवीर यादव आदि मौजूद रहे।

### हवन-पूजन कर मनाया अखिलेश का जन्मदिन



**बरेली, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर मंगलवार को कार्यकर्ताओं ने धोपेश्वरनाथ मंदिर पर उनकी दीर्घायु और खुशहाली के लिए रुद्राभिषेक करते हुए हवन पूजन किया। कार्यकर्ताओं ने 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान सपा प्रवक्ता मयंक शुक्ला, कमल साहू, राहुल यादव, रजत मिश्रा, हरजीत सिंह, परवेज यार खान, मुशाहिद खान, कपिल जेटली आदि लोग मौजूद रहे।

### स्पेशल बच्चों को बैग वितरित किए



**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब 3110 रोटरी गवर्नर के शिक्षा का उदय और रोटरी क्लब 2025–26 की थीम यूनाइट ऑफ गुड के तहत मंगलवार को रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ ने एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें पूजा सेवा संस्थान के विशेष बच्चों को बैग वितरित किए गए। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सोमपाल शर्मा, उपाध्यक्ष अजय सक्सेना और जिला मंत्री अंकित शुक्ला मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि पूजा सेवा संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व रोटरी गवर्नर पीपी सिंह रहे। रोटरी क्लब ऑफ बरेली नॉर्थ के अध्यक्ष जेआर गुप्ता, सचिव सुरेश भाटिया, मालती सिंह, हरी बाबू खंडेलवाल, एनके कोहली, विष्णु इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य शरद कांत मिश्रा, प्रधानाचार्य राखी सागर, अशोक गुप्ता, सीमा गुप्ता, प्रज्ञा सक्सेना, कविता अरोरा, बेबी भारती, नीतू गुप्ता मौजूद रहीं।

### अखिलेश के जन्मदिन पर बांटी ट्राई साइकिल



**बरेली, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर ईसाइयों की पुलिया स्थित मैक्स लाइफ अस्पताल परिसर में शरबत वितरण के साथ पौधरोपण किया और केक काटा। पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल यादव और सपा जिलाध्यक्ष शिवचरन ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम आयोजक डॉ. अनीस बेग की ओर से ट्राई साइकिल भी वितरित की गईं, जिसे पाकर दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी दौड़ गई। महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुल्तानी, राजीव मौर्य, स्मिता यादव, रोहित राजपूत, जैनब फातिमा, गजल अंसारी, पल्लवी सक्सेना, बीना गौतम, शीबा नाज, आदेश गुड्डू, डॉ. हनीफ अंसारी, डॉ. शाकिर अंसारी, डॉ. सईद अंसारी, डॉ. इलियास अहमद, डॉ. सलीम रजा, डॉ. मुस्तफा रजा, डॉ. सगीर अंसारी, डॉ. अखलाक अंसारी, डॉ. शरीफ अंसारी आदि मौजूद रहे।

### सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर बांटे फल

**बरेली, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने मंगलवार को फल बांटे। सपा के विशेष आमंत्रित प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजीव कुमार सक्सेना, जिला महासचिव संजीव यादव, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर प्रमोद सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष हैदर अली ने आर्य समाज अनाथालय में आचार्य के साथ फल वितरित किए।

## सार-संक्षेप

### बच्चों का बैज लगाकर किया स्वागत



**बरेली, अमृत विचार** : आलमपुर जाफराबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय पथरा में बच्चों का बीईओ सतीश कुमार वर्मा ने रोली चंदन का तिलक और बैज लगाकर स्वागत किया। बच्चों से उनके ग्रीष्मकालीन अवकाश के अनुभव साझा किए। विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापक सारिका सक्सेना और अन्य स्टाफ ने विद्यालय की सजावट व साफ सफाई में विशेष योगदान दिया गया। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए वृक्षारोपण, स्कूल चलो अभियान और संचारी रोग संबंधित जागरूकता रैली निकाली गई।

### स्कूल में तिलक लगाकर हुआ स्वागत



**बरेली, अमृत विचार** : उच्च प्राथमिक विद्यालय रहपुरा चौधरी में बच्चों में खासा उत्साह दिखा। शिक्षकों ने छात्रों का स्वागत तिलक अभिषेक कर किया। प्रधान अध्यापक हरीश बाबू शर्मा ने छात्रों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए छुट्टियों के बाद मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### अमरनाथ यात्रा के लिए 25 लोगों का जत्था रवाना



**बरेली, अमृत विचार** : अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से मंगलवार से शुरू हुई अमरनाथ यात्रा के लिए 25 लोगों का पहला जत्था रवाना हुआ। सुधीर भटनागर ने बताया कि जत्था यात्रा के लिए काफी उत्सुक है। पहलगाम हमले के बाद भी श्रद्धालुओं का जोश कम नहीं हुआ है, बल्कि भक्ति भाव और बढ़ गया है। जत्थे में दिनेश गंगवार, अभिनव, शील, राजबहादुर सक्सेना, शरद सक्सेना, राहुल सक्सेना, दीपक सक्सेना, रामप्रकाश, सौरव, आनंदी मिश्रा, राजीव शर्मा, सचिन शर्मा, वैभव सक्सेना, मन प्रकाश, आदर्श, शिवम, कार्तिक, संजीव सक्सेना आदि शामिल हैं।

### अमरनाथ यात्रा के लिए जत्था रवाना

**बरेली, अमृत विचार** : बाबा अमरनाथ के दरबार में चौथी बार दर्शन के लिए भाजपा मंडल अध्यक्ष राजीव कश्यप के नेतृत्व में मंगलवार को जत्था रवाना हुआ। इस मौके पर सांसद छत्रपाल गंगवार, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, अनिल कुमार एडवोकेट, मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर ने श्रद्धालुओं को अमरनाथ के लिए रवाना करते हुए शुभकामनाएं दीं।

### भक्तों ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ



**बरेली, अमृत विचार** : श्री हरि मंदिर में मंगलवार को हनुमान का श्रृंगार किया गया। शाम में महिला मंडल ने सामूहिक सुंदर कांड का पाठ किया। श्री हरि संकीर्तन पुरुष मंडल ने जय हनुमान संत हितकारी, मंगल मूर्ति राम दुलारे, जतिन दुआ ने है दुख, पंकज ने संकट मोचन नाम तिहारो आदि भजन गाए। उसके बाद सभी भक्तों ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर सचिव रवि छाबड़ा, मुख्य पंडित रमेश चंद्र तिवारी, सुनील शास्त्री, अध्यक्ष सुशील अरोरा, अश्विनी ओबेरॉय, संजय आनन्द, गोविंद तनेजा, रंजन कुमार आदि उपस्थित रहे।



गर्मी की छुट्टी के बाद खुले निजी स्कूलों में रौनक दिखी। बच्चे खुशी-खुशी स्कूल पहुंचे। ● अमृत विचार



बिशप कॉनराड स्कूल में छुट्टी के बाद खुशी मनाते बच्चे। ● अमृत विचार



कई बच्चे रोते नजर आए।



शिक्षिका ने किया स्वागत।

# छुट्टियों बाद खुले स्कूल, लौटी रौनक

## नगर क्षेत्र के स्कूलों में खीर खिलाकर हुआ बच्चों का स्वागत, पहले दिन छात्रों की संख्या रही कम

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : गर्मियों की छुट्टियों के बाद खुले परिषदीय विद्यालयों में मंगलवार को पहले दिन रौनक दिखी। कई स्कूलों में शिक्षकों ने आरती कर बच्चों का स्वागत किया। नगर क्षेत्र के स्कूलों में खीर बांटी गई, हालांकि छात्रों की संख्या बेहद कम रही। स्कूलों का संचालन सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक ही किया गया।

बारादरी कंपोजिट विद्यालय में कक्षा 1 से 8 तक 76 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। प्रभारी प्रधानाध्यापिका सलमा ने बताया 76 में 26 बच्चे आए हैं जबकि मौके पर सिर्फ छह बच्चे ही आए। प्राथमिक विद्यालय सूफी टोला में प्रधानाचार्या शालिनी गुप्ता किताबों का रखरखाव कर रहीं थी लेकिन पढ़ाई नहीं हो रही थी। उन्होंने बताया छात्र संख्या 51 में से 22 की उपस्थिति रही, जबकि मौके पर सिर्फ 15 छात्र ही नजर आए। प्राथमिक विद्यालय कालीबाड़ी प्रथम में पंजीकृत 43 छात्रों में से सिर्फ 12 बच्चे ही मौजूद रहे। सभी विद्यालयों में एनजीओ की ओर से खीर का वितरण किया गया।

**छात्रा से लगवाई झाड़ूः** प्राथमिक विद्यालय कालीबाड़ी प्रथम में एक छात्रा झाड़ू लगाती हुई दिखाई दी। स्कूल में फैली गंदगी को समेटने के लिए 15 दिन का समय था लेकिन छात्रा से झाड़ू लगवाई गई। झाड़ू लगा रही छात्रा ने बताया कि सिर्फ उसी से झाड़ू लगवाई जा रही है, जबकि अन्य दो छात्राएं और सहायक अध्यापिका अपनी सीट पर बैठी हैं। शिक्षिका का कहना था कि छात्रा अपने आप ही झाड़ू लगा रही है। उसकी मां को यहां प्राइवेट तौर पर झाड़ू लगाने के लिए बुलाया जाता है। इस मामले में नगर शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद्र जोशी ने बताया कि स्कूलों में बच्चों से साफ सफाई कराकर टीम भावना जागती है, लेकिन इस मामले में शिक्षिका की क्या मंशा रही इस पर पूछताछ की जाएगी।



प्राथमिक विद्यालय सूफी टोला में बच्चों को पढ़ाती शिक्षिका। ● अमृत विचार



कंपोजिट विद्यालय बारादरी में खीर खाते बच्चे। ● अमृत विचार

## चला अभियान, कहीं अनफिट स्कूली वाहनों में तो नहीं ढोए जा रहे बच्चे

**बरेली, अमृत विचार** : स्कूल खुलने के बाद छात्रों की सुरक्षा को ध्यान रखते हुए परिवहन विभाग ने शासन के निर्देशों के तहत स्कूल वाहनों के सुरक्षा मानकों को परखने के लिए मंगलवार से विशेष अभियान शुरू कर दिया है जो 15 जुलाई तक चलाया जाएगा। अभियान के दौरान पहले दिन स्कूलों में पहुंचकर जहां बसों की जांच की गई, वहीं स्कूलों में लगी वैन की जांच पड़ताल की, कहीं अनफिट वाहनों में तो बच्चे नहीं ढोए जा रहे हैं। शहर में चेकिंग के दौरान सात स्कूल वैनों के चालान किए गए।

पहले दिन पीलीभीत रोड, डोहरा रोड और बीसलपुर रोड पर अभियान चलाया गया। इस दौरान जिंगल बेल्स, माधवराव सिंधिया, विद्या वर्ल्ड स्कूल और एसआर इंटरनेशनल स्कूल की वैन और बसों को चेक किया गया। एआरटीओ प्रशासन डा. पीके सरोज ने बताया कि जांच के दौरान अधिकारियों ने स्कूली वाहनों की जांच की और देखा कि वे फिट हैं या नहीं। वाहनों के दस्तावेजों वैध हैं या नहीं। चालक वाहनों के चलाने योग्य हैं या नहीं। जांच में अधिकांश बसों में मानक पूरे थे। मौके पर सभी बसों के कागजात भी दुरुस्त मिले। दस्तावेजों में कमियां मिलने पर कुल 7 वैनों के चालान किए गए। एआरटीओ के मुताबिक पीटीओ विनय मिश्रा ने 26 स्कूल वाहन चेक गए, इनमें 4 के चालान, पीटीओ अजीत प्रताप ने 22 वाहनों की जांच में 3 चालान और रमेश चंद्र ने 7 वाहन चेक किए। चेकिंग में अन्य सभी वाहनों के मानक पूरे मिले। आरटीओ प्रवर्तन प्रणव झा ने बताया कि मंडल स्तर पर अभियान शुरू कर दिया गया है। मानक पूरे न करने वाले स्कूल वाहनों को सीज करने के साथ स्कूल और वाहन संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में सभी एआरटीओ को निर्देश दिए गए हैं।



डोहरा रोड पर एक स्कूल बस की जांच करते पीटीओ।

- **पहले दिन चार स्कूलों के 55 वाहन किए चेक, 7 का चालान**
- **शासन के निर्देश पर 15 जुलाई तक चलाया जाएगा अभियान**

## अंडर 19 फुटबॉल के ट्रायल 4 को

**बरेली, अमृत विचार** : अंडर 19 फुटबॉल की यूपी टीम के लिए बालक वर्ग के ट्रायल मेरठ में सुभारती विश्वविद्यालय में 4 जुलाई को आयोजित किए जाएंगे।

जिला फुटबॉल संघ के सचिव मून रॉबिन्सन ने बताया ट्रायल के लिए खिलाड़ी की उम्र 1 जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2011 के बीच होनी चाहिए। साथ ही सेंट्रल रजिस्ट्रेशन सिस्टम नंबर भी होना चाहिए। इसके अलावा जिला सचिव का अनुमति पत्र, टीडब्ल्यू 3 टेस्टिंग कराने के बाद ही ट्रायल में भाग लिया जा सकेगा। इस ट्रायल के लिए 2009 और 2012 जन्म वर्ष के खिलाड़ी मान्य नहीं हैं।

## रुविवि में बीएससी कृषि और एमएससी बायो इन्फॉर्मेटिक्स में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **संबंधित पाठ्यक्रमों में मेरिट के आधार पर मिलेगा प्रवेश**

**अमृत विचारः** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर स्थित कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संकाय और जीवन विज्ञान संकाय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा।

कृषि संकाय में चार वर्षीय बीएससी ऑनर्स कृषि पाठ्यक्रम की 120 सीटें हैं। इसमें प्रवेश के लिए योग्यता इंटरमीडिएट (कृषि विज्ञान/ पीसीबी/ पीसीएम/ पीसीएमबी ) होना अनिवार्य है। इसका वार्षिक शुल्क 40,000 रुपये है। वहीं एमएससी कृषि एग्रोनॉमी, जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग और हॉर्टिकल्चर के प्रत्येक विषय में 30 सीटें है। इसके लिए वार्षिक शुल्क 50,000 रुपये है।

वही, जीवन विज्ञान संकाय के कंप्यूटेशनल बायोलॉजी एवं बायो इन्फॉर्मेटिक्स विभाग में एमएससी बायो इन्फॉर्मेटिक्स पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इसमें 30 सीटें हैं। इसके लिए योग्यता बीएससी या बीटेक किसी भी विषय में स्नातक होना अनिवार्य है। इसका वार्षिक शुल्क 45,000 रुपये है। मीडिया प्रभारी डॉ. अमित सिंह के अनुसार सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश मेरिट के आधार पर किया जाएगा। आरक्षण की सुविधा राज्य सरकार के नियमानुसार उपलब्ध होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने बताया कि प्रवेश प्रक्रिया को पारदर्शी और ऑनलाइन रखा गया है।

# पहली मेरिट लिस्ट 4 को जारी होगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **बरेली कालेज प्रवेश समिति स्नातक पाठ्यक्रमों की तैयार कर रही मेरिट**
- **प्रवेश के लिए मिलेंगे सिर्फ दो दिन, 5 और 6 को होंगे पहली मेरिट के होंगे प्रवेश**

**अमृत विचारः** बरेली कॉलेज ने स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पहली मेरिट जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। प्रवेश समिति पहली मेरिट 4 जुलाई को जारी कर सकती है। मेरिट में शामिल विद्यार्थियों को दो दिन प्रवेश का मौका दिया जाएगा। मेरिट कॉलेज की वेबसाइट और नोटिस बोर्ड पर जारी की जाएगी। रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने महाविद्यालयों को 15 जुलाई तक प्रवेश सुनिश्चित कर सीट लॉक करने की तिथि तय की है।

प्रवेश समिति की समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि मेरिट लिस्ट के आधार पर 5 और 6 जुलाई को दाखिला प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। विद्यार्थियों को तय तारीख के भीतर दस्तावेज सत्यापन, फीस जमा करने समेत सभी प्रवेश औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।

कॉलेज प्रशासन ने स्पष्ट किया कि 8 जुलाई को दूसरी, 10 से 12 जुलाई के बीच तीसरी मेरिट सूची जारी की जाएगी। प्रवेश समिति के सदस्यों के अनुसार इस बार भी कॉलेज में बीए, बीएससी, बीकॉम समेत विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों में हजारों आवेदन आए हैं। मेरिट के आधार पर ही दाखिला होगा और सीटें भरने तक सूची जारी करने का क्रम चलेगा। कॉलेज प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने कहा कि प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि वे निर्धारित समय सीमा का ध्यान रखें और प्रवेश प्रकोष्ठ से संपर्क करें।

### जमा हुई फीस, अब सीट लॉक होने का इंतजार

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में बीएससी गणित में प्रवेश लेने वाले छात्रों की फीस जमा करने के बाद भी सीट लॉक नहीं हो रही है। अब तक प्रवेश लेने वाले 130 विद्यार्थियों की सीट लॉक नहीं हुई है। इससे विद्यार्थी परेशान हैं, क्योंकि उन्हें आशंका है कि कहीं तकनीकी कारणों की वजह से उनका प्रवेश अटक न जाए। बरेली कॉलेज में बीएससी गणित की 880 सीटें हैं। इसके सापेक्ष अब तक करीब 700 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। पहली मेरिट सूची के बाद से ही विद्यार्थियों ने फीस जमा करना शुरू कर दिया था लेकिन सीट लॉक होने की प्रक्रिया में देरी के चलते छात्रों को न तो कोई पुष्टिकरण संदेश मिला है और न ही पोर्टल पर उनका एडमिशन स्टेट्स स्पष्ट हुआ है। प्रवेश समन्वयक प्रो. वंदना शर्मा ने विद्यार्थियों को सलाह दी जा रही है कि वे घबराएं नहीं और पोर्टल पर नियमित रूप से अपनी स्थिति जांचते रहें।

## भक्त प्रहलाद और ध्रुव की कथा सुनाई

**बरेली, अमृत विचार** : बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में श्री वृंदावन धाम से आए भागवताचार्य सुरेश शास्त्री ने कथा के तीसरे दिन भक्त प्रवर ध्रुव की कथा का व्याख्यान करते हुए कहा कि राजा उत्तानपाद और रानी सुनीति के पुत्र ध्रुव को उनकी सौतेली मां सुरुचि, पिता उत्तानपाद की गोदी में बैठने से मना करती हैं। व्यथित हो कर ध्रुव अपनी मां सुनीति को यह बात बताते हैं तब सुनीति उनको भगवान विष्णु की आराधना करने के लिए प्रेरित करती हैं। बालक ध्रुव घने जंगल में विष्णु की उपासना करते हैं तब प्रसन्न होकर विष्णु उन्हें सदा आकाश की उत्तर दिशा में चमकते रहने का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। इसके बाद भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। प्रताप चंद्र सेठ, संजीव औतार अग्रवाल व सुभाष मेहरा आदि उपस्थित रहे।

## अवंतीबाई महाविद्यालय 5 जुलाई को जारी करेगा मेरिट

**बरेली, अमृत विचारः** वीरांगना अवंतीबाई महाविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक प्रथम वर्ष बीए, बीएससी और बीकॉम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है।

- **कॉलेज प्रशासन के अनुसार 7 जुलाई से शुरू होंगे प्रवेश**

महाविद्यालय की ओर से जारी सूचना के अनुसार जिन छात्राओं ने महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से संचालित समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण करवा लिया है। वे प्रवेश का अगला चरण पूरा करने के लिए महाविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करें।

आवेदन करने के बाद छात्राओं को विश्वविद्यालय और महाविद्यालय पंजीकरण फार्म की हार्डकॉपी सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ 3 जुलाई तक सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक अनिवार्य रूप से महाविद्यालय कार्यालय में जमा करनी होगी। प्रवेश संयोजक डॉ. संध्या सक्सेना के अनुसार निर्धारित तिथि के बाद कोई भी हार्डकॉपी स्वीकार नहीं की जाएगी। दस्तावेजों में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की अंकतालिकाएं, आधार कार्ड, समर्थ पंजीकरण की प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो आदि सम्मिलित करने होंगे।

प्राप्त आवेदनों के आधार पर 5 जुलाई को मेरिट लिस्ट महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 7 जुलाई से औपचारिक प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। प्राचार्या प्रो. संध्या रानी शाक्य ने छात्राओं से आग्रह किया है कि वे समय पर आवेदन प्रक्रिया पूरी करें।

# मुर्गे-मुर्गियों के वेस्ट मटेरियल से बनेगी बॉयोगैस

## जैविक अपशिष्ट के उचित प्रबंधन और स्वच्छ ऊर्जा के रूप में उपयोग को सीएआरआई ने शुरू की पहल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- **जैविक अपशिष्ट में शामिल हैं पक्षियों की बीट, बिछावन का कचरा और फीड के अवशेष**
- **बॉयोगैस उत्पादन करके रसोई और प्रयोगशाला की जरूरतों को पूरा करेगा सीएआरआई**

**अमृत विचार** : इज्जतनगर स्थित केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) ने मुर्गे-मुर्गियों और अन्य पक्षियों के वेस्ट मटेरियल का उपयोग करके बॉयोगैस उत्पादन की योजना बनाई है। संस्थान के वैज्ञानिकों के मुताबिक, इस परियोजना का उद्देश्य संस्थान परिसर में जमा होने वाले जैविक अपशिष्ट का उचित प्रबंधन करना और स्वच्छ ऊर्जा के रूप में उसका उपयोग सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान में करीब 40 हजार से अधिक मुर्गे-मुर्गियां, गिनी फाउल समेत अन्य प्रजातियों के पक्षी उपलब्ध हैं। इनके रखरखाव से हर दिन बड़ी मात्रा में वेस्ट मटेरियल, जैसे पक्षियों की बीट (मल), बिछावन का कचरा और फीड के अवशेष निकलते हैं। फिलहाल यह कचरा या तो खुली जगह में डाला जाता है या खाद के रूप में सीमित स्तर पर इस्तेमाल होता है, लेकिन इससे दुर्गंध और मक्खियों जैसी समस्याएं भी होती हैं।

सीएआरआई के वैज्ञानिकों के अनुसार, अब इसे वैज्ञानिक पद्धति से बायोगैस संयंत्र में प्रोसेस किया जाएगा। बायोगैस संयंत्र में यह कचरा अपघटन (डाइजेशन) प्रक्रिया से गुजरेगा, जिससे मीथेन गैस उत्पन्न होगी। इस गैस का उपयोग रसोई गैस के विकल्प के रूप में संस्थान की कैंटीन या शोध प्रयोगशालाओं में किया जा सकेगा। अपघटन के बाद बचने वाला पदार्थ जैविक खाद के रूप में खेतों में उपयोगी होगा।

संस्थान के निदेशक डा. एके तिवारी ने बताया कि यह पहल 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा' को बढ़ावा देने की दिशा में एक कदम है। इससे न केवल अपशिष्ट प्रबंधन होगा बल्कि ऊर्जा लागत भी घटेगी। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस योजना का मॉडल अगर सफल रहा तो इसे पोल्ट्री फार्मों और गांवों में भी लागू किया जा सकता है, जिससे किसानों को अतिरिक्त आमदनी और स्वच्छ ऊर्जा मिलेगी। सीएआरआई के अनुसार, बायोगैस उत्पादन की प्रक्रिया पर्यावरण के लिए भी लाभकारी होगी। इससे ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कमी आएगी और दुर्गंध जैसी समस्याओं पर भी नियंत्रण होगा। फिलहाल इसके लिए संस्थान में पायलट प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है और जल्द ही इसका निर्माण कार्य शुरू होगा।

## 11 और 12 जुलाई को होंगे प्रैक्टिकल

**बरेली, अमृत विचारः** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की वर्ष की मुख्य परीक्षा में असफल छात्रों की इम्प्रूवमेंट और कंपार्टमेंट के तहत प्रयोगात्मक परीक्षाएं 11 और 12 जुलाई को आयोजित की जाएंगी। परीक्षाएं राजकीय इंटर कॉलेज में होंगी।

माध्यमिक शिक्षा परिषद क्षेत्रीय कार्यालय के सचिव मुन्ने अली ने बताया कि छात्र-छात्राएं अपने पंजीकृत स्कूल के प्रधानाचार्य और डीआईओएस कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

ADMISSION OPEN
For Advertisement Contact :-
7906732664
9897885429
8445507002

MAHARAJA AGRASEN MAHAVIDYALAYA, BAREILLY
Affiliated to MJP Rohilkhand University, Bareilly
MJPRU Registration Free
ADMISSION OPEN
For Session 2025-26
M.Sc. (Physics, Chemistry Mathematics, Botany, Zoology)
B.Ed. P.G.D.C.A. B.Ed. M.Com. M.A.
B.Sc. (Biotechnology) B.Sc. (PCM/ZBC) BCA BBA B.A.
B.Sc. (Home Science) B.Com. B.Com. (Hons.)
Campus : 11th Km. Bareilly-Lucknow Road, Near Transport Nagar, Bareilly
9012937191, 9690002586


रूहेलखण्ड कमिश्नरी का प्रथम विधि विद्यालय
SHRIJI INSTITUTE OF LEGAL Vocational Education & Research
Estd. 2003
(SILVER LAW COLLEGE)
(Approved by BCI & Affiliated to MJPRU)
ADMISSION OPEN 2025-26
DIRECT ADMISSION
LL. B. 3 Yrs. Course After Graduation
B.A. LL.B. 5 Yrs. Course After 12th
College Code : 119
General 45%, OBC 42%, SC/ST 40%
(in Intermediate & Graduation)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :
9837485855, 9411472001
7983811321, 7906220708, 9068232656
Email.: ravibhatnagar.slcbly@gmail.com
Add : Vill. Barkhapur, PO. Mudia Ahamad Nagar,12th Km. Pilibhit Road, Bareilly

JYOTI COLLEGE
of Management Science & Technology
Estd. 2000
NAAC B+ Accredited College
B.Sc. Nursing
M.Sc. Nursing
P.B.B.Sc. Nursing
College Code: 2430244
M.Ed.
B.Ed
G.N.M.
A.N.M.
D.P.T.
D.R. Optometry
D.M.L.T.
D.Pharma
Campus: Mudia Ahmad Nagar, Near Airport Gate, Pilibhit Road, Bareilly
Email: contact@jyoticollege.com | Web: www.jyoticollege.com
Ph.: 9219459111, 6395711513, 9837028420

सोलर फर्टिलिटी क्लिनिक
30 वर्ष कार्यकाल
9000 से अधिक सफलता
महिला या पुरुष दोनों में संतानहीनता या सेक्स दुर्बलता की जांच व इलाज के लिए मिलें।
चिकित्सक



डॉ. वंदना संजीव
(MBBS, MD, MIAP)
Female Fertility and IUI Consultant
महिलाओं में हार्मोन्स विकार, अनियमित माहवारी, PCOS मोटापा, इन्फेक्शन बार बार होने वाले गर्भपात बंद नलियों या अंडों के न बनने जैसे संतानहीनता के समस्त कारणों की जांच व इलाज
जरूरी मामलों में दर्द रहित कृत्रिम गर्भाधान (IUI)



डॉ. संजीव कुमार
(MBBS, MD, MIAP)
Male Fertility and Sperm Biotech Specialist & Male/Female Sex Specialist
पुरुषों में शुक्राणु संबंधी सभी कमियों, निल शुक्राणु आदि की जांच व इलाज।
पुरुषों महिलाओं में सेक्स समस्याओं की वैज्ञानिक जांच व इलाज
निल शुक्राणु वाले लाइलाज मामलों में गर्भधारण हेतु शुक्राणु बैंक व कृतिम गर्भाधान की सुविधा
सम्पर्क
प्रातः 11 से 2 बजे
सायं 6 से 7 बजे
रविवार बन्द
सोलर फर्टिलिटी एवं सेक्स क्लीनिक
साकेत कॉलोनी, 148-सिविल लाइन्स, समीप एक्सिस बैंक व चौकी चौराहा, बरेली
मो. 9927788842
0581-2510177

## घर में घुसकर किशोरी से दुष्कर्म की कोशिश, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र की छात्रा के साथ गांव के ही दो युवक आए दिन कॉलेज जाते समय रास्ते में अश्लील हरकतें करते हैं। आरोपियों ने घर में घुसकर छात्रा से दुष्कर्म की कोशिश की। छात्रा की शिकायत पर थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महिला ने बताया कि उनकी बेटी बीसलपुर रोड स्थित एक इंटर कॉलेज में पढ़ती है। गांव के ही नईम और शहान कॉलेज जाते बेटी का पीछा करते हैं और छेड़छाड़ करते हैं। शिकायत की तो धमकी दी कि उनकी बात नहीं मानी तो झूठी अफवाह फैलाकर बदनाम कर देंगे। आरोपी बेटी को घर के मोबाइल नंबर पर कॉल करके अश्लील बातें करते हैं। मना करने पर आरोपियों ने फोटो एडिट करके सोशल मीडिया पर वायरल करने और थाना पर शिकायत करने पर पिता को जान से मारने की धमकी दी है। 29 जून को आरोपी उनके घर में घुस आए और बेटी से दुष्कर्म की कोशिश की। शोर मचाने पर जब वह और परिजन मौके पर पहुंचे तो आरोपी तमंचा लहराते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# पुराना पुल बंद होने से ग्रामीणों में आक्रोश, हंगामे पर पहुंचे अफसर

## लोक निर्माण विभाग ने दो दिन पहले पुराने जर्जर पुल पर बंद कर दिया आवागमन

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लाई खेड़ा में सिंधैया नाले पर बना संकरा पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद करीब एक किलोमीटर की दूरी पर नया पुल बनाने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। कांवड़ियों और तातियादारों ने विरोध किया कि पुराना पुल सही कराने की बजाय इतनी दूर पर नया पुल बनाने पर आक्रोश जताया है। अफसरों ने पुराने पुल की मरम्मत कराने के बाद खुलवाने का आश्वासन देकर ग्रामीणों को शांत कराया है।

लोनिवि ने दो दिन पूर्व पुराने संकरे पुल पर दीवारें खड़ी कर वाहनों का आवागमन बन्द कर दिया था, जबकि ग्रामीण इस पुल से हल्के वाहनों का आवागमन जारी रखना चाहते हैं। ग्रामीणों ने मंगलवार को पुराना पुल वाला रास्ता खुलवाने को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। इसी बीच किसी ग्रामीण द्वारा कांवड़ का रास्ता बन्द कर दिए जाने की सूचना अधिकारियों को दी। इस पर एसडीएम, सीओ और कोतवाल ने ग्राम में पहुंच कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन काफी समझाने बुझाने के बाद भी ग्रामीण रास्ता खुलवाने की जिद पर ही अड़े रहे। ग्रामीणों का कहना था कि कांवड़ यात्रा के साथ ही ताजिये भी इसी पुल से होकर गुजरते हैं।



ग्रामीणों से वार्ता करते पुलिस-प्रशासन के अधिकारी। ● अमृत विचार

● अफसरों ने जर्जर पुल की मरम्मत के बाद खुलवाने का दिया आश्वासन



इसकी सूचना पर शाम चार बजे एडीएम ई पूर्णिमा सिंह व एसपी उत्तरी मुकेश मिश्रा भी पहुंच गए और दोनों अधिकारियों ने पुल की मरम्मत करा कर रास्ता खुलवाने का आश्वासन देकर ग्रमीणों को शांत कराया।

# चोरी की महंगी गाड़ियां चला रहा था बैंक का रिकवरी एजेंट, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** हाफिजगंज पुलिस ने बिजनौर से चोरी की ब्रेजा कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर घूम रहे बैंक के रिकवरी एजेंट को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से दो गाड़ियां बरामद की हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान मुलापुर थाना हाफिजगंज निवासी मोबीन खान के रूप में हुई।

हाफिजगंज थाना क्षेत्र के रिठौरा चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता पुलिस टीम के साथ सोमवार की देर रात गश्त कर रहे थे। इसी बीच टीम ने सूचना पर नहर किनारे घेराबंदी कर एक सफेद ब्रेजा कार को रोका। चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी मोबीन खान ने अपने दस्तावेजों पर चांदपुर थाना क्षेत्र के सराई गांव, बिजनौर का पता दर्शा रखा था।

पुलिस ने मोबीन की निशानदेही पर खेत से एक और विटारा ब्रेजा कार बरामद की। आरोपी दो गाड़ियां एक ही नंबरप्लेट से चला रहा था, एक बरेली में और दूसरी बिजनौर में। मोबीन ने बताया कि उसने यह फर्जीवाड़ा बिजनौर के नसीम अहमद नामक व्यक्ति के साथ मिलकर किया था।

इनमें से एक गाड़ी को वह बिजनौर में बैंक की रिकवरी टीम के लिए इस्तेमाल करता था, जबकि दूसरी गाड़ी को यहां पर खेत में छिपाकर रखा था।



चोरी की दो गाड़ियों के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

● पुलिस ने आरोपी के पास से दो गाड़ियां की बरामद, न्यायालय में पेश कर भेजा जेल

● दोनों गाड़ियों पर डाल रखे थे एक ही नंबर, फर्जीवाड़े में शामिल साथी की तलाश

### गोरखपुर के युवक की गाड़ी का पड़ा था चेसिस नंबर, जानकर रह गया हैरान

हैरानी की बात यह है कि गाड़ी पर जो चेसिस नंबर था, वह गोरखपुर निवासी अरुण कुमार गुप्ता की गाड़ी से मेल खाता था। जब पुलिस ने अरुण से संपर्क किया तो उन्होंने साफ बताया कि उनकी गाड़ी तो उनके पास सुरक्षित खड़ी है। इससे साफ हो गया कि मोबीन ने फर्जी आरसी और गाड़ी की पहचान छिपाने के लिए किसी और की गाड़ी के दस्तावेजों की नकल की थी। मोबीन के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी व कूटरचित दस्तावेज तैयार करने समेत अन्य गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। साथ ही नसीम अहमद को भी मामले में नामजद किया गया है, उसकी तलाश में बिजनौर में दबिश दी जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोनों गाड़ियों के इंजन और चेसिस नंबरों की फॉरेंसिक जांच कराई जाएगी, ताकि असली मालिक की पहचान की जा सके।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू



अभियान की शुरुआत करते सांसद छत्रपाल गंगवार और विधायक संजीव अग्रवाल।

● सांसद छत्रपाल गंगवार ने सीबीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से की शुरुआत

**बरेली, अमृत विचार:** विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान और डायरिया रोको अभियान की शुरुआत मंगलवार को सांसद छत्रपाल गंगवार ने नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सीबीगंज में फीता काटकर की। इस दौरान सांसद ने कहा कि संचारी रोगों पर नियंत्रण सरकार की प्राथमिकता है। प्रयासों से इसमें कमी भी आई है। अभी और काम करने की आवश्यकता है।

कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने लोगों से अभियान में सहयोग करने की अपील की। अपर निदेशक डॉ. साधना अग्रवाल ने कहा कि यह साल का दूसरा संचारी रोग नियंत्रण अभियान है। लोग अपने घर के आसपास साफ सफाई रखें, पानी इकट्ठा न होने दें और मच्छर न पनपने दें। सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने कहा कि 1 से 31 जुलाई तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण और डायरिया रोको अभियान और 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान में नोडल स्वास्थ्य विभाग के साथ 13 विभाग सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बुखार होने पर स्वयं कोई इलाज न करें बल्कि पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच और इलाज कराएं। संचारी रोग के नोडल एवं जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि दस्तक अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता बुखार, इन्फ्लुएंजा, टीबी के लक्षण वाले रोगियों, कुपोषित बच्चों, खांसी जुकाम, कुष्ठ, काला जार और फाइलेरिया के लक्षण वाले रोगियों की सूची बनाएंगी। जागरूकता रैली, प्रचार-प्रसार और फॉगिंग वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।कार्यक्रम में डिविजनल सर्विलांस अधिकारी डॉ. अखिलेश्वर सिंह, अर्बन नोडल डॉ. अजमेर सिंह, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सीबीगंज डॉ. मधु गुप्ता, जिला मलेरिया अधिकारी सत्येंद्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

# कांग्रेस की 53 सदस्यीय जिला कमेटी का हुआ गठन

**बरेली, अमृत विचार:** कांग्रेस के जिला और महानगर अध्यक्ष की घोषणा होने के बाद अब 53 सदस्यीय कमेटी का भी गठन कर दिया गया है। जिसमें पिछली कमेटी में महासचिव रहे जिया उर रहमान को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने सभी से आशा व्यक्त की कि सभी लोग अपने पद की गरिमा को बनाए रखते हुए कांग्रेस को मजबूती प्रदान करेंगे।

नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष जिया उर रहमान ने बताया कि जिलाध्यक्ष की भेजी गई 53 सदस्यीय जिला कमेटी को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने स्वीकृति प्रदान की है। जिला कमेटी में कमरुद्दीन सैफी को कोषाध्यक्ष, राजन उपाध्याय को जिला प्रवक्ता बनाया गया है। इसके अलावा जिला उपाध्यक्ष में इलियास अंसारी, कृष्णकांत शर्मा, नीतू गौरव, नाहिद सुल्ताना, काजी जुबेर अहमद एडवोकेट, डॉ. चारू मल्होत्रा, सुरेश चंद्र वाल्मीकि, मुजम्मिल रजा एडवोकेट, ब्रह्मानंद शर्मा, डबल सिंह यादव, अयाज खान शामिल हैं। वहीं जिला महासचिव में मुराद बैग, मुकेश वाल्मीकि, चंद्रपाल कश्यप, पाकीजा खान शामिल हैं। जिला सचिव में रामपाल माली, अलाउद्दीन अंसारी, रजनीश शर्मा समेत अन्य लोग हैं। कार्यालय सचिव, श्याम स्वरूप, सोशल मीडिया प्रभारी रफत आलम, कंट्रोल रूम प्रभारी गौतम आनंद को बनाया गया है।

● जिया उर रहमान बने जिला उपाध्यक्ष

# सुनवाई में नहीं हुआ एक भी समस्या का निदान

**बरेली, अमृत विचार :** नगर निगम की संभव जन सुनवाई में मंगलवार को पार्षद राजेश अग्रवाल स्वकर फार्म के प्रकरण को लेकर प्रार्थना पत्र दिए, लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ तो उनको नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य से शिकायत करनी पड़ी। इसके अलावा कई मामलों में फरियादियों को केवल आश्वासन मिला, लेकिन एक भी समस्या का निदान नहीं हो सका।

नगर निगम में मंगलवार को संभव जन सुनवाई आयोजित हुई। अफसर सुबह समय से पहुंचे, लेकिन कुछ निर्धारित समय से पहले उठकर जाने लगे। सपा पार्षद राजेश अग्रवाल मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके द्विवेदी से कहा कि स्वकर फार्म के जांच का अधिकार नहीं है। लोगों का उत्पीड़न किया जा रहा है। लापरवाही इस कदर है कि 15 जून तक नगर निगम ने कोई भी स्वकर फार्म कम्प्यूटर पर नहीं चढ़ाए हैं। समस्या का निदान न होने पर उन्होंने नगर आयुक्त से मिलकर पूरे प्रकरण को बताया।

उधर, समाधान दिवस पर पहुंचे मुंशी नगर के लोगों ने बताया कि छह माह से जलभराव की समस्या के निदान के लिए बार-बार आ रहे हैं, लेकिन निदान नहीं हो रहा है। नवादा शेखान के राजीव सीवर लाइन बिछाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जबकि संजय नगर के अमर कुमार ने जलभराव की समस्या की शिकायत की। इसी तरह पुराना शहर निवासी नजीर अहमद ने सड़क निर्माण को लेकर गुहार लगाई। जन सुनवाई के दौरान संयुक्त नगर आयुक्त मयंक यादव, उप नगर आयुक्त पूजा त्रिपाठी और अधिशासी अभियंता राजीव राठी ने फरियादें सुनीं।



जनसुनवाई में टैक्स की समस्या रखते सपा पार्षद राजेश अग्रवाल। ● अमृत विचार

● पार्षद ने टैक्स को लेकर जताई आपत्ति, निदान न होने पर नगर आयुक्त से मिले

# इमाम हुसैन के बताए रास्ते पर चलना चाहिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** मोहर्रम के माह में शिया समुदाय में अजादारी के साथ मातम और मजलिस का दौर जारी है। शहर के अलग-अलग इमामबाड़ों में महिलाएं भी मजलिस करके इमाम हुसैन को याद कर रही हैं।

ऑल इंडिया गुलदस्ता ए हैदरी के मीडिया प्रभारी शानू काजमी ने बताया कि मंगलवार को पांचवें मोहर्रम पर पुराना शहर के इमामबाड़ा आबिद जैदी बुखारपुरा में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना गजनफर सेंथली ने कहा कि कर्बला में हजरत इमाम हुसैन सहित कर्बला के 72 शहीदों की शहादत बयां की। उन्होंने कहा कि कर्बला में इमाम हुसैन की शहादत हक की राह में थी। कर्बला हमें सही गलत का फर्क सिखाती है। उन्होंने कहा कि हमको इमाम हुसैन के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। पुराना शहर मीरा की पैठ में स्थित इमामबाड़ा मुजफ्फर हुसैन में सय्यद कमर अब्बास और ब्रादरान की ओर से चल रहे अशरे में मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना अरशद हुसैन नवाबगंज ने कर्बला वालों के किरदार पर रोशनी डाली और शहादत बयां की। इसके अलावा शहर के अन्य इलाकों में भी मंगलवार को मजलिस का दौर जारी रहा। मंगलवार को दिन की पहली मजलिस इमामबाड़ा मुहम्मद शाह गढ़ैया में सुबह 9 बजे शुरू हुई। उसके बाद हकीम आगा साहब गढ़ैया, इमामबाड़ा वसी हैदर गढ़ैया, इमामबाड़ा छिद्धि मुहम्मद कंघीटोला, इमामबाड़ा महबूब हुसैन कंघीटोला, दीवानखाना छीपीटोला, कबीर हसन छीपीटोला में मजलिस और मातम हुआ।



इमामबाड़ा आबिद जैदी बुखारपुरा में मजलिस करते मौलाना गजनफर सेंथली।

● मौलाना गजनफर ने कहा कि इमाम हुसैन की शहादत हक की राह में थी

# जिले के 590 शिक्षकों को मिला मनचाहा स्थानांतरण

**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में जिले के लगभग 1141 शिक्षकों को अधिशेष (सरप्लस) घोषित किया गया है। इसके बाद इन शिक्षकों के समायोजन के लिए अंतः जनपदीय स्थानांतरण को आवेदन मांगे गए थे। इनमें से 975 शिक्षकों ने आवेदन किए गए थे। सोमवार देर रात 590 शिक्षकों को उनके मनचाहे स्कूल आवंटित कर दिए गए, जबकि 14 शिक्षकों के आवेदन शासन स्तर से अस्वीकृत किए गए। वहीं शेष शिक्षकों का शासन स्तर से क्या फैसला होगा, इस पर अभी संशय बना हुआ है। जिन शिक्षकों का नाम स्थानांतरण सूची में है उन्हें बीएसए संजय सिंह ने कार्य मुक्त और कार्यभार ग्रहण करने के आदेश दिए हैं।

● अंत: जनपदीय स्थानांतरण के लिए 975 शिक्षकों ने किया था आवेदन 14 के आवेदन अस्वीकृत

### चार तरह के स्थानांतरण

अंतर जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण में सबसे पहले 265 आवेदनों में से 74 आवेदन स्वीकृत हुए जिसमें से 73 शिक्षकों ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। वहीं अंत : जनपदीय पारस्परिक स्थानांतरण में 767 आवेदन में से 84 आवेदन स्वीकृत हुए थे। इसके बाद शासन स्तर से सीधे अंतर जनपदीय आवेदन मांगे गए, जिसमें जिले के 80 शिक्षकों ने आवेदन किया, जिसमें से 27 के आवेदन स्वीकृत हुए। अब तक सात शिक्षकों की ज्वाइनिंग बाकी है। शासन स्तर से अंत : जनपदीय ट्रांसफर में 590 लोगों को अपने मन का स्कूल मिला है।

## सार-संक्षेप

### जुगाड़ के गोलपोस्ट पर खिलाड़ी कर रहे हॉकी का अभ्यास



**बरेली, अमृत विचार** : स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी ग्राउंड के दो गोल पोस्ट बारिश की वजह से चार दिनों से टूटे हुए हैं। खिलाड़ी बार-बार इसे बांध कर खड़ा कर अभ्यास करते हैं लेकिन हल्की बारिश में फिर टूटकर गिर जाता है। खिलाड़ियों का कहना है पिछले वर्ष केवल जाल बदला गया, लेकिन इसकी मरम्मत नहीं हुई। इस गोलपोस्ट का सांचा करीब पांच साल से भी अधिक पुराना हो चुका है। जिससे जंक लगकर इसके जोड़ खुलने से ये टूट गया है। ग्राउंड पर अभ्यास करने के लिए स्टेडियम और साई केंद्र के बच्चे आते हैं हैं। गोलपोस्ट टूटने के बाद एक तरफ का ही अभ्यास कर रहे हैं। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि अब तक मेरे सामने गोलपोस्ट की समस्या नहीं आई है, यदि आती है तो इसका निस्तारण किया जाएगा।

### कथावाचक और मौलाना पैसे लेकर कर रहे धर्म का प्रचार

**बरेली, अमृत विचार** : ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने पहली बार सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग धर्म के नाम पर धंधा कर रहे हैं। मोटी रकम लेकर कार्यक्रम में आते हैं। ऐसे कथावाचकों, मौलवियों और शायरों का बहिष्कार करना चाहिए। इटावा की घटना को लेकर मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने हिंदू कथावाचकों को तो आड़े हाथों लिया ही, साथ ही मौलवी वक्ताओं और शायरों पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग धर्म और कला की आड़ में अपना हित साधने में लगे हुए हैं। मौलाना ने कहा कि हालात ये हैं कि गरीब आदमी के लिए किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कराना बेहद मुश्किल और महंगा काम हो गया है। हिंदू कार्यक्रम में कथावाचकों को बुलाया जाता है, बिल्कुल इसी तरह मुसलमानों के कार्यक्रम में तकरीर करने के लिए मौलवी को बुलाया जाता है। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए मुशायरे आयोजित किए जाते हैं। ये लोग आयोजकों से पहले अपना पैसा तय करते हैं फिर उसके बाद समय देते हैं। कार्यक्रम में पहुंचने से पहले खाते में पैसा डलवाते हैं। फिर कहीं जाकर कार्यक्रम में पहुंचते हैं। आलम ये है कि इन लोगों ने निजी सचिव रखे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोग धर्म के नाम पर दुनियादारी कर रहे हैं। धर्म के प्रचार-प्रसार और सेवा के दावे खोखले हैं। मौलाना ने हिंदू और मुस्लिम जनता से अपील करते हुए कहा कि ऐसे कथावाचकों, मौलवियों और शायरों को अपने कार्यक्रमों में न बुलाएं। इनका बायकॉट किया जाना चाहिए।

### पर्यावरण संरक्षण के साथ मनाया चिकित्सक दिवस

**बरेली, अमृत विचार** : राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर मंगलवार को फरीदपुर के जेड गांव में होम्योपैथिक डॉक्टर कमेटी की ओर से चिकित्सक दिवस मनाया गया। डॉ. पुनीत सरपाल ने बताया कि राष्ट्रीय चिकित्सा दिवस 1991 में पहली बार मनाया गया था। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए डॉ. प्रियम सरपाल ने सभी चिकित्सकों और रोगियों पौधे वितरित किए। डॉ. सरपाल, डॉ. प्रवीण गुप्ता, डॉ. राकेश शर्मा, डॉ. अमित डेविस, डॉ. रितेश अग्रवाल, डॉ. सुधांशु आर्य, डॉ. रस्तोगी, डॉ. समर्थ, अनूप अग्रवाल, अमित मौजूद रहे।

### शहीद पंकज अरोड़ा पार्क में लगा राष्ट्रीय ध्वज

**बरेली, अमृत विचार** : राजेंद्र नगर के ए-ब्लॉक में शहीद पंकज अरोड़ा पार्क में 102 फुट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगवाने के लिए सोमवार को पार्षद सतीश कातिब मम्मा ने मेयर डॉ. उमेश गौतम को पत्र दिया था। इस पर मंगलवार शाम राष्ट्रीय ध्वज लगा दिया गया है।

### नवविवाहिता की मौत मामले में दहेज हत्या की रिपोर्ट

**सीबीगंज, अमृत विचार** : तीन दिन पूर्व हुई विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति, जेठ और देवर समेत ससुराल पक्ष के चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सीबीगंज थाना क्षेत्र के गांव सनइया रानी मेवा कुंवर में बीते शुक्रवार को विवाहिता लक्ष्मी (24) पत्नी जितेंद्र कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। सूचना पर मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद से मृतका के ससुराल वाले घर से फरार हो गए थे। मृतका के पिता श्रीकृष्ण निवासी कला इज्जतनगर ने बेटी के ससुराल वालों पर गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया था। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को पति जितेंद्र कुमार यादव, जेठ मानसिंह, देवर सुरेश कुमार, जेठानी मजली के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### जमीन पर कब्जे की कोशिश, भाई को पीटा

**बरेली, अमृत विचार** : सुभाषनगर क्षेत्र में जमीन पर कब्जे की कोशिश में एक भाई ने भाई पर हमला कर दिया। भाई ने सुभाषनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अब्दुल्ला बिल्डिंग निवासी वेदराम के मुताबिक वह तीन भाई हैं। सन 2014 में पैतृक कृषि भूमि का बंटवारा भाइयों के बीच हो गया था, लेकिन भाई अर्जुन उनकी जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। विरोध करने पर अर्जुन और उसकी पत्नी नीलम ने मारपीट की।

### सौहार्द की मिसाल है इमामबाड़ा चुम्मन बी

**बरेली, अमृत विचार** : सुभाषनगर की पुरवा बब्बन खां बस्ती में मोहर्रम के मौके पर 158 साल पुराना चुम्मन बी का इमामबाड़ा मंगलवार को सजाया गया। अकीदतमंदों ने अलम की जियारत करके इमामबाड़े में जिक्र-ए-हुसैन की महफिल सजाई। इमामबाड़े के मुतवल्ली आसिफ खान ने बताया कि पुश्तैनी इमामबाड़ा चुम्मन बी सौहार्द की मिसाल है। सभी मजहबों के लोग हाजिरी देते हैं। फरजाना रऊफ खान ने बताया कि हर साल परंपरा और रीति रिवाज के मुताबिक 5 मोहर्रम को इमामबाड़ा चुम्मन बी सजाया जाता है। मंगलवार को सजाई गई महफिल में आए लोगों को शर्बत बांटा गया। सपा नेता इंजीनियर अनीस अहमद खां, शुभलेश यादव, तनवीर उल इस्लाम, ई. मोहम्मद अकरम, हाजी शोएब खान, कदीर अहमद, दानिश खान, बरेली हज सेवा समिति के पम्मी खां वारसी, हाजी यासीन कुरैशी आदि ने इमामबाड़ा पर हाजिरी देकर देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी।

### विद्यालयों के विलय के विरोध में पछास ने दिया ज्ञापन



**बरेली, अमृत विचार :** बेसिक के 27 हजार स्कूलों को विलय करने के विरोध में मंगलवार को परिवर्तनकामी छात्र संगठन (पछास) ने कलेक्ट्रेट गेट पर सभा की और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। पछास की बरेली कॉलेज इकाई की संयोजक दिशा ने कहा कि सरकारी विद्यालयों के विलय के पीछे योगी सरकार की असली मंशा शिक्षा जैसी बुनियादी जिम्मेदारी से भी धीरे-धीरे हाथ पीछे खींचना है। इससे गरीब और वंचित तबके के छात्र- छात्राएं शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। यह बच्चों के भविष्य को धूमिल करने का निर्णय और शिक्षा के मौलिक अधिकार का भी उल्लंघन है। पछास इस फैसले के खिलाफ अपनी क्षमताभर संघर्ष करेगा। सचिव कैलाश ने कहा कि योगी सरकार का यह कदम शिक्षा और युवाओं, दोनों पर हमला है। स्कूलों के बंद होने से लाखों शिक्षकों के रोजगार पर भी असर पड़ेगा। ज्ञापन में विलय के आदेश को रद्द करने, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को वापस लेने, शिक्षा के निजीकरण पर रोक लगाकर सभी नागरिकों के लिए निशुल्क और एक समान तार्किक- वैज्ञानिक शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई। साक्षी, वैष्णवी, हर्षिता, रजत, मोहित, रामसेवक, बालकराम आदि मौजूद रहे।

### विलय के विरोध की मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे बात

**बरेली, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद्र के निर्देश पर सभी जिला इकाइयों में विरोध जारी रहेगा। 3 से 4 जुलाई तक शिक्षकों, अभिभावकों, ग्राम प्रधानों और रसोइयों की ओर से क्षेत्रीय विधायकों और सांसदों को ज्ञापन दिया जाएगा। जिसका मुख्य विषय शिक्षकों को सरप्लस घोषित कर प्रधानाचार्यों के पद में कटौती करना और स्कूल विलय की तेजी से चल रही प्रक्रिया में बच्चों की शिक्षण संस्थान से दूरी और रसोइयों को बेरोजगार बनाने के विरोध में ज्ञापन दिया जाएगा। 6 जुलाई को सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान चलेगा। वहीं 8 जुलाई को बीएसए कार्यालय में मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जाएगा।

### महिला को खिलाया जहरीला पदार्थ

**सीबीगंज, अमृत विचार** : पंचायत में हुए समझौते के बावजूद भी एक महिला की उसके ससुराल वालों ने पहले जमकर पिटाई की फिर उसे जहरीला पदार्थ खिला दिया। महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। उसके मायके वालों ने पति, देवर बहनोई समेत चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। दहेज की मांग पूरी न करने पर नईम बी को प्रताड़ित कर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया था। जिसका कोर्ट में दहेज उत्पीड़न का मुकद्दमा चल रहा है। कुछ समय पहले दोनों पक्षों के पंचायत हुई जिसमें समझौता हो गया। इसके बाद महिला अपनी ससुराल तिलियापुर आ गई। सोमवार रात में विवाहिता को पहले उसके पति इसहाक, देवर वसीम, नदीम, बहनोई ने बुरी तरह मारा पीटा फिर जहरीला पदार्थ खिला दिया।

# खाद-बीज की दुकान बंद कर भागे विक्रेता, चार लाइसेंस किए निलंबित

## शीशगढ़ में जिला कृषि अधिकारी ने आठ दुकानों का किया निरीक्षण, उर्वरक के नमूने लिए

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** खाद-बीज की दुकानों में खामियों की पड़ताल के लिए मंगलवार को जिला कृषि अधिकारी ऋतुषा तिवारी टीम के साथ शीशगढ़ पहुंचीं।

इस बीच भनक लगते ही चार विक्रेता दुकान का शटर गिराकर गायब हो गए। एक विक्रेता रोकने पर भी नहीं रुका। इस पर चार विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए। वहीं आठ दुकानों पर छापेमारी कर उर्वरक के दो नमूने लिए गए। इनको जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि शीशगढ़, मानपुर, आनंदपुर और दुनका के उर्वरक बिक्री केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया तो कुछ दुकानदार शटर गिराकर भाग गए। गांव आनंदपुर के गंगवार कृषि रक्षा केंद्र, दुनका के गंगवार कृषि खाद भंडार, मानपुर के मौर्य खाद- बीज भंडार और मौर्य बीज भंडार का लाइसेंस निलंबित करते हुए उनकी बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई।



मानपुर में दुकान का निरीक्षण करतीं जिला कृषि अधिकारी। ● अमृत विचार

### कीटनाशक के बिल जरूर लें किसान

प्रभारी जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि कीटनाशी रसायनों की खरीदारी पंजीकृत दुकानदारों से ही करें। अधिकतम मूल्य से ज्यादा मूल्य न दें तथा बिल भी जरूर लें।

इसके अलावा मानपुर में विकास फर्टिलाइजर और शीशगढ़ में आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र के निरीक्षण किया गया। स्टाक वितरण ठीक मिला। दोनों ही दुकानों से उर्वरक के दो-दो नमूने लिए गए। उन्होंने बताया कि आठ दुकानों पर छापेमारी में खाद व बीज के संदेह के आधार पर दो नमूने लिए गए।

शटर गिराकर भागने वाले चार दुकानदारों के लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। उनको नोटिस भी जारी किया गया है। कहा कि खाद व बीज विक्रेता किसी भी तरीके की ओवररेटिंग या टैगिंग न करें। शिकायत मिलने पर संबंधित दुकानदार का न सिर्फ लाइसेंस निलंबित किया जाएगा, बल्कि उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की भी कार्रवाई की जाएगी।

# पांचवीं की छात्रा से छेड़खानी, रिपोर्ट दर्ज

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** एक युवक पांचवीं की छात्रा को बहाने से घर ले गया। वहां उसने छात्रा के साथ छेड़खानी की। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

थाना क्षेत्र की एक गांव की 10 वर्षीय बालिका कक्षा पांच में पढ़ती है। वह मंगलवार को स्कूल में इंटरवेल के समय परिसर में खेल रही थी। तभी गांव का ही युवक वहां पहुंचा। वह जामुन खिलाने के बहाने छात्रा को अपने घर ले गया। छात्रा के कपड़े उतारकर उसके साथ छेड़खानी करने लगा। छात्रा किसी तरह वहां से भागकर घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

# पंतनगर में मिला बहेड़ी के लापता युवक का शव, हत्या की आशंका

संवाददाता, बहेड़ी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड के पंतनगर में बहेड़ी के लापता युवक का शव बरामद हुआ है। युवक के परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

गांव बिहारीपुर निवासी लक्ष्य कुमार (29) पुत्र सुखवीर सिंह 28 जून को बाइक से उत्तराखंड के किच्छा किसी काम से गए थे, लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटे। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। इस पर परिजनों ने 30 जून को कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। पंतनगर थाना प्रभारी सुंदरम शर्मा के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 10 बजे पंतनगर यूनिवर्सिटी के फार्म के अंदर पाके नाले के पास लक्ष्य शव पड़ा मिला। पुलिस का अनुमान है कि बारिश के कारण रोड पर कीचड़ की वजह से बाइक फिसल गई होगी। हादसे में घायल होने पर उनकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक लक्ष्य के पास से नशे के इंजेक्शन और सीरिंज मिली है। सूचना पर परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए।

# चोरी की चार बाइक बरामद आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर कला, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की चार बाइक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पास से तमंचा बरामद हुआ है।

सूचना पर अलीगंज थाने के उप निरीक्षक मनोज कुमार, मुकेश कुमार आदि ने केनी मढ़ी के पास महोबा जाने वाले रास्ते पर नमन निवासी ग्राम महोबा थाना अलीगंज को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद हुई। नमन की निशानदेही पर अजय उर्फ राजू पुत्र सुभाष निवासी बाजपुर थाना अलीगंज के पास से तीन चोरी की बाइक बरामद हुईं। आरोपी को रौतापुर झाला से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अजय के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है।

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
- BBA (Finance & Taxation)
- B.Com (Hons.)
- BCA (IT & Multimedia/AI & Machine Learning)
PG Programs
- MBA (Finance & Taxation/Healthcare Management/Sales & Marketing/HR/IT/Business Analytics)
- M. Com.
- MCA
- MHA
- MPH
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
- BA (Journalism/Mass Communication)
- BA (Hons.) in English
- BA (Hons.) in Political Science
- BA (Hons.) in Sociology
- BA (Hons.) in Economics
- BA (Hons.) in Psychology
- B. Lib.
PG Programs
- MA (Journalism/Mass Communication/Public Relations/Electronic Media/Advertising)
- MA (English/Political Science/Sociology/Economics/Hindi)
- MA (Translation Studies)
- MA (Applied & Clinical Psychology)
- M.Lib.
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

# बिजली बिल जमा करने के नाम पर 5.64 लाख ठगे

- ग्रामीणों ने संविदा कर्मी पर लगाया आरोप, दी तहरीर
- आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** एक गांव के ग्रामीणों ने संविदा कर्मी पर बिजली बिल जमा करने के नाम पर 5.64 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। विभाग से बकाया का नोटिस जारी होने पर ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। मामले में तहरीर दी गई है।

गांव पीपलसाना चौधरी निवासी उपभोक्ताओं के अनुसार मीटर से रीडिंग निकालने वाले संविदा कर्मी को बिजली बिल जमा करने के नाम पर अलग-अलग तिथि में कुल 5.64 लाख रुपये दिए गए। आरोप है कि संविदा कर्मी ने बिल जमा करने की बजाय हजम कर लिए। जब विभाग ने उपभोक्ताओं के पास नोटिस भेजे और कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू की। तब लोगों को इसकी जानकारी हुई। प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं, जेई अजय कुमार ने बताया कि वह आरोपी नहीं जानते हैं। सुना था कि संबंधित व्यक्ति मीटर से रीडिंग लेने का काम करता है।

# चकबंदी में धांधली का आरोप, प्रदर्शन

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** गांव रहपुरा जागीर में चल रही चकबंदी में धांधली का आरोप लगाते हुए किसानों ने मंगलवार को धरना देकर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंचे बंदोबस्त अधिकारी ने किसानों को समझाया और उनकी समस्याओं का निदान करने का भरोसा दिया। तब किसान शांत हुए।

गांव रहपुरा जागीर में एक माह से चकबंदी को लेकर पैमाइश का कार्य चल रहा है। चकबंदी कानूनगो लेखपाल की तीन टीमें इस कार्य में जुटी हैं। किसान टीमों पर पक्षपात और धांधली करने का आरोप लगा रहे हैं। किसान तीरथ राम ने बताया कि पानी निकासी के लिए पिछले नक्शे में मौजूद गूल की जगह बरेली के एक किसान का चक बना दिया गया। जिससे पानी निकासी बंद होने से क्षेत्र में जल भराव हो रहा है। वहीं, एक जनप्रतिनिधि के करीबी का नियम विरुद्ध तरीके से चक बना दिया गया है। आरोप है कि छोटे काश्तकारों की काले रोड पर महंगी और मूल जमीन पर उड़ान चक बनाकर उनकी जमीन खत्म कर दी गई है। कुछ काश्तकारों का फ्रंट कम करके पड़ोसी को दे दिया गया है। सूचना पर पहुंचे एसओसी ने काश्तकारों की समस्याएं सुनकर उनका जल्द निस्तारण कराने की बात कही।



किसानों से वार्ता करते बंदोबस्त अधिकारी। ● अमृत विचार

- बंदोबस्त अधिकारी ने किसानों को समस्या दूर करने दिया आश्वासन

## सार-संक्षेप

### उपनिरक्षक और सिपाही लाइनहाजिर

**नवाबगंज, अमृत विचार :** एसएसपी अनुराग आर्य ने थाने में तैनात उपनिरक्षक रत्नेश और सिपाही कमल कांत को लाइन हाजिर कर दिया है। दरअसल, गांव गंगापुर में कुछ दिन पहले खुराफातियों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ती खंडित कर दी थी। इस पर लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया था।

### आधा किलो अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार

**आंवला, अमृत विचार :** पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों को आधा किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो व्यक्तियों से छीने गए दो मोबाइलों में एक बरामद हुआ है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में उन्होंने अपने नाम दिनेश पाल वर्मा पुत्र तेजपाल निवासी ग्राम मकरन्दपुर धाराजीत थाना भमोरा, संजीव कुमार पुत्र जागन सिंह निवासी ग्राम आलमपुर कोट थाना सिरौली बताया है। पुलिस के अनुसार दिनेश पाल वर्मा के खिलाफ तीन और संजीव कुमार के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने बाइक सीज कर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया।

### बिना अनुमति के आंबेडकर की मूर्ति लगाने का आरोप

**भोजीपुर, अमृत विचार :** एक गांव में बिना अनुमति के ग्राम समाज की भूमि पर डॉ. भीमराव आंबेडकर की मूर्ति रातोंरात बनाकर लगा दी गई। शिकायत पर गांव पहुंची पुलिस ने जांच की। गांव खतोला हुलास कुंवर में दलित समाज के लोगों ने आबादी के पास ही पहले चबूतरा बनाया। सोमवार रात मूर्ति तैयार कर चबूतरे पर लगा दी गई। मंगलवार को ग्रामीणों ने इसकी गोपनीय सूचना थाना पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक प्रवीन सोलंकी ने मौका मुआयना किया। फिलहाल, गांव में मूर्ति के पास पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है, जो तथ्य सामने आएंगे, उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### नवागत एसडीएम विदुषी सिंह ने संभाला कार्यभार

**आंवला, अमृत विचार :** एसडीएम एन राम के स्थानांतरण के बाद डीएम अविनाश सिंह ने आंवला तहसील की जिम्मेदारी अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम विदुषी सिंह को सौंपी है। मंगलवार दोपहर नवागत एसडीएम ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। एसडीएम ने कहा कि पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाना, राजस्व संबंधी कार्य और जन शिकायतों का गुणवत्ता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। आगामी पर्व शांतिपूर्वक सम्पन्न कराना पहली प्राथमिकता रहेगी।

### हिरासत में लेने के पांच दिन बाद युवक को छोड़ा

**भमोरा, अमृत विचार :** गांव बमियाना निवासी एक युवक का बंदूक और गले में कारतूस की पेटी डाले फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कुछ हिंदूवादी संगठनों ने मामले की शिकायत पुलिस अफसरों से की थी। थाना पुलिस ने दबिश दी, मगर आरोपी हाथ नहीं आया। इस पर पुलिस आरोपी के बहनोई को पूछताछ के लिए उठा लाई। इसके बाद आरोपी खुद थाना आ गया। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि ठेकेदार की बंदूक व पेटी के साथ उसने फोटो खींचवाया था। 22 जून को भाई की बरात वाले दिन यह फोटो उसने वाट्सएप की डीपी पर लगाया था। बताते हैं कि पुलिस ने मंगवार को युवक को उसके पिता के सुपुर्दगी में दे दिया।

### जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन

**भमोरा, अमृत विचार :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भमोरा पर बिथरी विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप व पूर्व ब्लाक प्रमुख वेद प्रकाश यादव ने मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक नीरज सक्सेना, फार्मासिस्ट दौलत चौहान, उबैद, मीना कुमारी बीसीपीएम, डॉ. मनोज गुप्ता, सचिन चौहान, दामोदर कश्यप, वीरेंद्र साहू मौजूद रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत निकाली रैली

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** सीएचसी मझगवां पर ब्लॉक प्रमुख यशवंत सिंह ने मंगलवार को संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान 31 जुलाई तक चलेगा। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ सुशील कुमार गुप्ता, एडीओ पंचायत अभय आर्य, हेमलता, रिफाकत अली, मृदुल वाजपेई के अलावा समस्त एएनम मौजूद रहीं।

### ट्रांसफार्मर फुंकने से छाया बिजली संकट

**भुता, अमृत विचार :** गांव केसरपुर में सोमवार को ट्रांसफार्मर फुंकने से ग्रामीणों को बिजली संकट का सामना करना पड़ा। पूरी रात लोग अंधेरे में रहे। अवर अभियंता सोम प्रकाश के अनुसार ओवरलोडिंग की वजह से ट्रांसफार्मर फुंका है। जल्द दूसरा ट्रांसफार्मर लगवाने का प्रयास किया जाएगा।

### केक काटकर अखिलेश का जन्मदिन मनाया

**मीरगंज, अमृत विचार :** सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन कार्यालय पर केक काटकर मनाया। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव महिला सभा साधना सिंह लोधी ने दो दर्जन से अधिक महिलाओं को साड़ियां वितरित कीं। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुरेश गंगवार, जाहिद हुसैन उर्फ हाजी गुड्डू, जिला उपाध्यक्ष मनोहर सिंह पटेल ने विचार रखे।

# ग्रीन स्टार्स मोहनपुर बनी चैंपियन

**कैंट, अमृत विचार :** क्रिकेट मोहनपुर प्रीमियर लीग का फाइनल ग्रीन स्टार्स मोहनपुर और सेठ क्रिकेट क्लब ठिरिया के बीच हुआ, जिसमें ग्रीन स्टार्स ने मैच जीत लिया।

मोहनपुर स्थित ग्राउंड में फाइनल मुकाबाला हुआ। शानदार गेंदबाजी के लिए देवांश मेहरा को 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित किया गया। पैगाम इमाम हुसैन सामाजिक संस्था के संस्थापक हकीम आहिद हुसैन, संजीव सक्सेना ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। डॉ अख्तर आफाक खान, आसिफ शेख, इमरान अजहरी, असलम शेख, सेठ शाहनवाज, राशिद मंसूरी, बब्बू खान, सालिम खान, हसीन, अजीम, इकराम हुसैन आदि मौजूद रहे।

# परशुराम धाम में भोग प्रसादी के बाद सहभोज

**कैंट, अमृत विचार :** दूरदर्शन केंद्र के सामने भगवान परशुराम धाम मंदिर में मंगलवार को हनुमान जी का भोग प्रसादी का 11 वां सहभोज आयोजित किया गया। आयोजन में रामेंद्र मिश्रा, रंजीत प्रजापति, राजबाला शर्मा, मुनेन्द्र, अनीता शर्मा आदि का सहयोग रहा।

ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि अन्न दान सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ट्रस्टी प्रमोद उपाध्याय, गिरीश चन्द्र शर्मा, प्यारे लाल शर्मा, गजेन्द्र पांडेय, राम कुमार मिश्रा, राजन, राजीव उपाध्याय आदि ने प्रसाद का वितरण किया।

# हजरत बाबा फरीद का कुल मनाया

**बरेली, अमृत विचार:** परसौना स्थित वक्फ दरगाह सय्यद गौहर अली अलमारुफ भीटा शाह बाबा पर मंगलवार को दरगाह प्रमुख शाह मोहम्मद वसीम मियां चिश्ती साबरी की सरपरस्ती में बाबा फरीदुदीन मसऊद गंजे शहर के 783 वें कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें नातो मनकबत का नजराना पेश किया गया। जिसमें इमाम हुसैन और बाबा फरीद की शान बयान की गई। कमेटी के सचिव मोहम्मद रिजवान साबरी, नदीम साबरी, तारिस साबरी, शाहिद बेग, फहीम साबरी, नसरत साबरी, खालिद साबरी आदि मौजूद रहे।

# गोरा रामगंगा पुल के एप्रोच रोड की मरम्मत शुरू



एप्रोच रोड के मरम्मत कार्य में जुटे श्रमिक। ● अमृत विचार

**मीरगंज, अमृत विचार :** गोरा रामगंगा पुल के एप्रोच रोड की मरम्मत शुरू हो गई है। दरअसल बारिश की वजह से एप्रोच रोड कट गई थी।

सड़क में गहरे गड्ढे हो गए थे। इससे राहगीरों और ग्रामीणों को दिक्कत हो रही है। मंगलवार को लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता कुलदीप शाक्य ने एप्रोच रोड और गड्ढों की मरम्मत कराई। एई पंकज वर्मा ने बताया कि इस सड़क को कार्य योजना में शामिल किया गया है। यह कार्य करीब साढ़े तीन करोड़ रुपये में होगा। जिसमें दोनों तरफ की रोड को ठीक किया जाएगा। इस सड़क को जल्द दुरुस्त कराया जाएगा। अवर अभियंता कुलदीप शाक्य ने बताया कि जहां से मिट्टी बही है, वहां मिट्टी भरवाकर कट्टे लगवाए जा रहे हैं। फिलहाल, इस रोड पर दो पहिया वाहन ही चल पाएंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं अपने पुत्र मो. रेहान व उसकी पत्नी सरताज बी के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह दोनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **अबरार अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी धौरा टांडा, वार्ड नं0 8, नूरी मस्जिद के पास, थाना भोजीपुरा बरेली।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने 28/7/2007 में LIC की पालिसी करायी थी। जिसकी पालिसी सं.- 2231113454 है। पॉलिसी में घरेलू नाम श्यामकली के नाम से बीमा कराया था। अब मेरा नाम रामवाला पाण्डेय उर्फ श्याम कली पत्नी रामपाल पाण्डेय उर्फ आनन्द किशोर के नाम से जाना व पहचाना जाये। **रामवाला पाण्डेय पत्नी रामपाल पाण्डेय उर्फ आनन्द किशोर नि. ग्राम रेहरिया पर. बडागांव तह. पुवायां, पोस्ट सुनारा बुजुर्ग शाहजहांपुर**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने वर्ष 2020-21 में इन्टरमीडिएट की परीक्षा 60030 विशप कॉनराड सीनियर स्कूल, बरेली से उत्तीर्ण की थी। जिसका रोल नं. 21628266 Reg. No. N221/60030/0065 है। जिसकी प्रथम टी.सी. विद्यालय से प्राप्त कर ली थी। जो कि रास्ते में घर जाते समय गणेश धाम कॉलोनी, बरेली में कहीं खो गई है। काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। **दीक्षा पुत्री विष्णुदयाल निवासी मो. बगिया नाथ पो. खुटार खास थाना खुटार जिला शाहजहांपुर मो. 8527978501**

**सूचना**
मैं अपने तीनों पुत्र प्रदीप कुमार, विकास कुमार व आकाश के गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर समस्त सम्बन्ध विच्छेद व अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ, यह तीनों अपने कृत्यों लेन-देन आदि के स्वयं जिम्मेदार होंगे। **जगदीश कुमार पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी मकान नं0 - 513, रोहली टोला, पुराना शहर, थाना बारादरी बरेली।**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम अंग्रेजी में GREESH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में GIRISH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। भविष्य में मुझे उक्त सही नाम से जाना व पहचाना जाये। **ग्रीश बाबू पुत्र ओमप्रकाश निवासी मो. नं. 2, बिल्सी तहसील बिल्सी जिला बदायूं (उ.प्र.)**

**सूचना**
मेरे पासपोर्ट में मेरे पति का नाम अंग्रेजी में GREESH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में मेरा नाम अंग्रेजी में GIRISH BABU (ग्रीश बाबू) अंकित है। उक्त दोनों नाम मेरे पति के ही हैं। भविष्य में मेरे पति को उक्त सही नाम से जाना व पहचाना जाये। **शशि वार्ष्णेय पत्नी ग्रीश बाबू निवासी मो. नं. 2, बिल्सी तह. बिल्सी जिला बदायूं (उ.प्र.)**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

अनादरो विलम्बश्च वै मुख्यम निष्ठुर वचनम।
पश्चतपश्च पश्चापि दानस्य दूषणानि च।।

अपमान करके देना, मुंह फेर कर देना, देरी से देना, कठोर वचन बोलकर देना और देने के बाद पछ्चाताप होना। ये सभी 5 क्रियाएं दान को दूषित कर देती है।

## संपादकीय

# वित्तीय साक्षरता जरूरी

बैंकिंग और वित्तीय नियमों में बदलाव डिजिटल भारत की ओर एक बड़ा कदम हैं। महत्वपूर्ण वित्तीय बदलावों का सीधा असर करदाताओं और बैंक ग्राहकों पर पड़ेगा। इनमें पैन आवेदनों के लिए नया आधार सत्यापन नियम, आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा और प्रमुख बैंकों द्वारा क्रेडिट कार्ड और बैंकिंग सेवाओं पर संशोधित शुल्क ट्रेन/हवाई जहाज की बुकिंग में आधार ओटीपी की अनिवार्यता जैसे महत्वपूर्ण कदम शामिल हैं। सवाल है कि ये नियम व्यक्तियों के लिए वित्तीय सुरक्षा और सुविधा कैसे बढ़ाएंगे। साथ ही वित्तीय अपराधों पर नियंत्रण में कैसे मदद करेंगे। नए नियमों से भुगतान प्रणाली में सुधार होगा, जिससे ऑनलाइन लेनदेन और भी सुरक्षित और तेज़ होंगे। यानी ये नियम ग्राहकों को अधिक सुरक्षा प्रदान करेंगे, धोखाधड़ी को कम करेंगे और बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना आसान बनाएंगे। नए नियमों से ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग लेनदेन अधिक सुरक्षित होंगे। जिससे धोखाधड़ी और हैकिंग का खतरा कम होगा। बैंकों को अपने ग्राहकों को लेनदेन और खातों के बारे में अधिक जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता होगी, जिससे ग्राहकों को अपने वित्त पर बेहतर नियंत्रण होगा। नए नियमों से बैंकिंग क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, जिससे ग्राहकों को बेहतर और अधिक नवीन बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच मिलेगी।

बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में हाल के बदलावों और भविष्य की दिशा पर बात की जाए तो कहा जा सकता है कि बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र, एक गतिशील और तेजी से बदलता हुआ क्षेत्र है, जो लगातार नवाचार और सुधारों का सामना कर रहा है। हाल के वर्षों में, इस क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। परिवर्तनों का प्रभाव बैंकों, वित्तीय संस्थानों और ग्राहकों पर समान रूप से पड़ा है। वित्तीय स्थिरता को भी बनाए रखने की आवश्यकता है ताकि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली आर्थिक विकास और विकास का समर्थन कर सकें। बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र में बदलावों के साथ, बैंकों और वित्तीय संस्थानों को अनुकूलन करने और नए अवसरों का लाभ उठाने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। वास्तव में हम एक ऐसे वित्तीय भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं जहां पारदर्शिता और सुरक्षा सर्वोपरि होगी। देश में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देना जरूरी है ताकि लोग अपने वित्तीय अधिकारों और जिम्मेदारियों को समझ सकें।

# ईरान-इजराइल युद्ध का वैश्विक राजनीति पर प्रभाव



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है।

आखिरकार ईरान-इजइयल युद्ध में अमेरिका को खुलकर सामने आना पड़ा, लेकिन उसके द्वारा प्रयुक्त अमेरिकी बंकर बस्टर बमों ने इरानी परमाणु ठिकानों को कितना नुक्सान पहुंचाया, यह तो भविष्य ही बताएगा। इजराइल ने युद्ध शुरू होने से पहले ही कहा था कि उसका उद्देश्य ईरानी परमाणु कार्यक्रम को नेस्तनाबूद करना तथा वहां सत्ता परिवर्तन कराना है। सत्ता परिवर्तन या प्रमुख धार्मिक नेता के बारे में तो इजराइल सफल नहीं हो पाया, उल्टे जिस तरह ईरान ने प्रतिक्रिया स्वरूप इजराइल के शहरों पर बमबारी की और मिसाइल दागे, इससे स्पष्ट हो गया कि ईरान अब पहले जैसा देश नहीं रह गया है और दूसरे कि इजराइल का एयर डिफेंस डोम अब सुरक्षित नहीं है। इस युद्ध का वैश्विक असर अमेरिका, इजराइल, पश्चिम एशिया, रुस, चीन, पाकिस्तान सहित भारत पर भी पड़ा है।

वस्तुत ईरान प्रतिदिन दो मिलियन बैरल तेल और परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जो विश्व के कुल तेल आपूर्ति का लगभग 2 प्रतिशत है। पहले ही अमेरिका ईरान पर व्यापारिक प्रतिबंध के तहत तेल आयात पर रोक लगा चुका है। इरान युद्ध के समय अमेरिका, यूरोप और इजराइल के समर्थकों पर खाड़ी देशों से सामूहिक तेल प्रतिबंध लगाने की कोशिश कर सकता है जैसा कि 1973 के योम किप्पुर युद्ध के समय लगाया गया था। इतना ही उसके प्राक्सी मिलीशिया मसलन हमास और हिजबुल्ला आदि खाड़ी देशों में अमेरिकी और इजराइली सैन्य अड्डे पर हमला कर सकते हैं। इराक जो विश्व को प्रतिदिन 4 मिलियन बैरल से अधिक तेल की आपूर्ति करता है, इन हमलों का निशाना आसानी से बन सकता है। ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रमों पर रोक लगाने की जिद का असर कम से कम सऊदी अरब और यूएई की महत्वाकांक्षाओं पर भी पड़ेगा क्योंकि इस तरह से यह क्षेत्र पूरी तरह से इजराइल के रहमो-करम पर रह जाएगा, क्योंकि यह एकमात्र परमाणु-सक्षम देश है, जो अमेरिका की इजराइली सैन्य श्रेष्ठता को बनाए रखने की नीति के अनुकूल है। अमेरिका द्वारा खाड़ी देशों में रूसी संपत्तियों को जब्त करने,



टैरिफ और आर्थिक नीतियों ने मध्य पूर्व में पश्चिमी निवेशों को लेकर एक अशांति उत्पन्न कर दी है। भले ही उपरी तौर पर यहां लोग व्यापारिक हित में अमेरिका और पश्चिमी देशों का सहयोग कर रहे हो, खाड़ी के अधिकांश देश फिलिस्तीनी समर्थक और अमेरिका विरोधी है।

इस युद्ध में इजराइल का उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना था या उस पर निर्णायक चोट करनी थी जिसमें वो सफल भी हुए हैं लेकिन इसने सिर्फ आधारिक संरचना नष्ट कर दिया है, वैज्ञानिकों को मार दिया है लेकिन उनका परमाणु ज्ञान तो नहीं मिटा सके हैं जो ईरानी शासन ने कई वर्षों में जमा किया है। इतना ही नहीं अभी तक यह भी स्पष्ट नहीं है कि क्या हवाई हमलों ने उस नौ सौ पाउंड यूरेनियम को नष्ट कर दिया है, जिसे अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, ईरान ने पहले ही हथियार-ग्रेड की गुणवत्ता के करीब समृद्ध कर लिया था। इसके अतिरिक्त इस युद्ध में ईरान पर अमेरिका इतना निर्णायक दबाव नहीं बना पाया है कि उसे बिना शर्त वार्ता के टेबल पर आने के लिए मजबूर कर दे। यहां तक कि परमाणु ठिकानों पर हमले के जबाव में उसने अमेरिकी अड्डों पर भी बमबारी की ही साथ में युद्धविराम की घोषणा के बाद भी इजराइल पर मिसाइल दागे।

यह सच है कि इजराइल ने अपने से पचहत्तर गुना बड़े देश ईरान जिसकी जनसंख्या उससे नौ गुना अधिक है, पर मिसाइल, ड्रोन से बमबारी कर उसके परमाणु कार्यक्रम को पीछे धकेल कर एवं अमेरिका को सीधे लड़ाई में लाकर उसने दशकों पुराना लक्ष्य हासिल कर लिया है। राजनीतिक रूप से देखें तो भारत इजराइल और ईरान के बीच टकराव में कहीं फंस गया है क्योंकि दोनों के साथ उसके महत्वपूर्ण रणनीतिक हित हैं। भारत के लिए इजराइल महत्वपूर्ण रक्षा आपूर्तिकर्ता है, जबकि ईरान अपने बंदर अब्बास बंदरगाह के माध्यम से भारत को मध्य एशिया और अफगानिस्तान में रणनीतिक प्रवेश द्वार प्रदान करता है। हाल के भारत पाकिस्तान युद्ध में इजराइल ने भारत का खुलकर समर्थन किया था परंतु भारत ऐसा नहीं कर सका क्योंकि दूसरा पक्ष भी उसका मित्र देश था। इतना ही नहीं रूस और अमेरिका के साथ भी उसके प्रतिस्पर्धी हित हैं, जो इस संघर्ष में विपरीत पक्षों पर खड़े थे। आर्थिक रूप से, भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का लगभग अस्सी प्रतिशत आयात करता है, जो खाड़ी देशों से प्रभावित हैं। भारत को अपनी स्वतंत्र विदेश नीति और रणनीतिक स्वायत्तता में अटूट विश्वास है लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप मौजूदा व्यवहार को देखते हुए लगता है कि अमेरिका के साथ भारत के रणनीतिक संबंध लगभग खोखले हो चुके हैं। चीन के साथ भारत के रिश्ते वैसे ही ठंडे पड़े हुए हैं क्योंकि वह चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के साथ खड़ा है। परंपरागत मित्र रूस इस समय खुद को अलग-थलग महसूस कर रहा है, क्योंकि भारत स्कैंडिनेविया से लेकर भूमध्य सागर तक यूरोप के रूसोफोबिक देशों के साथ दोस्ती की पींगे बढ़ा रहे हैं। हालांकि अमेरिका का मुख्य रोष यही है कि भारत रुस से तेल और रक्षा सामग्री आयात कर रहा है जबकि अमेरिका स्वयं भारत को रक्षा हथियार बेचना चाहता है।

इसके साथ ही ईरान भी हाल के युद्ध में भारत का समर्थन न पाने और भारतीय पश्चिम एशियाई रणनीति में इजराइल को दिए गए महत्व से खुश नहीं हो सकता है। हालांकि ईरान पहले विश्व राजनीति में भारत का काफी महत्वपूर्ण समर्थन किया था। तीस साल पहले जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र के मंच पर पाकिस्तान और ईरान के बीच एक कूटनीतिक युद्ध हुआ था, जब ईरान ने यूएनएचआरसी में पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित इस्लामिक सहयोग संगठन के प्रस्ताव को निरस्त कर दिया था, जिसमें कश्मीर में भारत के कथित मानवाधिकार उल्लंघन की निंदा की गई थी। इसलिए मध्य पूर्व के संबंध में भारत को एक ठोस, संतुलित और चतुर रणनीति बनाने की आवश्यकता है। जहां तक पाकिस्तान का प्रश्न है तो इस युद्ध में उसने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर लिया है। इरान इजराइल युद्ध में अमेरिकी हमले के बाद पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र संघ में रूस और चीन के साथ मिलकर तत्काल और बिना शर्त युद्ध विराम की मांग करते हुए एक प्रस्ताव पेश किया। यद्यपि इस मसौदा प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से अमेरिका या इजरायल का नाम नहीं लिया गया, लेकिन इसमें ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमलों की निंदा की गई। जबकि ईरान के साथ उसके संबंध और परमाणु शक्ति संपन्न देश होने को ध्यान में रखकर ही डोनाल्ड ट्रम्प ने उसका समर्थन प्राप्त करने के लिए सैन्य प्रमुख मुनीर को लंच पर बुलाया था। इसके बावजूद ईरान के समर्थन में यह पाकिस्तान द्वारा रणनीतिक स्वायत्तता का एक आश्चर्यजनक रूप से मुखर प्रदर्शन है। ईरान के समर्थन में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में रूस और चीन के साथ मिलकर काम करना न केवल एक साहसिक सोच का प्रदर्शन है, बल्कि उभरते बहु-ध्रुवीय विश्व व्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित करने की दिशा में पाकिस्तान की परिपक्वता का संकेत भी है। जाहिर है कि यह भारतीय हित में नहीं है। इस प्रकार स्पष्ट है ईरान -ईजराइल युद्ध भले ही युद्धविराम की स्थिति में है लेकिन यह अभी समाप्त नहीं हुआ है। ना तो ईरान अपनी सुरक्षा के लिए अपनु परमाणु कार्यक्रमों को इतनी आसानी से रोक देगा और ना ही इजराइल फिलिस्तीन सहित ईरान या अन्य किसी मध्य पूर्व के देशों को इतना शक्तिशाली बनने का अवसर देना चाहेगा जो उसके अस्तित्व के लिए ख़तरा हो। लेकिन यह भी सच है कि जब तक इज़राइल और अमेरिका मध्य पूर्व में एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए सहमत नहीं हो जाते हैं, तब तक मध्य पूर्व में अस्थिरता और अशांति जारी रहने की संभावना बरकरार है।

## प्रसंगवश

# नदियों में बढ़ता प्रदूषण और धार्मिक संस्कार





कुछ दिन पहले एक वीडियो देख मैं अभिभूत हो गया। इसमें लोग बरसात में कावेरी नदी के जल के आगमन पर फूलों से उसका स्वागत कर उसे प्रणाम कर रहे थे। अपनी नदियों के प्रति ऐसी श्रद्धा देख कोई भी व्यक्ति भावुक हो सकता है। मनोज कुमार की फ़िल्म का एक गीत भी है। "इतनी ममता नदियों को यहां माता कह के बुलाते हैं" लेकिन एक दूसरी तस्वीर भी है। तमिलनाडु की एक नदी तामिरबरणी को भयंकर प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा है। इस प्रदूषण की वजह है कि लोग इसमे अपने मृतकों के कपड़े, गद्दे, तकिए, फोटो फ्रेम, मिट्टी के बर्तन आदि फेंकते हैं। ऐसा वो भविष्य वक्ताओं के कहने पर धार्मिक संस्कारों के तहत करते हैं। ये सब इतनी अधिक संख्या में होने लगा कि नदी की धारा ही चोक हो गई और इसमें रहने वाली मछलियों और कछुओं के जीवन को खतरा हो गया।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

इस नदी से चार जिलों को पीने का पानी भी सप्लाई होता है। इसलिए पर्यावरण वादियों ने इस धार्मिक संस्कार के विरुद्ध आवाज उठाई। और नदी को गंदा करने वालों पर सख्त कार्यवाही की मांग की। इस धार्मिक संस्कार के लिए सरकार ने जगह-जगह डस्ट बीन रखे हैं लेकिन लोगों के कहने पर लोग नदी में ही कपड़े डालते हैं।

आखिर एक पर्यावरण प्रेमी बी मूर्ति, रिटायर्ड असिस्टेंट डायरेक्टर के नेतृत्व में लोग सामने आए और उन्होंने इसे साफ करने का बीड़ा उठाया। आप विश्वास नहीं करेंगे कि उन्होंने नदी से 94 टन मृतकों के कपड़े, 975 किलो गिलास फोटो फ्रेम, 275 किलो नैपकिन, डायपर और 4 टन प्लास्टिक वेस्ट 21 दिन की अथक मेहनत के बाद निकाले। अब अपनी नदियों को लेकर ये दो भाव हमारे सामने हैं। दोनों ही भावों में नदी को आदर दिया गया है। लेकिन क्या नदी को हमारे आदर की जरूरत भी है। हमें सोचना होगा कि क्या हमारा ये मान सत्कार नदी के अस्तित्व पर संकट तो नहीं ला रहा।

मेरा पहला सवाल है कि आखिर नदी को नदी क्यों नहीं रहने देते। जब हमने उसका यही हश्र करना है तो उसे माता मानने की जरूरत ही क्या है। दूसरा सवाल है कि हमारे सारे धार्मिक संस्कार जो नदियों को प्रदूषित करते हैं। उसके लिए एक बड़े अभियान द्वारा लोगों को समझाया क्यों नहीं जा सकता जिससे हमारे धार्मिक संस्कारों का स्वरूप थोड़ा बदला जाए ताकि हमारी नदियां, जलीय जीव जंतु सही से सांस ले सकें। जैसा कि कुछ जगह जागरूकता आने के कारण अब देवी देवताओं की प्रतिमा का विसर्जन बहते पानी की जगह कृत्रिम जलाशयों में किया जाता है।

इस संबंध में कोर्ट ने रोजी-रोटी के संकट को देखते हुए मूर्तिकारों के पक्ष में एक फैसला भी दिया और उन्हें केवल प्राकृतिक रंग और मिट्टी की जगह प्लास्टर ऑफ पेरिस और कृत्रिम रंगों के इस्तेमाल से प्रतिमाएं बनाने की इजाजत दी। लेकिन साथ ही एक आदेश भी दिया कि ऐसी प्रतिमाओं का विसर्जन बहते हुए पानी मे नहीं किया जा सकता। समय अनुसार अगर हम और हमारे धार्मिक संस्कार नहीं बदले तो मनुष्य के अस्तित्व पर ही संकट आ सकता है।

उत्तराखंड हाई कोर्ट के एक निर्णय अनुसार नदियों को जीवित इकाई माना गया और नदियों को भी मनुष्यों समान कानूनी अधिकार दिए गए। लेकिन 2017 में सुप्रीम कोर्ट ने इस फैसले को पलट दिया और नदियों को जीवित इकाई मानने से इनकार कर दिया। क्या ही बेहतर होता अगर उत्तराखंड कोर्ट का फैसला बरकरार रहता। और हम कम से कम नदियों के अधिकार के लिए लड़ तो सकते थे।

# बाल स्वास्थ्य की दिशा में अनूठा कदम



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं।

हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के द्वारा बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य एवं हितों को ध्यान में रखते हुए एक अभूतपूर्व कदम उठाया गया है। सीबीएसई के द्वारा सम्बद्ध विद्यालयों को यह निर्देश दिया गया है कि वे अपने परिसर में 'शुगर बोर्ड' की स्थापना करें। इस अनूठी पहल का उद्देश्य बच्चों के द्वारा शर्करा के सेवन पर निगरानी रखना एवं यदि वह आवश्यकता से कहीं अधिक हो रहा है तो उस पर नियंत्रण करना है। निस्संदेह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के द्वारा की गई यह पहल नितांत सराहनीय एवं दूरदर्शितापूर्ण है क्योंकि उच्च शर्करा स्तर की समस्या आज वयस्कों से लेकर बच्चों तक को अपना शिकार बनाती जा रही है। सीबीएसई के अनुसार विगत दशक में बच्चों में टाइप-2 मधुमेह के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। एक समय था जब इस बीमारी का बच्चों के साथ दूर-दूर तक कोई संबंध नहीं था एवं इसके मामले केवल वयस्कों अथवा वृद्धों में ही देखे जाते थे।

आखिरकार आज ऐसे क्या कारण हैं कि छोटे छोटे बच्चे जिनके जीवन में बीमारियों का कोई दखल नहीं होना चाहिए, मधुमेह जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित होते जा रहे हैं। अगर हम विगत कुछ दशकों के दौरान बच्चों की जीवनशैली, खानपान, रहन-सहन तथा शैक्षणिक एवं शारीरिक गतिविधियों में होने वाले परिवर्तनों पर सम्यक दृष्टिपात करें तो निश्चित रूप से हम उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर खोजने में भी सफल हो जाएंगे। दरअसल कुछ दशकों पूर्व के बच्चों एवं आज की नई पीढ़ी में जमीन आसमान का अंतर है। यदि हम खानपान की बात करें तो जहां पहले की पीढ़ी स्वस्थ, संतुलित एवं पोषणयुक्त खान-पान से जुड़ी थी, वहीं आज की पीढ़ी फास्ट फूड, जंक फूड एवं प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के अंदर ही पोषण, भूख एवं स्वाद को ढूंढ रही है। अब वह ऐसा अपनी इच्छा से कर रही है अथवा करने पर विवश है, यह तो स्पष्टतः नहीं बताया जा सकता। वहीं अगर हम व्यायाम अथवा शारीरिक गतिविधियों की बात करें तो जहां पुराने जमाने के बच्चे खेलकूद, योगासन एवं अन्य स्वास्थ्यप्रद गतिविधियों से जुड़े थे, तो आज की आधुनिक पीढ़ी मोबाइल गेमिंग एवं सोशल मीडिया जैसी झूठी दुनिया में ही खेलकूद का आनंद तलाश रही है। खास बात तो यह है कि आज के बच्चे जंक फूड एवं मोबाइल गेमिंग जैसे छदम परिदृश्य में ही अति प्रसन्न हैं, लिहाजा अगर उनको स्वस्थ जीवन शैली एवं खान-पान से परिचित कराने का प्रयास भी किया जाए तो वह उनको कतई रास नहीं आता।

सीबीएसई के द्वारा स्कूलों के प्रधानाचार्यों को इस योजना के संबंध में पत्र लिखा गया है एवं कहा गया है कि बच्चों में बढ़ते शुगर लेवल का प्रमुख कारण है- शर्करा का अति सेवन। प्रायः ऐसा देखा जाता है कि स्कूलों के आसपास स्नेक्स, कोल्ड ड्रिंक एवं अन्य प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ बड़ी आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं। मध्यावकाश अथवा स्कूल से छुट्टी के समय में विद्यार्थी इन पर ऐसे टूटते हैं जैसे कि मानो उन्हें कोई बड़ा खजाना बड़ी लंबी प्रतीक्षा के बाद प्राप्त हो गया हो। जाने अनजाने में वे उन पदार्थों का सेवन अपनी क्षुधा को शांत करने के लिए करते हैं जो उनके लिए नितांत हानिकारक होते हैं। जाहिर सी बात है कि जब पेट जंक फूड से ही ठसाठस भर जाएगा तो फिर स्वस्थ एवं पौष्टिक भोजन के पेट में जाने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता। खास बात तो यह है कि जंक फूड एवं प्रसंस्कृत पदार्थों से दोस्ती बच्चों की दिनचर्या का अंग बन चुकी है। बदल बदल कर जंक फूड, कोल्ड ड्रिंक इत्यादि का सेवन करना बच्चों की आदत में आ चुका है।

अध्ययन बताते हैं कि चार से दस वर्ष की आयु के बच्चों के दैनिक कैलोरी सेवन में चीनी का अंश 13 फ़ीसदी है तथा 11 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए 15 फीसदी है, जबकि बच्चों के लिए चीनी सेवन की अनुशंसित सीमा 5 प्रतिशत ही है। स्पष्ट है कि बच्चों के द्वारा आवश्यकता से कहीं ज्यादा चीनी का सेवन किया जा रहा है। इस संबंध में भारत में हुए अध्ययन की रिपोर्ट बेहद चिंताजनक है। भारत में 88.6 फ़ीसदी विज्ञापन उच्च फैट, नमक एवं चीनी युक्त उत्पादों के हैं। इस मामले में हम सभी को ब्रिटेन से प्रेरणा लेनी चाहिए। ब्रिटेन में अक्टूबर 2025 से टीवी एवं सभी ऑनलाइन प्लेटफॉर्मों पर जंक फूड विज्ञापनों पर आंशिक रोक लागू करने की योजना बनाई जा रही है। निश्चित है कि इस योजना के सफल क्रियान्वयन से बच्चों में जंक फूड के प्रति आकर्षित होने एवं ललचाने की प्रवृत्ति में ह्रास होने की पूर्ण संभावना होगी। इन सभी पहलुओं को देखकर एवं विचार करने के उपरांत यह कहा जा सकता है कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर उठाया गया कदम नितांत विवेकपूर्ण एवं प्रशंसनीय है।

## सोशल फोरम

# धरोहरों का हो संरक्षण

वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित श्रीबांकेविहारी मंदिर कॉरिडोर के भूमि की नाप-जोख और सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। बताया जा रहा कि यह गलियारा लगभग पांच एकड़ भूमि पर निर्मित होगा।

दो दिन पूर्व ब्रज संस्कृति शोध संस्थान के प्रकाशन अधिकारी गोपालशरण शर्मा ने इस पूरे क्षेत्र में आ रहे प्राचीन धरोहर स्थल एवं मंदिरों का अवलोकन कराया जिसके बाद इस क्षेत्र की धरोहरों के प्रति हमारी चिंताएं गंभीर हो गई हैं। उदाहरण के लिए हमने ठा.श्रीराधामोहन के सुंदर दर्शन किए। यह पूरा परिसर राधामोहन का घेरा कहलाता है। यह 16वीं सदी में आबाद हुआ एक प्राचीन परिसर है, जहां श्रीराधावल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक महान रसिकाचार्य श्रीहित हरिवंश गोस्वामी के दूसरे सुपुत्र गोस्वामी श्रीकृष्णचन्द्र महाराज के सेव्य विग्रह ठा.श्रीराधामोहन का मंदिर स्थापित है, जो वृन्दावन में शाही लाल पत्थर से निर्मित 16 वीं सदी के मंदिरों में से एक है। यह मंदिर श्रीराधावल्लभ के पुराने मंदिर के साथ का ही बना था। हम जानते ही हैं कि आज श्रीराधावल्लभ का पुराना मंदिर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित एक स्मारक है। इन दोनों मंदिरों में प्रयुक्त हुए पत्थर, तोरण, द्वार, वास्तुशिल्प आदि की समानता को देख कर भी यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि ये दोनों मुग़लकालीन संरचनाएं एक ही युग की देन हैं। राधावल्लभ संप्रदाय के वाणी साहित्य से ज्ञात होता है कि 18 वीं सदी में राधामोहन घेरे का परिसर अत्यन्त रमणीय और हितकुल का प्रमुख स्थान था।



लक्ष्मीनारायण तिवारी
सचिव, ब्रज संस्कृति शोध संस्थान, वृन्दावन

यहां मंदिर में हमारी भेंट सेवायत गोस्वामी श्रीमृदुल वल्लभ से हुई जिन्होंने हमें बड़े दुखित मन से बतलाया कि कॉरिडोर निर्माण हेतु ठा. श्रीराधामोहन के प्राचीन मंदिर सहित पूरे परिसर को नाप लिया गया, प्रस्तावित कॉरिडोर के नक्शे के अनुसार ठा.श्रीराधामोहन मंदिर को तोड़ा जाना है जिसके लिए नाप कर नंबर डाल दिए गए हैं। धार्मिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक वृंदावनी धरोहरों के संरक्षण का एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने खड़ा है। आज जिस प्रकार के हालात है वह हम सब के लिए विचारणीय है।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्रैश जहाज से जिंदा बचे शख्स जैसे अखिलेश यादव



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया।

संघर्षों से लड़ने और बढ़ने की विरासत लिए अखिलेश यादव राजनीतिक कुशलता में अपने पिता मुलायम सिंह यादव से कम नहीं हैं। भाजपा की धुरी यूपी में मोदी-योगी की लोकप्रियता की सुनामी में सबसे बड़े विपक्षी दल के तौर पर सपा की शक्ति को बचा पाना अखिलेश यादव की बड़ी उपलब्धि है। तब जब भाजपा के फैलाव में पिछले एक दशक में देश के शक्तिशाली दल टूट गए, बिखर गई, बौने हो गए। पार्टी को बचा पाना, संभाल पाना और ऐसे दौर में सपा के इतिहास में पहली बार 2024 में लोकसभा चुनाव में 37 सीटें जीतना अखिलेश की राजनीतिक दक्षता का चमत्कार है। इतनी सीटें तो मुलायम सिंह अपने स्वर्णकाल में भी नहीं जीत सके थे। अभिनेत्रा राजकपूर के गीत के निर्देशन में राजनीतिक गाड़ी चलानी पड़ती है-ऐ भाई जरा देख के चलो, आगे ही नहीं पीछे भी, दाएं ही नहीं बाएं भी...कहते हैं कि सियासत में युद्ध कौशल का प्रदर्शन हर जगह होता है। घर के बाहर विरोधी से ही नहीं घर के अंदर के प्रतिद्वंद्वीयो से भी लड़ना होता है। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर रहते अपने चाचा और उनके गुट से अखिलेश नहीं लड़ते तो शायद आज पिता मुलायम सिंह की कुर्सी का सौ फीसद हिस्सेदारी का हक नहीं मिल पाता। चाचा शिवपाल यादव उनकी समानांतर ताकत में होते। नेता जी के बाद पार्टी में एकक्षत्र ताकत का संकट तो गहराता ही। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने हर मोर्चे पर युद्ध लड़ा। अपनों से भी लड़ाई जीती और भाजपा के तीव्र तूफान में भी पार्टी की नैय्या बचा ली।'

बसपा सुप्रीमों मायावती यूपी की शीर्ष नेताओं में शुमार हैं, भाजपा के स्वर्णकाल में बसपा विपक्ष के लायक भी नहीं रही। लगभग डेढ़ दशक तक ये कहा जाता रहा कि प्रियंका गांधी राजनीति में आ जाएं तो यूपी में कांग्रेस के पुराने दिन वापस आ जाएंगे। वो भी आईं कुछ ना कर पाईं। भाजपा व उसकी सरकार और योगी आदित्यनाथ के हिन्दुत्व के चेहरे की ताकत के आगे सब धराशाई हो गए। मजबूत विपक्ष के तौर पर कोई बचा तो वो थी समाजवादी पार्टी। अखिलेश यादव ने सपा की नैय्या को कई तूफानों से बचाया, कमजोर नेतृत्व होता तो ताज्जुब नहीं कि बसपा और कांग्रेस की तरह सपा भी हाशिए पर पड़ी होती और सदन में भाजपा का एकक्षत्र राज रहता। ये सच है कि यूपी का मुख्यमंत्री बनने में अखिलेश यादव की योग्यता आधी थी और आधा पिता प्रेम था, पिता का श्रेय था।

मुख्यमंत्री बनने से पहले अखिलेश की खुद की ताकत- अपने बूते पर चुनाव जीतते रहे। 2012 का विधानसभा चुनाव जीतने से पहले पूरी चुनावी कम्पेन का उन्होंने नेतृत्व किया। उस चुनाव में मुलायम चुनावी कम्पेन से गायब थे उन्होंने ने अखिलेश पर ऐसे जिम्मेदारी दी थी जैसे चील अपने बच्चे को आकाश की ऊंचाइयों पर ले जाकर फेंक देती है। जान बचानी है तो बाजुओं में ताकत पैदा करो, उड़ना सीखो और उड़ो। फिर सारा आकाश तुम्हारा होगा! पिता की कोशिश और मार्गदर्शन पर पुत्र पूरी फरमाबरदारी से चलता भी रहा। उन्होंने रथयात्रा निकालकर पूरे प्रदेश के गांव-गांव जनता से मिले, जमीनी संघर्ष किया। सपा को गुंडे-माफियाओं की पार्टी कहने के आरोपों को ग़लत साबित करते हुए दागियों को पार्टी से दूर करने की साहसी और सराहनीय पहल की। डीपी यादव जैसे कई नेताओं को टिकट ना देने पर अड़े तो जनता में अखिलेश में आशा की एक नई किरण दिखने लगी। "अखिलेश यादव को सत्ता मिली तो भी संकट थे और सत्ता के बाहर दमदार विपक्ष बने रहना भी बहुत मुश्किल था"

2012 में सपा सरकार ने विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए। अखिलेश यादव बेहद लोकप्रिय नेता बन कर उभरे। किंतु पार्टी में इतनी कलह थी उसे सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव जी भी नहीं संभाल सके। दूसरी तरफ तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के तौर पर प्रोजेक्ट करने पर नई भाजपा का समुद्र देश में उफान ले रहा था। बावजूद इसके हो सकता था कि अखिलेश यादव के विकास कार्यों और लोकप्रियता के आगे भाजपा की सुनामी उत्तर प्रदेश में कोई खास असर नहीं दिखा पाती। लेकिन उन दिनों सत्तारूढ़ सपा में आपसी कलह सड़क पर उतर चुकी थी, जिसके कारण यूपी में अखिलेश के विकास कार्य और लोकप्रियता भाजपा को रोक नहीं सकी। संघर्ष जारी है। 2027 के चुनाव में लगभग डेढ़ वर्ष शेष है।

अखिलेश के सामने योगी आदित्यनाथ का हिन्दुत्व का लोकप्रिय चेहरा है। इस जटिल लड़ाई में कांग्रेस का साथ लेना ही पड़ेगा। योगी तीसरी बार जीत गए तो सपा को टूट-फूट से बचाना बेहद मुश्किल होगा। अखिलेश जीत गए तो यूपी में कांग्रेस के फैलाव को रोकना भी काफी जटिल होगा। सियासत के हर रास्ते में कांटे होते हैं। सफलता में भी असफलता में भी। कभी फूलों में कांटे छिप जाते हैं और हमें दिखाई नहीं देते।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# कार की टक्कर से दादी की मौत, नातिन घायल

## चकरपुर मोड़ पर हादसा, पुलिस ने चालक को हिरासत में लिया

**भमोरा, अमृत विचार :** तेज रफ्तार कार की टक्कर से वृद्धा की मौत हो गई, जबकि उसकी नातिन घायल हो गई। पुलिस ने घायल किशोरी को अस्पताल में भर्ती कराया है।

ग्राम चकरपुर निवासी मूलो देवी ( 70) पत्नी जग दयाल मंगलवार शाम पुत्र ओमकार की 15 वर्षीय बेटी पूनम को बुखार आने के चलते भोलापुर में दवा दिलाने गई थीं। लौटते समय बरेली बदायूं रोड पर चकरपुर मोड़ पर ई रिक्शा से उतरकर वह किराया दे रही थीं, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी, जिससे मूलो देवी और पूनम घायल हो गईं। पुलिस ने आरोपी चालक को हिरासत में लेकर वाहन कब्जे में ले लिया। घायलों को तुरंत अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने मुलो देवी को मृत घोषित कर दिया। इसकी खबर मिलते ही परिवार में कोहराम गया।

### हाईवे पर डंपर की टक्कर से कार चालक की मौत

**नवाबगंज, अमृत विचार :** हाईवे पर कार डंपर से टकरा गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई। जिला पीलीभीत के गांव गंगापुर निवासी नवल किशोर मंगलवार देर रात बरेली की ओर जा रहे थे। रास्ते में फैजुल्लापुर मोड़ के पास उनकी कार डंपर से टकरा गई। मौके पर उनकी मौत हो गई। वहीं, मौका पाकर डंपर चालक और क्लीनर भाग गए।

## परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती मनाई

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार :** दुश्मन को धूल चटाने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद की जयंती मंगलवार को इमरान अंसारी एडवोकेट के आवास पर मनाई गई। इमरान अंसारी और डॉ. गयास अहमद ने वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान आफताब आलम, दक्ष गंगवार, असद अंसारी, सरदार अजहरी, अनस खान, मुरब्बत अली, आकाश मौर्य, मयंक गंगवार, इलियास अंसारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## राज्य पुरस्कार के लिए आवेदन 4 तक

**बरेली, अमृत विचार :** विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार योजना में आवेदन के लिए अंतिम तिथि 4 जुलाई निर्धारित की गई है। उपायुक्त उद्योग विकास यादव ने बताया कि योजना के तहत राज्य विशिष्ट हस्तशिल्प पुरस्कार एवं दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार दिए जाने का प्राविधान है। योजना में आवेदक की उम्र न्यूनतम 25 वर्ष या इससे अधिक होनी अनिवार्य है। आवेदक को हस्तशिल्प क्षेत्र में कम से कम पांच साल का अनुभव होना आवश्यक है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत सिठौली विकास खंड इस्लामनगर, बदायूं**

दिनांक: 30.06.2025

**नीलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौशाला सिठौली विकास खंड इस्लामनगर जिला बदायूं में गोबर खाद की नीलामी दिनांक 05.07.2025 को दोपहर 2 बजे पंचायत घर पर की जायेगी।

**सचिव** **प्रधान**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती चमन बी पत्नी श्री आमिर खान निवासी वार्ड नं. 2 मो. साहूकारा कस्बा व तहसील पूरनपुर जिला पीलीभीत मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड से जगदीश सिंह पुत्र श्री मैकूलाल निवासी ग्राम नौरंगाबाद परगना पूरनपुर तह. कलीनगर जिला पीलीभीत के एक प्लाट को खरीदने हेतु ऋण ले रही है जो कि प्लाट नम्बर एस–03 व एस–04 है जो गाटा संख्या 94 का अंश भाग है जिसका क्षेत्रफल 74.32 वर्गमीटर है स्थित ग्राम आरंगाबाद ज. पूरनपुर परगना व तहसील व जिला पीलीभीत जिसकी चौहद्दी पूरब–मुझा रोड 20 फिट चौड़ी, पश्चिम–प्लाट नम्बर एस–50, उत्तर– रास्ता 19 फिट चौड़ा, दक्षिण– प्लाट नम्बर एस–02 है, को बंधक कर ही है। उक्त ऋण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी आपत्ति व्यक्तिगत रूप से दस्तावेजों साक्ष्यों सहित, सामान्य कार्य दिवस की सामान्य कार्य अवधि में मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता हैं। उक्त अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर यह मानते हुए कि इस विषय में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, उपरोक्त ऋण जारी कर दिया जायेगा।

**सौरभ रस्तोगी एडवोकेट**
**सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, पीलीभीत**
**मो. नं. 9897044367**
**ई–मेल** srastogi.lawyer@gmail.com
**सूचीबद्ध अधिवक्ता**
**आधार हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड**



**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा), बरेली**

पत्रांक: 688/लेखा/निविदा/क्षेत्र निधि/2025–26 **निविदा सूचना** दिनांक: 01.07.2025

एतद्द्वारा समस्त ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग जिला पंचायत, राजकीय विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भुता (कुआडांडा), बरेली को प्राप्त विधानमण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तगत प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य के निर्माण हेतु (आइटम रेट) पर सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदायें दिनांक 22.07.2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक विकास खण्ड भुता (कुआंडांडा), मुख्यालय बरेली में रखे निविदा बॉक्स में नियत तिथि एवं समय तक डाली जा सकती है। जो उसी दिनांक 22.07.2025 अपरान्ह 15:00 बजे निविदादाता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष सार्वजनिक रूप से गठित कमेटी के द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. | कार्य का नाम | माप मी. | स्वीकृति धनराशि (जी.एस.टी. सहित लाख रूपये में) | निविदा शुल्क व जी.एस.टी. | धरोहर धनराशि | पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नगीरामपुर में महेला वरूआ रोड से गंगवार डेरी से पूरव चकमार्ग पर इण्टरलॉकिंग | 200 | 9.912 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 2. | गुलडिया में गांव के दक्षिण शौचालय से कुलदीप शर्मा तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 3. | ए.पी.ओ. पंचायत के कार्यालय के सामने ग्राउन्ड में इण्टरलॉकिंग | 31X21 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 4. | महेशपुर में गांव के पूरव मढ़ी से पूरव खडंजा | 200 | 4.039 | 800 | 8078 | 90 दिन |
| 5. | भवनपुर वरूआ नवादा रोड मेजर सिंह के ट्यूववेल तक इण्टरलॉकिंग | 200 | 9.925 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 6. | रावलकला में रक्षपाल सिंह के खेत से सतनाम सिंह के झाला तक खडंजा निर्माण कार्य। | 440 | 9.979 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 7. | भवनपुर निमतुल्ला में रामदास फौजी के घर से आसिफ हुसैन के घर तक इण्टरलॉकिंग | 142 | 9.950 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 8. | भवनपुर नियामतुल्ला में अम्बेडकर पार्क की बाउन्ड्रीवाल एवं गेट निर्माण कार्य। | 196 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 9. | विकास खण्ड की विभिन्न स्थानों (मनकापुर, सिमरा कैशोपुर पंचायत घर पर, जी.टी.आर. कॉलेज गजनेरा पर आर.ओ. की स्थापना) | 3 | 9.977 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 10. | अदीनापुर में गज्जु सिंह प्रधान के घर तक इण्टरलॉकिंग | 140 | 8.496 | 1500 | 16992 | 90 दिन |
| 11. | पदारथपुर में पंचायत घर से नाले तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 12. | भगवन्तापुर में गांव से उत्तर नहर रोड तक खडंजा | 440 | 9.991 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 13. | दौलतपुर में निर्मल सिंह के झाला तक खडंजा शेष भाग | 44 | 9.985 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 14. | उदयपुर भीकमपुर में गांव से नहर तक खडंजा | 440 | 9.994 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 15. | पटना में मुख्यमार्ग से कढ़ेराम के घर तक इण्टरलॉकिंग | 165 | 9.989 | 1500 | 20000 | 90 दिन |
| 16. | खटेली में वीरेशपाल के घर से सूरजपाल के घर तक इंटरलॉकिंग। | 150 | 9.983 | 1500 | 20000 | 90 दिन |

1. निविदा प्रपत्र का शुल्क बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से स्वीकार होगा जो खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआंडाडा) के पक्ष में देय होगा 2. समस्त ठेकेदारों को पंजीयन प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. रजि. एवं पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी 3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्दर कोई मूल्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा। 4. निविदा को स्वीकृत करने अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 5. प्रत्येक निविदा दाता द्वारा रूपये 100/– के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र व 10/– स्टाम्प पेपर पर 90 दिन वेलिडिटी निविदा के साथ संलग्न करना होगा। 6. सार्वजनिक निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले उपखनिजों पर रायल्टी का भुगतान सुनिश्चित किये जाने विषय भूतत्व एवं खनिज कर्म अनुभाग के शासनादेश संख्या 3885/65–2015–292/2015 दिनांक 15.10.2015 का अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। 7. पंजीकृत ठेकेदारों को ठेका दिये जाने के पश्चात् कभी भी संज्ञान में आता है। कि ठेकेदार सक्रिय रूप से माफिया गतिविधियों में असामाजिक कार्यो एवं संगठित आपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। तो उस प्रदान किया गया कार्य का ठेका नोटिस जारी कर सक्षम अधिकारी द्वारा ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 8. किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय बरेली ही मान्य होगा। 9. निविदा फार्म क्रय किये जाने सामग्री से सम्बन्धित दिशा निर्देश अधोहस्ताक्षरी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा) बरेली से दिनांक 02.07.2025 से दिनांक 22.07.2025 मध्यान्ह 12:00 बजे तक निविदा मूल्य बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। 10. निविदा प्रपत्र भरकर उसके साथ धरोहर की राशि का राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा) बरेली के पक्ष में बन्धक हो मोहरबन्द लिफाफे में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है तथा 5 प्रतिशत जमानत राशि की एफ.डी.आर./एन.एस.सी. जो खण्ड विकास अधिकारी, फतेहगंज (पं.) बरेली के पक्ष में बन्धक हो निविदा स्वीकृत उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा करनी अनिवार्य होगी जो कि कार्य समाप्ति के बाद कार्य की गुणवत्ता ठीक होने पर एक वर्ष उपरानत वापस की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी, भुता (कुआडांडा), बरेली** **ब्लाक प्रमुख, भुता (कुआडांडा), बरेली**


# सर्राफ से लूट में वांछित बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

- साथी फरार, बदमाश के पैर में लगी पुलिस की गोली
- 11 जून को की थी लूट, आरोपी नवाबगंज क्षेत्र का रहने वाला है

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के असालतपुर जारई मार्ग पर वाटर पार्क के पास 11 जून को बाइक सवार सर्राफ देवर-भाभी से लूटपाट में वांछित बदमाश को पुलिस ने मंगलवार शाम मुठभेड़ में दबोच लिया। बदमाश के दाएं पैर में गोली लग गई। दूसरा बदमाश फरार हो गया। बदमाश के पास से 8700 रुपये, एक बाइक, तमंचा व 3 कारतूस बरामद किए।


बदमाश चमन प्रकाश।

मंगलवार शाम 5 बजे चन्दौसी-बेरनी मार्ग पर कोकावास पुल के पास पुलिस ने एक बाइक सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया। बाइक सवार बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के दाएं पैर में गोली लगी और वह गिर गया और उसका साथी फरार हो गया। एएसपी राजेश कुमार श्रीवास्तव व सीओ अनुज कुमार मौके पर पहुंच गए और जानकारी की। एएसपी ने बताया कि पकड़े गए बदमाश का नाम चमन प्रकाश उर्फ लखविंदर निवासी गांव गैला टांडा थाना नवाबगंज, बरेली है। 11 जून की शाम सर्राफ अनोज कुमार अपनी भाभी मोनिका के साथ बाइक से चन्दौसी लौट रहा था। असालतपुर जारई के पास वाटर पार्क के पास बाइकों पर सवार 5 बदमाशों ने महिला से दो बैग छीन लिए। बैग में करीब 10 लाख के जेवर व 50 हजार रुपये थे।


**कार्यालय ग्राम पंचायत चन्दोई विकास खंड इस्लामनगर, बदायूं**

पत्रांक: निविदा/विज्ञप्ति/2025–26 **अल्पकालीन निविदा** दिनांक: 01.07.2025

समस्त सामग्री आपूर्ति यथा (सीमेंट, रेता, बजरी, बदरफुट ईट, इन्टरलाक, सरिया, एंगिल, रोडा) आदि को सूचित किया जाता है कि मनरेगा राज्य वित्त, केन्द्र वित्त, योजना (2025–26) के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से ग्राम पंचायत चन्दोई विकास खण्ड इस्लामनगर बदायूं में निम्न कार्य हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: समस्त संबंधित आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है। कि निविदा की तारीख से सामग्री की दरे बन्द लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 04–07–2025 को शाम 3:00 बजे तक जमा करना सुनिश्चित करें। व इस दिवस को 4:00 बजे प्रधान व सचिव के सामने खोली जाएंगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है:-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनु. धनराशि |
|---|---|---|
| 01. | आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत/लार्निंग लैब निर्माण कार्य | प्रा. के अनु. |

**प्रधान** **सचिव**

**कार्यालय सहायक अभियन्ता चतुर्थ रूहेलखण्ड नहरखण्ड, फरीदपुर, बरेली**

पत्रांक:–293 / स0अ0–चतुर्थ / नीलाम / दिनांक:–24.06.2025

नीलामी सूचना शिकार मछली ग्रेम डाम वर्ष 2025–26 एक वर्ष हेतु।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ उपखण्ड फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली के अन्तर्गत ग्रेम डाम की मछली की नीलामी वर्ष 2025–26 (एक वर्ष) हेतु दिनॉक 05.07.2025 को स्थान कार्यालय, सहायक अभियन्ता चतुर्थ फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली पर समय 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरकर्ता एंव उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि द्वारा की जायेगी। इच्छुक खरीद्दार ग्रेम डाम की स्थिति नीलामी से पूर्व देख सकते है। नीलामी की निर्धारित धरोहर धनराशि रू0 8000.00 जमा करना अनिवार्य है। नीलामी की शर्ते किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय, सहायक अभियन्ता चतुर्थ फरीदपुर, रूहेलखण्ड नहर खण्ड, बरेली में देख सकते हैं।

सहायक अभियन्ता चतुर्थ
रूहेलखण्ड नहरखण्ड, बरेली

UP – 235456 **दिनांक:** 30/06/2025
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in **पर उपलब्ध है।**


### मकान बनाने में बाधा डाल रहा पड़ोसी

**बरेली, अमृत विचार :** नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव गोटिया हरदुआ किफायतुल्ला में दबंग पड़ोसी के मकान निर्माण में बाधा बन रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे हैं। इस मामले में पैनी नजर सामाजिक संस्था के पदाधिकारी ने मंगलवार को एसएसपी से मिलकर शिकायत की है। संस्था अध्यक्ष सुनीता गंगवार ने बताया कि पीड़ित राजकुमार का पुस्तैनी मकान है। जिसकी 60 वर्ष से भी पुरानी बुनियाद है। उस बुनियाद की दीवार को पुनर्निर्माण कराए जाने पर पड़ोसी विरोध कर रहे हैं। आरोप है कि थाना पुलिस के साथ साठगांठ कर परेशान कर रहे हैं। जन सुनवाई कर रहे अधिकारी ने जांच के निर्देश दिए हैं।

### मारपीट के मामले में सात लोगों पर रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** मोहल्ला बिलायतगंज निवासी जयश्री पत्नी विचेन्द्र ने बताया कि 26 जून की सुबह उनका बेटा आदेश दुकान पर जाने के लिए तैयारी कर रहा था। तभी मोहल्ले के सौरभ, गौरव, सूरजपाल, प्रेमवती पत्नी अनिल, मीना पत्नी बुद्धसेन, पम्मी पत्नी सूरजपाल लाठी डंडे लेकर घर में घुस आए और मारपीट की। जिससे वह घायल हो गईं और उनके पति की आंख में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामले में सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### खंड शिक्षा अधिकारी ने किया पौधरोपण

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार :** खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय लक्ष्मीपुर में पौधरोपण कर बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर आयोजित रैली को रवाना किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय व उच्च प्राथमिक विद्यालय कलारी ,प्राथमिक विद्यालय अब्दुल्लापुर माफी पहाड़गंज का निरीक्षण किया। इस दौरान डॉ. केपी सिंह ,हिमांशु पटेल ,राकेश यादव ,रूमा भारती आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया

**शेरगढ़, अमृत विचार :** प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने अभियान के तहत मंगलवार को दो वारंटियों रामेश्वर दयाल और गनपत निवासी ग्राम अंबरपुर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोनों को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है।


**कार्यालय उप जिलाधिकारी, दातागंज (बदायूं)**

पत्रांक: 243/मत्स्य आखेट/2025–26 दिनांक: 01.07.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–1/2019/33/1–2–2019 (रिट)/2018 दिनांक 10.01.2019 तथा शासनादेश संख्या: 97(1)/ सत्रह–म–/1–2024 दिनांक 19.01.2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में तहसील दातागंज (बदायूं)के क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के पांच खण्डों तथा रामगंगा नदी के 10 खण्डों में मत्स्य आखेट करने हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी दातागंज की अध्यक्षता में दिनांक 24.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील सभागार दातागंज (बदायूं) में की जायेगी। खण्डों का ठेका न हो पाने की दशा में उक्त नीलामी प्रत्येक वृहस्पतिवार को होगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समितियां जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत हैं उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। उक्त नीलामी शासनादेश में दी गयी शर्तों के अन्तर्गत की जायेगी। सूचनीय है कि प्रत्येक 5.00 कि.मी. के खण्ड में शिकारमाही की नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य रू. 56250.00 मत्स्य आखेट समिति दातागंज के द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिये कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कमरा नं.–325, विकास भवन बदायूं (मो. नं. 9454358880) में किसी भी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य/**
**सचिव, मत्स्य आखेट समिति, तहसील दातागंज**
**जनपद–बदायूं**

**कार्यालय उप जिलाधिकारी, सहसवान (बदायूं)**

पत्रांक: 242/मत्स्य आखेट/2025–26 दिनांक: 01.07.2025

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–1/2019/33/1–2–2019 (रिट)/2018 दिनांक 10.01.2019 तथा शासनादेश संख्या: 97(1)/ सत्रह–म–/1–2024 दिनांक 19.01.2024 में दिये गये प्राविधानों के अन्तर्गत वर्ष 2025–26 में तहसील सहसवान (बदायूं) के क्षेत्र में बहने वाली गंगा नदी के 2 खण्डों में मत्स्य आखेट करने हेतु नीलामी उप जिलाधिकारी सहसवान (बदायूं) की अध्यक्षता में दिनांक 22.07.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तहसील सभागार सहसवान (बदायूं) में की जायेगी। खण्डों का ठेका न हो पाने की दशा में उक्त नीलामी प्रत्येक मंगलवार को होगी। इच्छुक मत्स्य जीवी सहकारी समितियां जो मत्स्य विभाग से पंजीकृत हैं उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु आमंत्रित हैं। उक्त नीलामी शासनादेश में दी गयी शर्तों के अन्तर्गत की जायेगी। सूचनीय है कि प्रत्येक 5.00 कि.मी. के खण्ड में शिकारमाही की नीलामी हेतु न्यूनतम मूल्य रू. 56250.00 मत्स्य आखेट समिति सहसवान के द्वारा निर्धारित किया गया है। विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिये कार्यालय मत्स्य पालक विकास अभिकरण, कमरा नं.–325, विकास भवन बदायूं (मो. नं. 9454358880) में किसी भी कार्यालय दिवस में सम्पर्क कर सकते हैं।

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मत्स्य/**
**सचिव, मत्स्य आखेट समिति, तहसील सहसवान**
**जनपद–बदायूं**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद सुलतानपुर**

पत्रांक : 225/न0पा0परि0सुल0/2025–26 दिनांक – 30–06–2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत निम्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदारों/फर्मो से दिनांक–15–7–25को सायं 3:00 बजे तक सील बन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन ठेकेदारों की उपस्थिति अथवा अनुपस्थिति में 3.30 बजे नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य का भुगतान कर नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के निर्माण विभाग कार्यालय में दिनांक 14–7–25 तक प्राप्त किये जा सकते है। निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/डी0डी0आर0/एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद सुलतानपुर के पक्ष में बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर धनराशि के किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा प्रपत्र साफ–साफ शब्दों एवं अंको में कार्य की कुल लागत पर प्रतिशत दर ठेकेदार के स्वंय के हस्ताक्षर सहित अंकित किया हुआ ही मान्य होगा। कार्य प्रत्येक दशा में निर्धारित अवधि में पूर्ण करना होगा, अन्यथा बिना नोटिस दिये जमानत धनराशि जब्त करते हुए ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। निविदा को बिना कारण बताएं निरस्त किये जाने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारियॉ किसी भी कार्यालय दिवस में पालिका के निर्माण विभाग से प्राप्त की जा सकती है।

| क्र0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | आगणन धनराशि (लाख में) जी0एस0टी सहित | धरोहर धनराशि | टेण्डर प्रपत्र का मूल्य + जी0एस0टी सहित | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड गभड़िया में कब्रिस्तान के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 3,17,343.00 | 3,74,465.00 | 31,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 2 | नगर पालिका परिषद सुलतानपुर परिसर में स्थित अवर अभियन्ता के पास व कर अधीक्षक के आवास की मरम्मत एवं रंगाई पुताई का कार्य। | 2,80,347.00 | 3,30,811.00 | 28000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 3 | वार्ड शास्त्रीनगर में रमेश जायसवाल के बाउण्ड्रीवाल से भरत जी सोनी के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क व कबर्ड नाली निर्माण कार्य। | 3,67,216.00 | 4,33,316.00 | 36,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 4 | वार्ड सिविल लाइन में सचिन शुक्ला के घर से चन्द्रशेखर शुक्ला के घर तक नाली व इंटरलाकिंग रोड निर्माण कार्य। | 2,14,229.00 | 2,52,791.00 | 21,400.00 | 500+90 | 01 माह |
| 5 | नगर पालिका परिषद सुलतानपुर में डूडा कार्यालय की रंगाई पुताई एवं मरम्मत कार्य। | 4,28,730.00 | 5,05,900.00 | 42,900.00 | 500+90 | 01 माह |
| 6 | वन विभाग पुलिया से अच्छेलाल के घर तक आर0सी0सी0 नाला के अवशेष भाग का निर्माण कार्य। | 2,88,148.00 | 3,40,015.00 | 28,800.00 | 500+90 | 01 माह |
| 7 | वार्ड घासीगंज में अलका मिश्रा के मकान से बजरंग बहादुर के घर तक इं0ला0 सड़क व कबर्ड नाली निर्माण कार्य। | 2,48,795.00 | 2,93,578.00 | 24,900.00 | 500+90 | 01 माह |
| 8 | वार्ड गभड़िया में लोकनाथ वर्मा की दुकान से सोनी के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 4,37,069.00 | 5,15,742.00 | 43,700.00 | 500+90 | 01 माह |
| 9 | वार्ड सिविल लाइन में गोपालदास पुल के पास पुलिया निर्माण कार्य। | 3,20,581.00 | 3,78,285.00 | 32,000.00 | 500+90 | 01 माह |
| 10 | वार्ड सिविल लाइन में गोपालदास पुल के पास सीढ़ी निर्माण कार्य। | 8,39,855.00 | 9,91,029.00 | 84,000.00 | 800+144 | 01 माह |

(लाल चन्द्र सरोज)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

(प्रवीन कुमार अग्रवाल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
सुलतानपुर

### मुजफ्फरनगर का मामला : आरोपी ने 10 से बनाए संबंध; हिंदू महिलाओं को राहुल नाम बताता था नौशाद

# फर्जी कांस्टेबल ने 20 महिलाओं को प्रेमजाल में फंसाया, गिरफ्तार

मुजफ्फरनगर,एजेंसी

खुद को पुलिस में कांस्टेबल बताते हुए शादी का झांसा देकर महिला से यौन संबंध बनाने और उससे धन व आभूषण ऐंठने के आरोप में एक फर्जी पुलिसकर्मी को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान नौशाद त्यागी उर्फ राहुल त्यागी के रूप में हुई है।

वह मात्र दसवीं पास है। उसे एक पीड़ित महिला द्वारा कोतवाली थाने में दर्ज कराई गई शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी फर्जी कांस्टेबल बनकर महिलाओं को प्रेमजाल में फंसा रहा था. आरोपी ने नाम बदलकर करीब 20 महिलाओं को निशाना बनाया और 10 से ज्यादा का शारीरिक शोषण किया। .उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी नौशाद दो शादियां कर चुका है। उसकी पहली पत्नी की उम्र 55 साल है। वह चरथावल क्षेत्र में रहती है। दूसरी पत्नी सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क इलाके में रहती है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्यागी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। संजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने उसके पास से पुलिस की वर्दी और नेमप्लेट बरामद की है।



वर्दी में नौशाद।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी नौशाद। ● अमृत विचार

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी नाम बदलकर महिलाओं को प्रेमजाल में फंसाकर इश्कबाजी करता था। वह वर्दी का रौब दिखाकर महिलाओं को अपने प्यार में फंसाता था और फिर उनका शारीरिक शोषण कर छोड़ दिया करता था. पिछले करीब 3 सालों से आरोपी इसी तरह से महिलाओं की इज्जत के साथ खिलवाड़ कर रहा था।

पुलिस की पूछताछ में नौशाद ने बताया कि उसकी करीब 18 से 20 गर्लफ्रेंड है. इनमें से 10 महिलाओं का वो शारीरिक शोषण भी कर चुका है।

#### कई शहरों में था महिलाओं से संपर्क

दिल्ली ,गाजियाबाद, बुलंदशहर ,मथुरा, संभल, मुजफ्फरनगर के साथ ही मेघालय और असम तक उसके कनेक्शन फैले हुए थे, यहां उसने अपना नाम बदलकर 18 से ज्यादा महिलाओं को अपने प्रेम जाल में फंसाया था . जांच में सामने आया है कि कुछ पुलिसकर्मी भी नौशाद के संपर्क में थे। वह पुलिसकर्मी के साथ खाता-पीता भी था, लेकिन उन्हें वह खुद को कांस्टबेल नहीं बताता था। शातिर नौशाद त्यागी ऐसी महिलाओं को अपना टारगेट बनाता था जो अकेली रहती थी, उन्हें यह खाकी की आड़ में अपने प्रेम जाल में फंसाता था। उसके जाल में फंसी महिलाएं या तो विधवा थीं या फिर पति से अलग रह रही थीं।

# कार की टक्कर से सड़क पार करते तेंदुआ की मौत

संवाददाता, भीरा/बिजुआ

**अमृत विचार:** लखीमपुर-भीरा मार्ग पर थाना भीरा क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे युवा नर तेंदुए को टक्कर मार दी। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे वन अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। तेंदुए के शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे जमींदोज करा दिया है। कार बरामद कर वन विभाग कार मालिक और चालक की तलाश कर रहा है।

भीरा वन रेंज क्षेत्र में बाघ और तेंदुए जंगल से निकलकर आबादी तक पहुंच रहे हैं। सोमवार की रात करीब 10 बजे एक तेंदुआ जंगल से निकलकर भीरा-लखीमपुर मार्ग पर पहुंच गया। बताते हैं कि वह ब्रह्मबाबा स्थान व मनमीत नगर कॉलेज के बीच जगदेवपुर के पास सड़क पार कर रहा था। तभी लखीमपुर की तरफ से जा रही तेज रफ्तार कार ने तेंदुए को टक्कर मार दी। हादसे में तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने तेंदुए की मौत की खबर पुलिस और वन विभाग को दी। सूचना पर बफर जोन भीरा रेंज के डिप्टी रेंजर अखिलेश कुमार शर्मा फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और घटना स्थल का निरीक्षण किया।



हादसे में मृत तेंदुआ का शव।

# खीरी के भीरा क्षेत्र में पेड़ से भिड़ी कार, एक ही परिवार के 3 की मौत

### कार सवार पिता-पुत्री और भाभी की जान गई, 4 लोग घायल

संवाददाता, बिजुआ (लखीमपुर खीरी)

- **बेटी की दवा लेकर लखनऊ से लौटते समय हुआ हादसा**
- **घायलों में दो की हालत गंभीर इलाज को लखनऊ में भर्ती**

**अमृत विचार :** थाना भीरा क्षेत्र के गांव मालपुर के पास सोमवार रात लखीमपुर-भीरा मार्ग पर अनियंत्रित कार पेड़ से टकरा गई, जिससे कार सवार एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पिता, उसकी तीन वर्षीय बेटी और भाभी शामिल हैं। हादसे में चार लोग घायल हुए, जिनमें दो की हालत गंभीर बनी हुई है।

गांव गुलरिया निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ राजा पटेल अपनी बेटी श्रद्धा की दवा के लिए कार से लखनऊ गए थे। लौटते समय उनकी पत्नी सुषमा (30), भाभी सीमा देवी (32), भतीजा शिवम (22) और दो अन्य बच्चे भी साथ थे। रात करीब दस बजे मालपुर के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।


> कार में सात लोग सवार थे। महिला समेत तीन की मौत हुई है। दो घायलों का इलाज लखनऊ में चल रहा है। शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। **-पवन गौतम,** एएसपी पूर्वी।

भीषण टक्कर से कार के परखच्चे उड़ गए।

राहगीरों व ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचे पड़रिया तुला पुलिस चौकी प्रभारी और फोर्स ने कार से निकालकर घायलों को अस्पताल भेजा जहां जितेंद्र और उनकी बेटी श्रद्धा को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घायल सीमा देवी को जिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन रास्ते में ही उनकी भी मौत हो गई।पत्नी सुषमा और भतीजा शिवम की हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर किया गया है। अन्य दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।



श्रद्धा



सोमा देवी



जितेंद्र कुमार (फाइल फोटो)



रोते-बिलखते मृतकों के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

# दिव्यांगों को नगर निकायों की दुकानों में मिलेगा आरक्षण

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने नगर निगमों और नगर पंचायतों में बनने वाली दुकानों और कीयोस्क में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण लागू करने का फैसला लिया है। इस पहल के तहत नगर निगम और सूडा (राज्य शहरी विकास प्राधिकरण) को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुनर्वास योजना के तहत दुकानों का आवंटन प्राथमिकता से दिव्यांगजनों को करें।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने मंगलवार को विधानसभा में अपने कार्यालय में नगर निगम और सूडा के अधिकारियों के साथ बैठक कर इस योजना को जमीन पर उतारने के दिशा-निर्देश जारी किए। निर्देश दिया कि दुकानों और कीयोस्क का आवंटन निर्धारित आरक्षण नीति के तहत किया जाए और इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर पात्र दिव्यांगजनों तक जानकारी पहुंचाई जाए।

# युवक ने बेटा - बेटी और मां को गोली मार कर खुद को उड़ाया

संवाददाता,आजमगढ़

- **आजमगढ़ में पारिवारिक कलह और शराब के नशे में युवक ने घटना को दिया अंजाम**

**अमृत विचार:** जिले के जहानगंज थाना क्षेत्र के चकिया मुस्तफाबाद गांव निवासी एक युवक ने मंगलवार की दोपहर को पारिवारिक कलह से क्षुब्ध होकर अपनी मां, बेटे और बेटी को गोली मारने के साथ ही खुद को भी गोली मार ली। इस घटना में मां और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके बेटे को अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

क्षेत्र के चकिया मुस्तफाबाद निवासी नीरज पांडेय (32) परिवार के साथ वाराणसी में रहता था। वह पेट्रोल पंप पर वाहनों में तेल भरने का कार्य करता था। एक सप्ताह पूर्व उसकी पत्नी, बच्चों के साथ गांव पहुंची थी। सोमवार की शाम वह भी वाराणसी से घर पहुंचा था। मंगलवार को दोपहर में किसी बात से नाराज होकर उसने अपनी मां चंद्रकला (55), पुत्री शुभी पांडेय (07) और बेटा संघर्ष पांडेय (04) को गोली मार दी। तीन लोगों को गोली मारने के बाद नीरज ने खुद को भी गोली मार ली। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी को एंबुलेंस के जरिए जहानागंज स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने नीरज और उसकी मां चंद्रकला को मृत घोषित कर दिया।

> पारिवारिक कलह और शराब के नशे में युवक द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। मां और बेटे की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। दोनों बच्चों को इलाज के लिए भेजा गया था, लेकिन नीरज के बेटे की भी मौत हो गई। बच्ची को भी पेट में गोली लगी है लेकिन उसकी हालत स्थिर है। घटना की जांच की जा रही है। **– हेमराज मीना,** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़

वहीं बेटी शुभी पांडेय और बेटे संघर्ष पांडेय की गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने संघर्ष पांडेय को भी मृत घोषित कर दिया, जबकि शुभी पांडेय का इलाज जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई।

# दुग्ध उपार्जन में 40 प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ,अमृत विचार :** प्रदेश में बीते जून महीने में दुग्ध उपार्जन प्रतिदिन 3.57 एलकेजीपीडी के साथ बीते वर्ष की तुलना में 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। औसत तरल दुग्ध विक्रय प्रतिदिन 1.86 एलएलपीडी रहा है। दुग्ध संघ द्वारा 6295 दुग्ध समितियों में भ्रमण कर उत्पादन क्षमताओं और व्यवस्था की प्रगति की समीक्षा की गई।

पशुधन एवं दुग्ध विकास धर्मपाल सिंह ने राज्य में दुग्ध उत्पादन की स्थिति साझा करते हुए मंगलवार को यहां विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में दुग्ध समितियों के गठन की समीक्षा की। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरानी समितियां बंद न होने पाएं, अक्रियाशील समितियों को क्रियाशील किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा दुग्ध समितियों का भ्रमण एवं अनुश्रवण निरंतर किया जाए और निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। जहां कहीं कोई कमी या समस्या हो उसका निराकरण किया जाए और शासन को अवगत कराया जाए। दुग्ध मूल्य का भुगतान समय पर कराया जाए।

# राममंदिर में अर्चक के लिए 500 अभ्यार्थियों ने किया आवेदन

**अयोध्या,अमृत विचार:** राम मंदिर में अर्चक प्रशिक्षण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। 26 से 30 जून के बीच 500 से अधिक अभ्यार्थियों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया है। जिसमें धार्मिक समिति के माध्यम से आवेदकों के प्रपत्रों की जांच कर नियमानुसार बनाए गए शर्त को पूरा करने वाले प्रशिक्षार्थियों का चयन किया जाएगा।

राममंदिर परिसर में प्रथम तल पर राम दरबार की भी प्राण प्रतिष्ठा हो गई है। परकोटा में छह देवी देवताओं को प्रतिष्ठित कराया गया है। इसके अलावा कुबेर टीला, शेषावतार मंदिर और ऋषि-मुनियों की मूर्तियों को भी स्थापित कर दिया गया है। अलग-अलग स्थान पर पूजन अर्चन और अन्य परंपराओं को पूरा करके ट्रस्ट ने अर्चकों को भर्ती करने के लिए छह माह का प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ किया है। अर्चक प्रशिक्षण के लिए 30 जून तक आवेदन मांगे गए थे।

# यूपी-उत्तराखंड की सिंचाई जमीनों का होगा दोबारा सर्वे

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग के सचिव युगल किशोर पंत ने जिलाधिकारी व सिंचाई विभाग के अभियंताओं के साथ उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के मध्य सिंचाई विभाग की संपत्तियों के हस्तांतरण को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने जनपद में उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड की सिंचाई भूमियों का राजस्व विभाग के साथ दोबारा सर्वे करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए।

मंगलवार को जिला सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने सिंचाई विभाग के सचिव को बताया कि हरिपुरा बौर जलाशय में सिल्ट जमा हो गई है। जिससे जलाशय में पानी भंडारण क्षमता कम हो गई है। इसलिए जलाशय की डिसिल्टिंग कराना आवश्यक है। जिस पर सचिव ने अधीक्षण अभियंता सिंचाई को जलाशय डिसिल्टिंग कराने के लिए प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव दो प्रकार से बनाया जाए। पहला प्रस्ताव जलाशय से सिल्ट को हटाने के लिए टेंडर करने और दूसरा स्वयं जलाशय से सिल्ट निकालने का प्रस्ताव बनाकर भेजें।

जिलाधिकारी ने मेलाघाट खटीमा में जगबूड़ा नदी से हो रहे भू-कटाव की जानकारी देते हुए बताया कि जगबूड़ा नदी में बाढ़ सुरक्षा एव भू-कटाव रोकने के लिए तटबंध बनाने के लिए धनराशि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2021 में दोनों राज्यों के मुख्य अभियंताओं एवं अन्य अधिकारियों ने संयुक्त बैठक में संपत्तियों एवं दयित्वों के विभाजन प्रकरणों पर वार्ता हो चुकी है।

अधीक्षण अभियंता सिंचाई पीके दीक्षित ने बताया कि वर्ष 2021 में उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड दोनों राज्यों के मुख्य अभियंताओं एवं अन्य अधिकारियों ने संयुक्त बैठक में संपत्तियों और दायित्वों के विभाजन प्रकरणों पर वार्ता की गयी।

# बहराइच में पानी भरे गड्ढे में नहाने गए सगे भाइयों समेत तीन बच्चों की मौत

संवाददाता,बहराइच

- **खेत में धान की नर्सरी लगाने के दौरान हुआ हादसा**
- **मिट्टी की खुदाई से बड़ा गड्ढा बन गया था**

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़ानिजाम के मजरा सुजानडीह में मंगलवार को पानी भरे गड्ढे में नहाने गए तीन मासूम बच्चों की डूबकर मौत हो गई। यह तीनों परिवार के साथ खेत में धान की रोपाई के कार्य में सहयोग करने गए थे।

जिले के कुछ इलाकों में सोमवार को भारी बारिश हुई थी। जिससे किसान खेत में धान की नर्सरी लगाने को लेकर उत्सुक थे। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के बडानिजाम के मजरा सुजानडीह गांव निवासी किसान सलमान अली व मांगते दर्जी अपने-अपने खेत में धान की नर्सरी लगा रहे थे।

सहयोग के लिए दोनों अपने बच्चों को भी ले गए थे। कुछ समय तक बच्चों ने धान की नर्सरी का पौध अपने परिजनों को दूसरे खेत से लाकर दिया। खेत के पास में ही सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था। सड़क पर मिट्टी पटाई के लिए जेसीबी से सड़क के उत्तरी छोर पर स्थित खेत से मिट्टी खोदकर निकाली गई थी। उसी मिट्टी से सड़क को ऊंचा किया जा रहा था।

मिट्टी की खुदाई से वहां बड़ा गड्ढा बन गया था। इस गड्ढे में सोमवार को दिन और रात में हुई बारिश की वजह से लबालब पानी भर गया था। खेत में मौजूद परिवार के साथ तीनो बच्चे सहयोग करने के दौरान अचानक गड्ढे में भरे पानी में नहाने चले गए। परिवार में किसी को भनक तक नहीं लगी।

थोड़ी देर बाद जब बच्चों की तलाश शुरू हुई तो पता चला कि तीनों बच्चे मकसूद आलम (7वर्ष) व दस्तगीर (11 वर्ष) पुत्रगण सलमान अली तथा जैनल आबदीन (8 वर्ष) पुत्र मंगरे पानी में डूब रहे हैं। परिवार के लोगों ने तीनों बच्चों को गहरे पानी से बाहर निकाल और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर गए। सीएचसी अधीक्षक प्रवीण कुमार पांडे ने बच्चों का परीक्षण करने के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर प्रभारी निरीक्षक विशेश्वरगंज ज्ञान सिंह भी पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंच गए। उन्होंने बताया कि पानी में डूबे हुए बच्चों के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेजा गया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानंद कुशवाहा ने भी घटना की पुष्टि की है और कहा कि सभी बच्चों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# योजना: हल्दू का जीन बैंक तैयार करेगा वन विभाग

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हल्द्वानी कुमाऊं के सबसे बड़े शहर का नाम हल्दू के पेड़ों के नाम पर रखा गया था। वजह थी कि इस क्षेत्र में हल्दू के पेड़ों की संख्या अधिकाधिक थी। यहां कदम- कदम पर हल्दू के पेड़ मिलते थे लेकिन धीरे-धीरे यह पेड़ गायब होता गया। अब जंगलात ने इस पेड़ को संरक्षण व संवर्द्धन के लिए इसका पौधरोपण व जीन बैंक तैयार करने का फैसला लिया है।

तराई पूर्वी वन डिवीजन को इस वर्ष लगभग 500 हेक्टेयर वन भूमि में पौधरोपण करना है। इसमें जैवविविधिता को संतुलन बनाते हुए मिश्रित फलदार, औषधीय, कॉमर्शियल व सॉफ्ट वुड का पौधरोपण कर रहा है। इधर, अधिकारियों का कहना है कि हल्द्वानी का नाम हल्दू के पेड़ों की बहुतायत की वजह से पड़ा है लेकिन पिछले दो दशक में हल्दू के पेड़ों का तेजी से कटान हुआ। जैसे-जैसे हल्द्वानी का आकार बढ़ता गया वैसे-वैसे इस पेड़ के अस्तित्व पर संकट गहराता गया। इसके बाद अब वन विभाग ने इस पेड़ के संरक्षण का फैसला किया है। इसके तहत वन डिवीजन की किशनपुर व रनसाली रेंज में एक-एक हेक्टेयर भूमि सिर्फ हल्दू के पौधे ही रोपे जाएंगे। इसी के साथ ही जीन बैंक भी बनाया जाएगा ताकि वृक्ष विलुप्ति की कगार पर नहीं पहुंच जाए। इसके अलावा हल्दू का वैज्ञानिक नाम, फायदे, जैव विविधता में महत्व आदि का भी ब्योरा दिया जाएगा।



# अखिलेश के जन्मदिन पर योगी का पूर्व सीएम से मधुर संवाद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का 52वां जन्मदिन मंगलवार को पार्टी कार्यकर्ताओं ने सादगी और संकल्प के साथ मनाया। इस मौके आमतौर पर एक दूसरे को तमाम मुददों पर घेरने व आरोप लगाने वाली प्रतिक्रिया देने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पूर्व सीएम अखिलेश यादव के बीच भी मधुर संवाद पढ़ने को मिला।

योगी ने अपने ट्वीट में लिखा, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई इस बधाई संदेश का जवाब देते हुए अखिलेश ने भी नरमी भरे अंदाज में लिखा, आपकी शुभकामनाओं के लिए हार्दिक धन्यवाद। वहीं, बसपा नेत्री मायावती, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री ओपी राजभर समेत तमाम नेताओं ने भी अखिलेश यादव को बधाई दी। ओपी राजभर ने श्री यादव को उत्तम स्वास्थ्य के साथ दीर्घायु होने की कामना करते हुए उनके साथ वाली अपनी एक पुरानी तस्वीर भी सोशल मीडिया पर साझा की। इस बीच देश भर से सपा सहित विभिन्न दलों के नेताओं और समाज के हर तबके के लोगों ने अखिलेश यादव को अलग-अलग माध्यमों से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

सपा राज्य मुख्यालय, लखनऊ में सुबह से ही अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ी दिखी।





# उत्तराखंड में हाईकोर्ट ने वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति दी

विधि संवाददाता, नैनीताल

**हाईकोर्ट का फैसला**

- **तराई के लगभग एक हजार परिवारों को फैसले से राहत**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने मंगलवार को वन गुर्जरों के मामले में सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण निर्णय में वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति दे दी है। उच्च न्यायालय के इस आदेश से तराई के लगभग 1000 वन गुर्जर परिवार लाभान्वित हो सकेंगे।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र एवं न्यायमूर्ति आलोक महरा की खंडपीठ में तराई पूर्वी, तराई पश्चिमी और तराई केन्द्रीय वन प्रभाग में निवास कर रहे वन गुर्जर अली जान, गुलाम रसूल, मो. यूसुफ और गुलाम रसूल की ओर से दायर चार अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वह कई वर्षों से रंगशाली और डोली रेंज में निवास कर रहे हैं तथा वन विभाग अतिक्रमण के नाम पर उन्हें खेती करने से रोक रहा है।



उनकी खेती वाली भूमि पर पौधरोपण कर खेती करने से रोका जा रहा है। यह उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। यह भी कहा गया कि वन विभाग के अधिकारी बिना नोटिस जारी किए यह सब कार्रवाई कर रहे हैं। अभी तक उनके दावों की सुनवाई नहीं की जा रही है जबकि उन्होंने ग्राम सभा कमेटी को अपने दावों के संबंध में प्रत्यावेदन सौंपा है।

दूसरी ओर सरकार की ओर से आरोप को गलत बताते हुए कहा गया कि वन गुर्जरों की ओर से अतिक्रमण किया जा रहा है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता अर्जुन कसाना की ओर से बताया गया कि अंत में खंडपीठ ने वन गुर्जरों को खेती करने की अनुमति दे दी। साथ ही निर्देश दिए कि वन गुर्जर खेती वाली भूमि का व्यावसायिक उपयोग नहीं कर सकेंगे। अदालत ने इसी के साथ ही सभी याचिकाओं को निस्तारित कर दिया।

# एक्मे इंफ्रावेंचर्स ने प्लॉट का झांसा देकर बरेली निवासी से ऐंठे 15 लाख

संवाददाता, निगोहां(लखनऊ)

- **डीसीपी साउथ के निर्देश पर निगोहा थाने में रिपोर्ट दर्ज**

**अमृत विचार:** रियल एस्टेट कंपनी एक्मे इंफ्रावेंचर्स ने निगोहां में प्लॉट का झांसा देकर बरेली के ज्ञानचंद्र तिवारी से 15 लाख रुपये ठग लिए। रजिस्ट्री के बाद सालों तक कब्जे में टालमटोल देख पीड़ित ने पड़ताल की तो फर्जीवाड़ा सामने आया। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने कंपनी निदेशक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बरेली जिले के आंवला निवासी ज्ञानचंद्र त्रिपाठी लखनऊ में एक प्लॉट खरीदना चाहते थे। इसी दौरान उन्हें एक्मे इंफ्रावेंचर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का पता चला। संपर्क करने पर उनकी मुलाकात राहुल श्रीवास्तव निवासी सप्रू मार्ग से हुई। नक्शा व प्रोजेक्ट देखने के बाद पीड़ित ज्ञानचंद्र ने निगोहां के सिर्स गांव में प्लॉट बुक कराकर कई बार में 15 लाख रुपये दिए थे। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने रजिस्ट्री कर दी लेकिन कब्जा नहीं दिया।

लगातार टालमटोल देख पीड़ित प्लॉट पर पहुंचा तो पता चला कि उक्त प्लॉट की रजिस्ट्री कई लोगों को की गयी है। पीड़ित ने मामले की शिकायत डीसीपी साउथ से की। जांच में आरोप सही मिलने पर निगोहां पुलिस ने राहुल श्रीवास्तव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# 7वीं के छात्र की स्कूल गेट के पास अटैक से मौत

**बाराबंकी, अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियों के बाद स्कूल खुलने की खुशी लेकर पहुंचा सातवीं कक्षा का छात्र अखिल प्रताप सिंह (12) अचानक इस दुनिया को अलविदा कह गया। मंगलवार सुबह जब शहर के सेंट एंथोनी स्कूल, बाराबंकी में बच्चे नए सत्र की शुरुआत के लिए पहुंचे, तभी स्कूल गेट के पास एक दिल दहला देने वाली घटना घट गई।

देवा कोतवाली क्षेत्र के घेरी बिशुनपुर गांव निवासी जितेंद्र प्रताप सिंह का बेटा अखिल, अपने पिता के साथ कार से स्कूल पहुंचा था। गाड़ी से उतरकर जैसे ही उसने कंधे पर बैग टांगा और स्कूल गेट की ओर बढ़ा, वह अचानक जमीन पर गिर पड़ा। अखिल को तुरंत पास के अवध चिल्ड्रेन हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां हालत गंभीर देख उसे लखनऊ के चंदन हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों ने अस्पताल पहुंचने पर उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक नजर

### ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा निगमों के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी 2 जुलाई को राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शन करेंगे। राजधानी समेत प्रदेश भर में जिला व परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा होगी, जबकि पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत 9 जुलाई को सांकेतिक हड़ताल की जाएगी। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने बताया कि विरोध प्रदर्शन में प्रदेश में एक लाख बिजली कर्मी सड़क पर उतरेंगे। निजीकरण का टेंडर होने पर जेल भरो आंदोलन को धार देने के लिए मंगलवार को संघर्ष समिति व जूनियर इंजीनियर्स संगठन के केंद्रीय पदाधिकारियों ने कानपुर, केस्को और पनकी ताप बिजलीघर में आम सभा की।

### 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की बढ़ी संख्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम एवं सेवायोजन विभाग द्वारा जारी की गई ताजा के परफारमेंस इंडिकेटर (केपीआई) रिपोर्ट में साफ हो गया है कि यूपी में निवेश व उद्यमिता को नया आयाम मिल रहा है। 100 से अधिक श्रमिकों वाले कारखानों की संख्या बढ़ी है। कई क्षेत्रों में लक्ष्य से अधिक उपलब्धियां हासिल हुई हैं। श्रमायुक्त संगठन उत्तर प्रदेश से संबंधित केपीआई-1 में वित्तीय वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के अनुसार, पंजीकृत कारखानों की संख्या का लक्ष्य 3600 था, जिसके सापेक्ष 3644 कारखानों का पंजीकरण हुआ है, जो 101.22 फीसदी उपलब्धि को दर्शाता है।

# शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम : राष्ट्रपति

## द्रौपदी मुर्मु ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का किया लोकार्पण, महिला छात्रावास का भी शिलान्यास

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण तथा महिला छात्रावास का शिलान्यास किया। राष्ट्रपति ने वन महोत्सव के तहत यहां भी रुद्राक्ष का पौधा रोपा, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि नए महिला छात्रावास का शिलान्यास कर सबसे अधिक खुशी हो रही है। शिक्षा ही सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है, इसलिए यह कदम नारी सशक्तिकरण की दिशा में अमूल्य पहल है।

राष्ट्रपति ने महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की सराहना की। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरित सभी संस्थानों में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना प्रसारित होती है। लगभग 700 वर्ष पहले महाराणा प्रताप ने राष्ट्रगौरव के लिए त्याग और पराक्रम का जो आदर्श प्रस्तुत किया था, वह देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। आशा जताई कि इस विश्वविद्यालय के सभी विद्यार्थी प्रोफेशनल एजुकेशन पर आधारित उत्कृष्टता प्राप्त करने के साथ-साथ आध्यात्मिकता तथा राष्ट्रप्रेम के आदर्शों को अपने आचरण में ढालेंगे। कहा कि नए पंचकर्म केंद्र से अधिकाधिक लोग लाभान्वित हो पाएंगे।

कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री व कुलाधिपति योगी आदित्यनाथ, कैबिनेट मंत्री सूर्यप्रताप शाही, स्वतंत्र देव सिंह, डॉ. संजय निषाद, कुलपति डॉ. सुरेंद्र सिंह, गैलेंट फाउंडेशन के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



गोरखपुर में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन, प्रेक्षागृह व पंचकर्म सेंटर का लोकार्पण करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, साथ में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### देश के लिए प्रेरक उदाहरण है एमजीयूजी : राज्यपाल

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने एमजीयूजी की चार साल से भी कम समय की उत्कृष्ट प्रगति की मुक्त कंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि नाथपंथ के प्रवर्तक की तपोभूमि पर यह विश्वविद्यालय शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा का संगम बनकर उभर रहा है। यह विश्वविद्यालय केवल पारंपरिक चिकित्सा क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि आधुनिक विधाओं के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है। यह पूरे देश के लिए प्रेरणा की बात है।

### सेवा भावना को साकार कर रहा एमजीयूजी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि महाराणा प्रताप (एमपी) शिक्षा परिषद की संस्थाएं अपने संस्थापकों की भावनाओं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप राष्ट्र प्रथम के भाव से सेवा कार्य कर रहीं हैं। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय भी परिषद की इसी भावना को उच्च शिक्षा और चिकित्सा के सेवा क्षेत्र में साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि 1932 में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी ने शैक्षिक रूप से इस पिछड़े क्षेत्र में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की स्थापना की थी। आजादी के बाद पहला विश्वविद्यालय स्थापित करने में इसी शिक्षा परिषद का योगदान रहा। आज महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की 52 से अधिक संस्थाएं शिक्षा, स्वास्थ्य और लोक कल्याण के क्षेत्र में राष्ट्र प्रथम की सेवा भावना को साकार कर रहीं हैं।

## 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' की शुरुआत करें : राज्यपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने किसानों से 'एक गांव-एक औषधीय पौधा' अभियान की शुरुआत करने की अपील करते हुए कहा कि आयुष विश्वविद्यालय के आसपास के गांवों के किसान औषधीय पौधों की खेती कर कमाई कर सकते हैं। सुझाव दिया कि एक गांव में एक तरह के औषधीय पौधे लगाए जाएं तो दूसरे गांव में दूसरे तरह के।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में राज्यपाल ने अपील की कि आंगनबाड़ी केंद्रों के जरिये होम्योपैथ और आयुर्वेद की हानिरहित दवाएं लोगों तक पहुंचाई जाए। इसमें डॉक्टरों, समाजसेवियों और जनप्रतिनिधियों को भी बड़ी भूमिका निभानी होगी। आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह को आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र दयालु ने भी संबोधित किया। स्वागत संबोधन आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो के. रामचंद्र रेड्डी ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य विभाग के मंत्री संजय निषाद, सांसद रविकिशन शुक्ल, स्थानीय विधायक महेंद्रपाल सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### आयुष विवि हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन : योगी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और अति विशिष्ट अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का स्वागत करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म का नया डेस्टिनेशन बनेगा।

योगी ने कहा कि नवनाथ और चौरासी सिद्धों की परंपरा से आयुर्वेद का रस शास्त्र जुड़ा है। उन्होंने कहा कि 2014 के पूर्व भारत की आरोग्यता की प्राचीन पद्धतियों, सुविधाओं को वैश्विक मान्यता नहीं मिल पाई थी। 2014 में प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी ने आयुर्वेद, योग, यूनानी, होम्योपैथ, नेचुरोपैथी, सिद्धा को मिलाकर आयुष मंत्रालय बनाया और परंपरागत चिकित्सा पद्धतियों को नया मंच दिया।

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय पीएम मोदी की प्रेरणा से सम्पूर्ण आरोग्यता के लिए बनाया गया उत्तर प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। लोकार्पण के साथ अब इस विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया भी आगे बढ़ेगी। लोगों को आयुर्वेद, होम्योपैथ, यूनानी, योग, नेचुरोपैथी, सिद्धा आदि विधाओं की चिकित्सा सेवा का लाभ मिलेगा। यह विश्वविद्यालय आयुष के क्षेत्र में रिसर्च एंड डेवलपमेंट के बड़े केंद्र के रूप में भी आगे बढ़ेगा।

### राष्ट्रपति ने की वन महोत्सव की शुरुआत

देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पहली से सात जुलाई तक चलने वाले 'वन महोत्सव-2025' की मंगलवार को शुरुआत की। उन्होंने महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रुद्राक्ष का पौधा लगाया। राष्ट्रपति ने पौधों के संरक्षण पर भी जोर दिया। राष्ट्रपति ने यहां जनप्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त किया, फिर प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# नहीं रुकेगी बिटिया की पढ़ाई, योगी ने दिया भरोसा

## गोरखपुर में आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री से मिलने आई पंखुड़ी ने कहा- फीस देने में हो रही दिक्कत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा- खूब पढ़ो बिटिया, फीस की व्यवस्था हम करेंगे

**अमृत विचार :** कक्षा-7 की छात्रा पंखुड़ी त्रिपाठी के लिए नए शैक्षिक सत्र का पहला दिन यादगार बन गया। फीस न दे पाने की स्थिति में इस बिटिया की पढ़ाई छूटने की नौबत आ गई थी, लेकिन मंगलवार को जनता दर्शन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात होते ही सभी बाधाएं दूर हो गईं। मुख्यमंत्री ने पंखुड़ी को भरोसा दिया कि उसकी पढ़ाई नहीं रुकेगी। वह या तो फीस माफ करवाएंगे या फिर फीस की खुद व्यवस्था कराएंगे। यही नहीं, मुख्यमंत्री योगी ने साथ फोटो खिंचाने की उसकी इच्छा भी पूरी की।

गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुन रहे थे। समस्याओं के निस्तारण के लिए अफसरों को निर्देशित कर रहे थे। मुलाकात करने वाले लोगों की कतार में कक्षा-7 में पढ़ने वाली कोतवाली इलाके के पुरदिलपुर की रहने वाली बच्ची पंखुड़ी त्रिपाठी भी बैठी थी। मुख्यमंत्री जब पंखुड़ी के पास पहुंचे तो उन्हें प्रार्थना पत्र देते हुए पंखुड़ी बोल पड़ी। महाराज जी, मैं पढ़ना चाहती हूं, फीस माफ करवा दीजिए या फीस का इतंजाम करा दीजिए। मुख्यमंत्री रुक गए और आत्मीयता से संवाद कर पंखुड़ी की सारी परेशानी जानी। पंखुड़ी ने बताया कि वह एक इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ती है। पिता राजीव त्रिपाठी के दिव्यांग हो जाने से परिवार आर्थिक रूप से काफी कमजोर हो गया है। मां मीनाक्षी एक शॉप पर नौकरी कर रही हैं। उसके अलावा कक्षा-12 में पढ़ने वाला भाई भी है। पंखुड़ी ने बताया कि फीस न जमा कर पाने के कारण आज वह स्कूल जाने की बजाय मुख्यमंत्री के पास मदद की गुहार लेकर आई है।

इसे लेकर उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि फीस के अभाव में पंखुड़ी की पढ़ाई रुकनी नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री से भरोसा मिलते ही प्रफुल्लित पंखुड़ी ने उनके साथ फोटो खिंचाने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने उसकी इस ख्वाहिश को भी पूरा कर दिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को जनता दर्शन दौरान करीब 100 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्राथमिकता है।



गोरखपुर में जनता दर्शन के दौरान छात्रा पंखुड़ी से संवाद करते मुख्यमंत्री योगी।

# बरेली, कानपुर व अलीगढ़ मंडल की 8 कंपनियों को मिलेगी 4.91 करोड़ की प्रोत्साहन राशि

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** बरेली, कानपुर व अलीगढ़ मंडल की 8 कंपनियों को 4.91 करोड़ की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने इससे जुड़े विभागीय प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी।

शासन के अधिकारियों के अनुसार प्रदेश में निवेश को बढ़ाने, निवेशकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने व उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी वाला राज्य बनाने के लिए शुरू की गई उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश व रोजगार प्रोत्साहन नीति के तहत कानपुर मंडल की छह व अलीगढ़ व बरेली मंडल की एक-एक कंपनियों को चार करोड़ 91 लाख 38 हजार 207 रुपए की नेट जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

इन कंपनियों में मेसर्स मॉडर्न स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड जैनपुर कानपुर देहात को 35 लाख 93 हजार 883 रुपए, मेसर्स बजरंग बली स्नैक्स प्राइवेट लिमिटेड अकबरपुर कानपुर देहात को 26 लाख 21 हजार 102 रुपए, मेसर्स हिंगलाज फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड पनकी कानपुर को 9 लाख 38 हजार 148 रुपए, मेसर्स हाइटेक प्लास्ट इस्पात नगर कानपुर को 15 लाख 63 हजार 826 रुपए, मेसर्स रेज पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड उद्योग कुंज पनकी कानपुर को 55 लाख 98 हजार 854 रुपए, मेसर्स माधव पाइप्स चकेरी कानपुर को 21 लाख 90 हजार 978 रुपए की धनराशि नेट जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

अलीगढ़ मंडल में मेसर्स स्टर्लिंग एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड कासगंज को दो करोड़ 50 लाख 51 हजार 416 रुपए और बरेली मंडल के मेसर्स कृष्णा कोरुगेटर्स बरेली को 75 लाख 80 हजार रुपए नेट जीएसटी प्रतिपूर्ति के रूप में प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

मंत्री नंदी ने कहा कि 2017 से पहले जहां उत्तर प्रदेश से उद्योग धंधों का पलायन हो रहा था, वहीं योगी सरकार में उत्तर प्रदेश निवेश का प्रमुख केंद्र बन कर उभरा है। जहां निवेशकों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।



लखनऊ में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत करते सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

## सूचना निदेशालय में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक विशाल सिंह ने मंगलवार को पं. दीनदयाल सूचना परिसर के मीटिंग हॉल में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पोर्टल की शुरुआत की। यहां उन्होंने कहा कि इस नई पहल से न केवल प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी बल्कि समय की भी बचत होगी तथा विभागीय कार्यों में दक्षता और गति आएगी। इस मौके पर विभाग के वरिष्ठ वित्त एवं लेखा अधिकारी संजय कुमार सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में एनएफएस किया जाए समाप्त

## राज्यमंत्री ने उच्च शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर दिए कई विकल्प

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में व्याप्त 'नॉट फाउंड सूटेबल' (एनएफएस) की व्यवस्था पर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने चिंता जताई है।

इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय से मुलाकात कर नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा एनएफएस व्यवस्था को समाप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान डॉ. रवि प्रकाश, प्रो. एसएस गौरव, प्रो.एके भारतीय, प्रो.नितिन गर्ग भी मौजूद रहे। इस दौरान असीम अरुण ने कहा कि बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को बिना स्पष्ट कारण एनएफएस घोषित कर दिया जाता है, जिससे आरक्षित वर्गों के प्रतिभाशाली अभ्यर्थी चयन से वंचित हो रहे हैं।

वर्तमान में राज्य में आरक्षित वर्गों में कई शिक्षकों के पद रिक्त हैं, लेकिन एनएफएस जैसी अपारदर्शी व्यवस्था के चलते इन पदों को नहीं भरा जा पा रहा।

### मनमाने प्रयोग पर लगे रोक

राज्यमंत्री ने इस व्यवस्था को समाप्त करने के लिए तीन प्रमुख सुझाव भी दिए। इनमें एनएफएस को सीमित और कारण सहित किया जाए। शासनादेश जारी कर मनमाने प्रयोग पर रोक लगाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि चयन प्रक्रिया में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) व राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के दिशा निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य किया जाए। हर अभ्यर्थी के शैक्षणिक अंकों, शोध कार्य, लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के अंक दर्ज किए जाएं, ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इसके साथ ही साक्षात्कार के साथ वीडियो रिकॉर्डेड डेमो क्लास को अनिवार्य करने की मांग भी रखी, जिससे चयन प्रक्रिया जांच योग्य बनेगी।

### शिक्षकों की नियुक्ति में एनएफएस व्यवस्था खत्म करने का उच्च शिक्षा मंत्री से आग्रह

**अमृत विचार, लखनऊ :** उच्च शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में व्याप्त 'नॉट फाउंड सूटेबल' (एनएफएस) की व्यवस्था पर समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय से मुलाकात कर नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तथा एनएफएस व्यवस्था को समाप्त करने का आग्रह किया। इस दौरान डॉ. रवि प्रकाश, प्रो. एसएस गौरव, प्रो.एके भारतीय, प्रो.नितिन गर्ग भी मौजूद रहे। इस दौरान असीम अरुण ने कहा कि बड़ी संख्या में योग्य अभ्यर्थियों को बिना स्पष्ट कारण एनएफएस घोषित कर दिया जाता है, जिससे आरक्षित वर्गों के प्रतिभाशाली अभ्यर्थी चयन से वंचित हो रहे हैं।

## वर्ग पहेली-19

**बाएं से दाएं**

1. जिसकी आयु सबसे अधिक हो।
3. 1. अवतार ग्रहण करने वाला 2. अवतार या अवतार-ग्रहण से संबंधित 3. ईश्वर या किसी देवता के अवतार के रूप में जिसकी प्रसिद्धि हो 4. अवतार की तरह का चमत्कारी अथवा प्रभाव रखने वाला।
4. बलि देने की जगह, वह स्थल जहां पूजा या यज्ञ आदि में पशु की बलि दी जाती है।
6. रास्ते में पड़ने वाला उतार, ढाल।
7. आँख की पलक के ऊपर होने वाली फुंसी, बिलनी।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. प्रकट, स्पष्ट 2. खुला हुआ।
3. जहां प्रकाश न किया गया हो, अंधेरा
4. वन या जंगल में उपजने वाले पेड़-पौधों के फूल।
5. देवताओं का राजा, इंद्र।
6. 1. हिमालय की पुत्री, पार्वती, गौरी, शिव की पत्नी 2. कांति, शोभा।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | ■ | ■ | ■ | 2 |
| ■ | ■ | ■ | 3 | | | |
| 4 | | | | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | | ■ | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 7 | | | |

### वर्ग पहेली -18 का हल


| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 अ | नि | य | मि | 2 त |
| 3 आ | जा | नु | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | बो | ■ | 4 ता | ■ | फ़ |
| 5 सं | बं | ध | यो | ज | क | ■ |
| व | ■ | क | ■ | दा | ■ | ■ |
| ह | ■ | ■ | ■ | 6 र | 7 का | बी |
| न | ■ | 8 छाँ | द | ■ | ठा | ■ |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 जुलाई, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-शुक्ल पक्ष, सप्तमी-11.58 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल- उत्तर ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 11.07 तक तत्पश्चात हस्त।



**मेष** – आज आपके व्यक्तित्व में तीव्र आकर्षण रहेगा। इसके कारण आप लोकप्रिय रहेंगे। खर्च करने से पहले बजट का ध्यान अवश्य रखें। गले में खराश और बुखार जैसी समस्या हो सकती है। अनुसंधान संबंधी कार्यों में सफलता मिल सकती है।



**वृष** – आज कार्यक्षेत्र में आप काफी व्यस्त रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ अनबन हो सकती है। लोग आपकी बातों को काफी गंभीरता से लेंगे। बुद्धिमान लोगों से मुलाकात हो सकती है। शाम को मित्रों के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेंगे।



**मिथुन** – आज नई योजनाओं में सफलता देर से मिलेगी। मानसिक स्थिति नकारात्मक हो सकती है। व्यर्थ में अपने शुभचिन्तकों पर संदेह न करें। अधिक भागदौड़ से आपको बचना चाहिए। धन को लेकर समस्यायें उत्पन्न हो सकती हैं। आलस्य में अपना समय व्यर्थ न करें।



**कर्क** – आज कारोबारी यात्राओं से आपको लाभ मिलेगा। दूसरों की बातों में आकर अपना समय व्यर्थ न करें। रचनात्मक गतिविधियों में सुखद समय बीतेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन के अवसर मिलेंगे।



**सिंह** – आज नए व्यावसायिक संपर्क विकसित होने के योग बन रहे हैं। आपके विनम्र व्यवहार से विपरीत लिंगी लोग आपसे आकर्षित रहेंगे। डिजाइनिंग का कोर्स कर रहे छात्रों को नई जॉब मिल सकती है। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर में कुछ रिश्तेदार आ सकते हैं।



**कन्या** – आज आपके कारोबार में निवेश करने के लिए बाहरी निवेशक आ सकते हैं। रुके हुए कार्य दोबारा से शुरू होंगे। छात्र पढ़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। किसी मांगलिक उत्सव में आप सम्मिलित हो सकते हैं।



**तुला** – आज कार्यक्षेत्र को लेकर मन में उत्साह की कमी देखने को मिलेगी। नजदीकी लोगों के साथ आपके रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। आज आपको धैर्य और संयम के साथ अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। दूसरों की सलाह पर अधिक ध्यान न दें।



**वृश्चिक** – आज कार्यक्षेत्र में आपको पदोन्नति प्राप्त हो सकती है। संतान के विवाह में आ रही बाधा दूर होगी। जीवनसाथी और बच्चों से आपको प्रेम और सम्मान दोनों ही प्राप्त होगा। आपके विचारों से लोग प्रभावित रहेंगे। सरकारी मामलों में आपको सफलता मिल सकती है।



**धनु** – आज परिवार में उत्सव का वातावरण रहेगा। लक्ष्य प्राप्ति के लिए दृढ़ संकल्पित रहेंगे। सहकर्मियों की तुलना में आपका प्रदर्शन विशेष और उत्कृष्ट हो सकता है। किसी बहूमूल्य वस्तु को खरीद सकते हैं। कच्चे माल के आयात-निर्यात में उत्तम धन लाभ हो सकता है।



**मकर** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। माता-पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। निजी समस्याओं का निराकरण होगा। कुछ कठिन काम आसानी से अचानक बनने से मन प्रसन्न होगा। गैस और एसिडिटी की समस्या हो सकती है। समाज में आपकी प्रशंसा होगी।



**कुंभ** – आज पारिवारिक आयोजन किसी कारणवश टल सकते हैं। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। किसी के उकसावे में आकर काम न करें। अन्य दिनों की अपेक्षा दिन कुछ कमजोर रहेगा। ऑफिस में अधीनस्थ कर्मचारियों पर नाराज हो सकते हैं।



**मीन** – आज आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले बड़ों की राय अवश्य लें। भोग-विलास का भरपूर आनन्द उठायेंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। व्यवसाय में सारी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने वाली हैं।

## सुडोकू -26

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | | | 7 | | 1 |
| | 3 | | | 1 | | | | 8 |
| | | 5 | | 9 | | 6 | 3 | |
| 3 | | | 8 | | | | 7 | |
| 5 | 2 | | | | | | 6 | 9 |
| | 4 | | | | 1 | | | 3 |
| | 1 | 2 | | 4 | | 3 | | |
| 4 | | | | 6 | | | 2 | |
| 7 | | 9 | | | | 5 | | 4 |

### सुडोकू - 25 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 2 | 3 | 1 | 6 | 4 | 8 | 9 | 5 |
| 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 3 | 6 | 1 | 2 |
| 6 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 4 | 1 | 9 | 7 | 6 |
| 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 8 | 2 | 5 | 4 |
| 5 | 9 | 8 | 4 | 3 | 6 | 7 | 2 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 9 | 2 | 5 | 3 | 6 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 | 5 | 4 | 9 |

# जीएसटी का जोर कारोबार सुगमता बढ़ाने पर

## वित्त मंत्रालय ने आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड किया जारी, कहा- व्यापक आर्थिक समावेश पर होगा फोकस

**नई दिल्ली, एजेंसी**




वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि आठ साल पूरे कर चुके माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का जोर अब कारोबार को सुगम बनाने, मजबूत अनुपालन सुनिश्चित करने और व्यापक आर्थिक समावेश को बढ़ावा देने पर होगा। कुल 17 करों और 13 उपकरों को शामिल कर एक जुलाई, 2017 से लागू जीएसटी ने अनुपालन को सरल और कर प्रणालियों को डिजिटल बनाकर एक निर्बाध राष्ट्रीय बाजार बनाने में मदद की है। साथ ही इसने करदाता आधार का भी विस्तार किया है और सहकारी संघवाद को मजबूत किया है।

वित्त मंत्रालय ने जीएसटी के आठ साल पूरे होने पर रिपोर्ट कार्ड जारी करते हुए कहा, माल एवं सेवा कर अपने नौवें साल में प्रवेश कर रहा है। यह कारोबार को सरल बनाने के साथ मजबूत अनुपालन और व्यापक आर्थिक समावेश को प्राथमिकता देते हुए विकसित हो रहा है। इससे भारत की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने में इसकी भूमिका मजबूत हो रही है। संचालन के पहले वर्ष (नौ महीने) में सकल जीएसटी संग्रह 7.40 लाख करोड़ रुपये था। पिछले कुछ वर्षों में इसमें तेजी से वृद्धि हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में सकल जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 22.08 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो सालाना आधार पर 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह वृद्धि अर्थव्यवस्था के संगठित होने और बेहतर कर अनुपालन को दर्शाती है। सालाना जीएसटी राजस्व लगभग तीन गुना हो गया है।

यह वित्त वर्ष 2017-18 के सात लाख करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 22 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। लगातार दहाई अंक की वृद्धि न केवल एक मजबूत अर्थव्यवस्था का संकेत देती है, बल्कि बेहतर अनुपालन, कम कर चोरी और कम करदाता बोझ के साथ एक परिपक्व, प्रौद्योगिकी-संचालित कर परिवेश का संकेत भी देती है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि भारत का जीएसटी संग्रह अप्रैल, 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपये के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। मई, 2025 तक 162 करोड़ से अधिक जीएसटी रिटर्न दाखिल किए गए हैं। यह केवल आठ वर्षों में एक सुव्यवस्थित, डिजिटल-प्रथम कर प्रणाली अपनाने और बढ़ते भरोसे को बताता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष करों को मानकीकृत स्लैब (0 प्रतिशत, 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत) और निर्बाध पंजीकरण, जीएसटीएन के साथ सरलीकृत व्यवस्था में एकीकृत किया है।

### बिजली की खपत घटकर 150 अरब यूनिट पर

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत जून में सालाना आधार पर 1.5 प्रतिशत घटकर 150.04 अरब यूनिट रही। इसका मुख्य कारण मानसून के जल्दी आने के साथ घरों, दफ्तरों को ठंडा रखने वाले एसी, कूलर जैसे उपकरणों का कम उपयोग है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष जून में बिजली की खपत 152.37 अरब यूनिट रही थी। विशेषज्ञों का मानना है कि मानसून के जल्दी आने से जून में बिजली की खपत के साथ-साथ मांग भी प्रभावित हुई है। जून में एक दिन में सबसे अधिक आपूर्ति (अधिकतम मांग को पूरा करने के लिए की गयी आपूर्ति) भी पिछले महीने घटकर लगभग 242.49 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) रह गई, जो जून, 2024 में लगभग 244.52 गीगावट थी।

## गोल्ड कमोडिटी : सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प

गोल्ड कमोडिटी निवेश का एक सुरक्षित और लोकप्रिय विकल्प माना जाता है। यह न सिर्फ मुद्रास्फीति और बाजार अस्थिरता से सुरक्षा प्रदान करता है, बल्कि दीर्घकालिक पूंजी वृद्धि का भी माध्यम बनता है। निवेशक इसमें भौतिक सोना, गोल्ड ईटीएफ, सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड या फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट्स के माध्यम से निवेश कर सकते हैं। कीमतें वैश्विक आर्थिक घटनाओं, डॉलर की मजबूती और मांग-आपूर्ति के आधार पर प्रभावित होती हैं।

बात काम की

### क्या है गोल्ड कमोडिटी

गोल्ड कमोडिटी का अर्थ है सोने को एक व्यापारिक वस्तु के रूप में खरीदना और बेचना। यह अंतर्राष्ट्रीय कमोडिटी बाजार में एक मानक धातु मानी जाती है और इसकी कीमत वैश्विक कारकों से निर्धारित होती है। भारत में गोल्ड ट्रेडिंग एमसीएक्स पर की जाती है।

### गोल्ड में कैसे करें निवेश

**भौतिक सोना :** गहने, सिक्के या बिस्किट के रूप में। **गोल्ड ईटीएफ :** स्टॉक एक्सचेंज में ट्रेड होने वाले डिजिटल गोल्ड। **सॉवरेन गोल्ड बॉण्ड (एसजीबी) :** सरकार द्वारा जारी, ब्याज सहित सुरक्षित विकल्प। **गोल्ड फ्यूचर्स :** कमोडिटी एक्सचेंज पर अनुबंध आधारित ट्रेडिंग।

### महत्वपूर्ण बिंदु

निवेश के साथ-साथ बीमा की तरह देखा जाता है। एसजीबी और ईटीएफ जैसे विकल्प टैक्स लाभ भी देते हैं। निवेश से पूर्व वित्तीय लक्ष्यों व जोखिम क्षमता का मूल्यांकन करें।

### निवेश के लाभ

**मुद्रास्फीति से सुरक्षा :** महंगाई पर गोल्ड की कीमत बढ़ती है। **सुरक्षा :** संकट के समय में स्थिर निवेश विकल्प। **तरलता :** कभी भी बेचने की सुविधा। **पोर्टफोलियो विविधता :** स्टॉक्स या रियल एस्टेट से संतुलन बनाता है।

### जोखिम और चुनौतियां

**कीमत में उतार-चढ़ाव :** वैश्विक बाजार पर निर्भरता के कारण मूल्य अस्थिरता। भौतिक सोने में चोरी या मिलावट का खतरा। **फ्यूचर्स में जोखिम :** अनुबंध आधारित ट्रेडिंग जटिल हो सकती है। लॉन्ग टर्म पर रिटर्न सीमित होते हैं।

### सोच समझकर उठाया जाने वाला कदम

गोल्ड कमोडिटी में निवेश एक सुरक्षित, लेकिन सोच-समझकर उठाया जाने वाला कदम है। यदि सही माध्यम और रणनीति अपनाई जाए, तो यह दीर्घकालिक वित्तीय स्थिरता का सशक्त उपकरण बन सकता है।

## देश में विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर 14 महीने के उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- जून में बढ़कर उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंचा

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर जून में बढ़कर 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गई। इससे उत्पादन और नए ऑर्डर में तेजी के साथ रोजगार में रिकॉर्ड वृद्धि का संकेत मिलता है। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह जानकारी दी गई।

मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक मई में 57.6 था। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में, 50 से ऊपर का अंक विस्तार का संकेत देता है, जबकि 50 से नीचे का अंक संकुचन को बताता है। एचएसबीसी के भारत में मुख्य अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा, ''भारत का विनिर्माण पीएमआई जून में 14 महीने के उच्चतम स्तर 58.4 पर पहुंच गया। मजबूत मांग ने उत्पादन, नए ऑर्डरों और रोजगार सृजन में विस्तार को बढ़ावा दिया। जून में नए ऑर्डर में भी तेजी देखी गई। विस्तार की दर करीब एक साल में सबसे मजबूत थी। समिति के सदस्यों के अनुसार वृद्धि को विपणन प्रयासों और निर्यात में पर्याप्त वृद्धि से समर्थन मिला।

## बैंकिंग, वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड में निवेश 37 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** बैंकिंग और वित्तीय सेवा क्षेत्र आधारित म्यूचुअल फंड में निवेश मई, 2025 में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत बढ़कर 48,000 करोड़ रुपये हो गया। निवेश में उछाल का कारण इस क्षेत्र का मजबूत प्रदर्शन है। उद्योग के आंकड़ों से पता चलता है कि इन कोषों ने पिछले साल 22 से 30 प्रतिशत तक का 'रिटर्न' दिया है, जो इस क्षेत्र के मजबूत बुनियादी सिद्धांतों और बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। उद्योग के आंकड़ों के अनुसार, वर्तमान में भारतीय बाजार में 22 बैंकिंग एवं वित्तीय सेवा म्यूचुअल फंड हैं।

मई, 2025 में इनकी संयुक्त प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 48,000 करोड़ रुपये की थीं। मई, 2024 में यह आंकड़ा करीब 34,971 करोड़ रुपये था। यह तीव्र वृद्धि बीएफएसआई (बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं एवं बीमा) क्षेत्र की दीर्घकालिक क्षमता में निवेशकों के बढ़ते भरोसे को दर्शाती है।

## कमजोर मांग से कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर मांग घटने से कच्चे तेल की कीमत मंगलवार को दो रुपये घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गई। एमसीएक्स में कच्चे तेल के अगस्त में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव दो रुपये या 0.04 प्रतिशत घटकर 5,579 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 15,230 लॉट का कारोबार हुआ। विप्रतिभागियों के दांव घटाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में नरमी रही। वैश्विक स्तर पर, वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 64.92 डॉलर प्रति बैरल पर जबकि न्यूयॉर्क में ब्रेंट क्रूड 0.24 प्रतिशत घटकर 64.92 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## वैश्विक वित्तीय संस्थानों में सुधार की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को विकास को समावेशी बनाने और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे और क्रेडिट रेटिंग प्रणालियों में सुधार की जरूरत बतायी। उन्होंने स्पेन के सेविले में विकास के लिए वित्तपोषण (एफएफडी) पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव के आह्वान का समर्थन किया और विकसित देशों से जलवायु वित्त को बढ़ाने का आग्रह किया।

सीतारमण ने कहा कि खासकर नाजुक देशों में जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भरोसेमंद, सरल पहुंच और रियायती वित्त की व्यवस्था होनी चाहिए।



- वित्त मंत्री ने चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में आधिकारिक विकास सहायता में गिरावट के रुख में बदलाव का किया आह्वान

उन्होंने कहा, भारत समावेशी विकास और समानता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय ढांचे में सुधारों का समर्थन करता है, जिसमें बहुपक्षीय विकास बैंकों (एकडीबी) में सुधार और निष्पक्ष क्रेडिट रेटिंग प्रणाली शामिल हैं। बहुपक्षीय विकास बैंक से दिये जाने वाले कर्ज को दीर्घकालीन विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ा जाना चाहिए और मजबूत निगरानी ढांचे के जरिये इस पर नजर रखी जानी चाहिए ताकि कर्ज राशि का उपयोग उन्हीं मदों में किया जाए, जिसके लिए वे आये हैं। सीतारमण ने कहा कि कई देशों के लिए समावेशी और सतत विकास के लिए कर्ज एक संरचनात्मक बाधा बन गया है। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान शुरू किए गए वैश्विक 'सॉवरेन डेट' गोलमेज सम्मेलन ने कर्ज के मामले में पारदर्शिता और ऋण पुनर्गठन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि एहतियाती ऋण प्रबंधन के साथ-साथ जी-20 साझा रूपरेखा का प्रभावी कार्यान्वयन आवश्यक है।

# राष्ट्रीय

## एक नजर

### प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक, जादूगर बीवी पट्टाभिराम का निधन

**हैदराबाद।** जानेमाने मनोवैज्ञानिक, व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, जादूगर और लेखक बीवी पट्टाभिराम का दिल का दौरा पड़ने से यहां निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। पट्टाभिराम के मित्रों ने मंगलवार को बताया कि पट्टाभिराम का निधन 30 जून की रात में हुआ। पंद्रह भाई-बहनों वाले परिवार से ताल्लुक रखने वाले पट्टाभिराम ने जादू के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वह तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और अन्य दक्षिणी राज्यों में अपने जादू के शो के जरिये दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। वह एक व्यापक रूप से प्रशंसित व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षक, परिवार और छात्रों के काउंसलर भी थे।

### आर्थिक अन्याय का हथियार बन गया जीएसटी : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के लागू होने के आठ साल पूरा होने के मौके पर मंगलवार को आरोप लगाया कि यह आर्थिक अन्याय का एक हथियार बन गया है तथा इसे प्रधानमंत्री मोदी के कुछ अरबपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने मौजूदा जीएसटी प्रणाली में संशोधन की पैरवी की और कहा कि भारत एक ऐसी कर प्रणाली का हकदार है, जो केवल विशेषाधिकार प्राप्त कुछ लोगों के लिए नहीं, बल्कि सभी के लिए काम करे। जीएसटी को एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था।

# डिजिटल इंडिया ने अंतराल को पाटा : मोदी

## कहा- एक दशक पहले शुरू की गई पहल अब बन चुकी जन आंदोलन, अवसरों को भी लोकतांत्रिक बनाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि एक दशक पहले शुरू की गई डिजिटल इंडिया' पहल ने संपन्न और वंचितों के बीच डिजिटल विभाजन को पाट दिया है और अवसरों का लोकतंत्रीकरण किया है जिससे यह एक जन आंदोलन बन गया है। लिंक्डइन पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक भारतीयों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर संदेह किया जाता रहा, लेकिन उनकी सरकार ने इस दृष्टिकोण को बदल दिया और नागरिकों की प्रौद्योगिकी का उपयोग करने की क्षमता पर भरोसा किया।

मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने संपन्न और वंचितों के बीच की खाई को खत्म करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया। उन्होंने कहा, जब इरादा सही होता है, तो नवाचार कम सशक्त लोगों को सशक्त बनाता है। जब दृष्टिकोण समावेशी होता है, तो प्रौद्योगिकी हाशिये पर रहने वालों के जीवन में बदलाव लाती है। इस विश्वास ने डिजिटल इंडिया की नींव रखी जो पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने, समावेशी डिजिटल बुनियादी ढांचे का निर्माण करने और सभी के लिए अवसर प्रदान करने का मिशन है। मोदी ने कहा कि 2014 में भारत में लगभग 25 करोड़ इंटरनेट कनेक्शन थे, आज यह संख्या बढ़कर 97 करोड़ से अधिक हो गई है, जिसमें 42 लाख किलोमीटर से अधिक ऑप्टिकल फाइबर केबल है जो पृथ्वी और चंद्रमा के बीच की दूरी के 11 गुना के बराबर है। उन्होंने कहा कि यह सबसे दूरदराज के गांवों को भी जोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत में 5जी दुनिया में सबसे तेजी से लागू हो रहा है, जिसमें केवल दो वर्षों में 4.81 लाख बेस स्टेशन स्थापित किए गए हैं।

### डिजिटल इंडिया के बड़े-बड़े वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं: खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को लेकर किए गए बड़े-बड़े दावों के बावजूद वादे अधूरे और दावे फर्जी हैं तथा इससे निजता को नुकसान पहुंचा है एवं पारदर्शिता भी कमजोर हुई है। इसके 10 साल पूरा होने के मौके पर खरगे ने उन गांवों और स्कूलों का हवाला दिया, जहां अभी तक ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी नहीं पहुंची है। उन्होंने सरकार के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनियों- एमटीएनएल और बीएसएनएल पर बढ़ते कर्ज और साइबर अपराधों में वृद्धि का भी उल्लेख किया।

## तेलंगाना : दवा फैक्टरी विस्फोट में मरने वालों की संख्या 36 हुई

**संगारेड्डी (तेलंगाना), एजेंसी**

- मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने घटनास्थल का दौरा किया, मलबे से 31 शव निकाले गए

तेलंगाना के संगारेड्डी जिले में पशम्यलारम में सिगाची इंडस्ट्रीज के दवा संयंत्र में हुए विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। जिला पुलिस अधीक्षक परितोष पंकज ने बताया कि मलबा हटाते समय उसके नीचे दबे कई शव बरामद किए गए हैं। मलबे से 31 शव निकाले गए हैं, जबकि तीन लोगों की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बचाव अभियान का अंतिम चरण अब भी जारी है। वहीं, मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी अपने कुछ कैबिनेट सहयोगियों के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचे।

प्रणाम अस्पताल के एक अधिकारी ने कहा कि सोमवार को 21 लोगों को भर्ती कराया गया जिनके सिर में चोट लगी थी और शरीर पर जलने के निशान थे। उन्होंने बताया कि दो को सोमवार को ही मृत घोषित कर दिया गया और एक ने आज सुबह दम तोड़ दिया। पटनचेरू में ध्रुव अस्पताल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को 11 मरीजों को भर्ती कराया गया था जिनमें से दो को सुपरस्पेशलिटी अस्पतालों में रेफर कर दिया गया।

### सरकार परिजनों को देगी मुआवजा

**तेलंगाना।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंधन से बातचीत कर पशम्यलारम में दवा संयंत्र में हुए विस्फोट में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के लिए एक करोड़ रुपये का मुआवजा सुनिश्चित करेगी। साथ ही उन्होंने हादसे के बाद कंपनी प्रबंधन के वहां मौजूद न होने पर उसे कड़ी फटकार भी लगाई।

## हिमाचल में मानसून का कहर, मंडी में पांच लोगों की मौत व 16 लापता

**शिमला, एजेंसी**

- राज्य में बादल फटने की 11, अचानक बाढ़ की 4 और बड़े भूस्खलन की एक घटना

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में बादल फटने और भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से जुड़ी घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई, पांच अन्य घायल हो गए और 16 व्यक्ति लापता हैं। राज्य में मंगलवार को बादल फटने की 11 घटनाएं हुईं, जबकि अचानक बाढ़ की चार और बड़े भूस्खलन की एक घटना हुई। अधिकतर घटनाएं मंडी जिले में हुईं, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ।

सोमवार शाम से मंडी में 253.8 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने बुधवार को तीन जिलों कांगड़ा, सोलन व सिरमौर और शनिवार को चार जिलों ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा व मंडी में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी स्तर की बारिश होने का अनुमान जताते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, बारिश के कारण राज्य में कुल 406 सड़कें बंद हैं, जिनमें से 248 अकेले मंडी जिले में हैं। मंडी में 994 'ट्रांसफार्मर' पर भी इसका असर पड़ा है। अधिकारियों ने बताया कि 24 मकान, 12 पशुशालाएं, एक पुल और कई सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, 30 मवेशी मारे गए हैं तथा मंडी जिले में फंसे नौ लोगों को बचाने के प्रयास जारी हैं।

### प्रकृति का कहर



हिमाचल के मंडी जिले में मंगलवार को बादल फटने के बाद ब्यास और सुकेती नदियों का पानी सड़कों पर पहुंच गया। एजेंसी

## दिल्ली में पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल देने पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- पेट्रोल पंपों पर रीडर कैमरे लगाए गए, पहले दिन 26 वाहन जब्त

दिल्ली में मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच पुरानी गाड़ियों को पेट्रोल-डीजल देने पर प्रतिबंध की शुरुआत हुई। दिल्ली सरकार ने ऐसे वाहनों का पता लगाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में करीब 350 पेट्रोल पंपों पर स्वचालित नंबर प्लेट रीडर कैमरे (एएनपीआर) लगाए हैं। पहले दिन 26 वाहन जब्त किए गए।

परिवहन विभाग ने अपने संगठन, दिल्ली पुलिस, यातायात पुलिस और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के कर्मियों को शामिल करते हुए एक विस्तृत तैनाती योजना तैयार की है। परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और स्थानीय पुलिस की कई टीमों को दक्षिण दिल्ली के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तैनात किया गया है। यह अभियान मंगलवार सुबह 6 बजे से शुरू हुआ, जिसमें 15 साल से अधिक पुराने पेट्रोल चालित वाहनों और 10 साल से अधिक पुराने डीजल वाहनों को ईंधन की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## विधि छात्रा से दुष्कर्म के तीनों आरोपी कॉलेज से निष्कासित

**कोलकाता, एजेंसी**

साउथ कलकत्ता लॉ कॉलेज के प्राधिकारियों ने कॉलेज की 24 वर्षीय छात्रा से कथित सामूहिक दुष्कर्म के प्रमुख आरोपी की सेवा समाप्त करने के साथ ही मामले में दो अन्य सह आरोपियों को कॉलेज से निष्कासित कर दिया है।

प्रमुख आरोपी मनोजित मिश्रा की नियुक्ति अपराध से जुड़ी उसकी गिरफ्तारी के बाद रद्द कर दी गई है। उसकी नियुक्ति कॉलेज के शासी निकाय की एक पूर्व सिफारिश पर एक अस्थायी कर्मचारी के रूप में की गई थी। मिश्रा को कॉलेज के छात्र एवं सह-आरोपियों जैब अहमद और प्रोमित मुखर्जी के साथ गिरफ्तार किया गया था और उन्हें अब पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। टीएमसी विधायक अशोक देब की अध्यक्षता में एक बैठक के बाद प्राधिकारियों ने मिश्रा की सेवाएं समाप्त कर दी।

### डॉक्टरों को मुख्य आरोपी के शरीर पर नाखून से खरोंच के निशान मिले

**कोलकाता।** सामूहिक दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी मनोजीत मिश्रा के शरीर पर डॉक्टरों को खरोंच के निशान मिले हैं। एक उच्च पदस्थ पुलिस सूत्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नाखूनों के निशान कथित यौन उत्पीड़न के दौरान पीड़िता द्वारा किए गए प्रतिरोध का संकेत देते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट कर्मचारियों के लिए आरक्षण नीति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पहली बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के अपने कर्मचारियों की सीधी नियुक्ति और पदोन्नति के लिए एक औपचारिक आरक्षण नीति पेश की है। इस निर्णय की सूचना 24 जून को जारी एक परिपत्र में उच्चतम न्यायालय के सभी कर्मचारियों को दी गई।

परिपत्र कहा गया है कि मॉडल आरक्षण रोस्टर और रजिस्टर को सुपनेट पर अपलोड कर दिया गया है तथा इसे 23 जून से प्रभावी कर दिया गया है। प्रभावी मॉडल रोस्टर के अनुसार, एससी श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति में 15 प्रतिशत और एसटी को 7.5 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

## हिमाचल के मंत्री अनिरुद्ध सिंह के खिलाफ प्राथमिकी

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंत्री अनिरुद्ध सिंह पर एनएचएआई के दो अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में मंगलवार को मामला दर्ज किया गया। मंत्री के खिलाफ एनएचएआई के दो अधिकारियों पर उस स्थान का निरीक्षण करने के दौरान हमला करने का आरोप है, जहां पांच मंजिला एक इमारत ढह गई थी। एनएचएआई के कर्मचारी अचल जिंदल की शिकायत पर ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अचल जिंदल फोर-लेन परियोजना के प्रबंधक हैं। जिंदल ने आरोप लगाया है कि सिंह ने उन्हें और उनके साइट इंजीनियर योगेश को एक कमरे में बुलाया और उनके साथ मारपीट की। एनएचएआई के दोनों कर्मियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में प्रतिक्रिया के लिए मंत्री से संपर्क नहीं हो सका।



## कांग्रेस प्रदर्शनकारियों की टांगें तोड़ने के निर्देश से उपजा विवाद

**भुवनेश्वर, एजेंसी**

ओडिशा कैडर के एक आईपीएस अधिकारी ने पुलिसकर्मियों को कथित तौर पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं की टांगें तोड़ने का निर्देश दिया और उन्हें उनके इस कार्य के लिए इनाम देने का आश्वासन दिया है। राज्य में विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने इस टिप्पणी की निंदा की है।

यह विवाद उस कथित वीडियो के वायरल होने के बाद शुरू हुआ जिसमें भुवनेश्वर के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त नरसिंह भोल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिसकर्मियों को यह निर्देश देते नजर आ रहे हैं कि उनकी टांगें तोड़ दो और मुझसे इनाम ले लो। पीटीआई-भाषा स्वतंत्र रूप से वीडियो की प्रामाणिकता की पुष्टि नहीं कर सका।

### पुरी भगदड़ को लेकर सीएम आवास पर कर रहे थे प्रदर्शन

पुरी में भगदड़ की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी है। इसको लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन कर रहे थे और आरोप लगा रहे थे कि भीड़ प्रबंधन में चूक हुई, जिसके कारण भगदड़ की घटना हुई।

## पत्नी, बेटी को चार लाख मासिक गुजारा भत्ता दें शमी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी को निर्देश दिया कि वह अपनी अलग रह रही पत्नी हसीन जहां और बेटी को कानूनी लड़ाई के दौरान हर महीने चार लाख रुपये गुजारा भत्ता दें। जहां ने जिला सत्र अदालत के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट का रुख किया था, जिसमें 2023 में पत्नी को 50,000 व बेटी को 80,000 रुपये का भुगतान करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति ने कहा, आवेदन के निपटारे तक याचिकाकर्ता (पत्नी) को 1,50,000 व बेटी को 2,50,000 की राशि देना दोनों याचिकाकर्ताओं की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उचित और तर्कसंगत होगा।

## एक नजर

### रियू के शतक से इंग्लैंड अंडर-19 ने की सीरीज में बराबरी

**नॉर्थम्प्टन।** विकेटकीपर बल्लेबाज थॉमस रियू ने 131 रनों की धमाकेदार पारी खेलते हुए इंग्लैंड अंडर-19 टीम के लिए सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया और नॉर्थम्प्टन में इंडिया अंडर-19 के ख़िलाफ दूसरे यूथ वनडे में अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाई। रियू ने सिर्फ 73 गेंदों में शतक पूरा किया और 2012 में बेन फॉक्स द्वारा न्यूजीलैंड के खिलाफ बनाए गए 79 गेंदों के सबसे तेज अंडर-19 शतक के रिकॉर्ड को तोड़ा। रियू ने अपनी 89 गेंदों की पारी में 16 चौके और छह लंबे छक्के जड़े। टीम के कप्तान रियू ने रॉकी फिलंटॉफ (39) के साथ चौथे विकेट के लिए 21 ओवरों में 123 रनों की साझेदारी की।

### संन्यास से पहले भारत में टेस्ट शृंखला जीतना चाहते हैं लियोन

**सेंट जॉर्ज (ग्रेनाडा)।** ऑस्ट्रेलिया के महान स्पिनर नाथन लियोन का टेस्ट क्रिकेट से निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है और वह इससे पहले भारत में एक टेस्ट शृंखला जीतना चाहते हैं। 37 वर्ष के आफ स्पिनर लियोन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 138 टेस्ट में 556 विकेट लिए हैं। भारत के खिलाफ उन्होंने 32 टेस्ट खेलकर 130 विकेट चटकाए हैं, लेकिन भारत में कभी भी शृंखला नहीं जीत सके। ऑस्ट्रेलिया ने 2004-05 के बाद भारत को उसकी धरती पर नहीं हराया है। लियोन ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं भारत में शृंखला जीतना चाहता हूं। मैं इंग्लैंड में भी शृंखला जीतना चाहता हूं।

### अगस्त में भारत का बांग्लादेश दौरा अभी निश्चित नहीं

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम ने कहा है कि बीसीसीआई ने अब तक भारत के बांग्लादेश दौरे की पुष्टि नहीं की है, जो अगस्त में होना है। उनके अनुसार बीसीसीआई इस दौरे पर फैसला भारतीय सरकार से चर्चा के बाद लेगा। अमिनुल ने ढाका में बीसीबी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की छह घंटे लंबी बैठक के बाद कहा, मैंने बीसीसीआई से बात की है और चर्चाएं सकारात्मक रही हैं। हम आशावान हैं। यह सीरीज (अगले महीने) निर्धारित है लेकिन वे (भारत) अपने सरकार के कुछ निर्णयों का इंतजार कर रहे हैं।

### जिम्बाब्वे को रौंदकर अफ्रीका ने जीता लगातार नौवां टेस्ट

**बुलावायो (जिम्बाब्वे)।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को जिम्बाब्वे को 328 रनों से हराकर पुरुष टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा मैच जीतने के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन की यह लगातार नौवीं जीत है, जिसने उसने 2002-03 सत्र के अपने रिकॉर्ड की बराबरी की। मध्यम गति के गेंदबाज कॉर्बिन बॉश ने टेस्ट करियर में पहली बार 5 विकेट चटकाए, जिससे 537 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम दूसरी पारी चौथे दिन लंच के बाद 208 रन पर सिमट गयी।

### पूर्व हॉकी खिलाड़ी सिर में गंभीर चोट लगने से अस्पताल में भर्ती

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों (2022) में रजत पदक जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम के सदस्य बिमल लाकड़ा को सिर में गंभीर चोट लगने पर मंगलवार को रांची के अस्पताल में भर्ती कराया गया। भारत के पूर्व मिडफील्डर लाकड़ा सोमवार को सिमडेगा उपखंड में अपने गांव में खेत में काम करते समय गिरने के बाद बेहोश हो गए थे। इस पूर्व खिलाड़ी को सिमडेगा अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें रांची भेज दिया गया। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने बताया, वह अब स्थिर हैं। झारखंड के खेल मंत्री ने आज उनसे मुलाकात की और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

### विश्व मुक्केबाजी: साक्षी, लक्ष्य व जैस्मीन क्वार्टर फाइनल में

**अस्ताना।** भारतीय मुक्केबाज साक्षी, लक्ष्य चाहर और जैस्मीन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मंगलवार को विश्व मुक्केबाजी कप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। साक्षी ने महिलाओं के 54 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड की चार्ली डेविसन को 5-0 से हराया। जैस्मीन ने 57 किग्रा वर्ग में अजरबैजान की अयनूर मिकायिलोवा को इसी अंतर से हराकर अंतिम आठ में स्थान पक्का किया। लक्ष्य ने पुरुषों के 80 किग्रा वर्ग में बुल्गारिया के विलियम चोलोव को विभाजित फैसले में 4-1 से हराया। मनीष राठौर 55 किग्रा वर्ग में जापान के रुई यामागुची से हार कर प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

# भारत के सामने स्पिनरों के चयन की दुविधा

## दूसरा टेस्ट आज से : बल्लेबाजों की पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो ले सकें 20 विकेट

**भारत-इंग्लैड टेस्ट श्रृंखला**

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत को चयन के मामले में पारंपरिक सोच से अलग हटकर इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में बल्लेबाजों की मददगार पिच पर ऐसे गेंदबाजों को चुनना होगा जो पूरे 20 विकेट ले सकें। हेडिंग्ले में पहले टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड ने जब 371 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया तब भारतीय टीम प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया था कि कुलदीप यादव की कमी टीम को खली।

सहायक कोच रियान टेन डोइशे ने कहा कि भारत टीम संयोजन तलाशने की कोशिश में है, जिससे बल्लेबाजी की गहराई पर असर नहीं पड़े और ऐसे गेंदबाज भी हों जो 20 विकेट ले सकें। डोइशे ने कहा कि हम संतुलन बनाने की कोशिश कर रहे हैं और सर्वश्रेष्ठ टीम संयोजन लेकर उतरना चाहेंगे। इंग्लैंड टीम भी इसी प्रयास में होगी और हमें उसका भी ध्यान रखना है। बर्मिंघम में मौसम गर्म है और पिच पर ऊपर घास है लेकिन नीचे से ये सूखी है। इसी मैदान पर तीन साल पहले इंग्लैंड ने 378 रन का लक्ष्य हासिल करके शृंखला ड्रॉ कराई थी। इस मैदान पर स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और भारत को तय करना है कि वे रविंद्र जडेजा की मदद करने वाले वॉशिंगटन सुंदर को उतारेगा या विकेट लेने में माहिर कुलदीप को जगह मिलेगी। यह तो तय है कि भारत दो स्पिनरों के साथ उतरेगा। पहले टेस्ट में शार्दुल ठाकुर हरफनमौला थे, लेकिन संभव है कि बल्लेबाजी हरफनमौला नीतिश रेड्डी को दूसरे टेस्ट में जगह मिले। ठाकुर ने पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया लेकिन एक टेस्ट के बाद बाहर करना भी ज्यादती होगी। जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता पर संदेह है। हेडिंग्ले में पांचवें दिन टर्निंग पिच पर कमाल नहीं कर सके जडेजा अपनी उपयोगिता साबित करने को बेताब होंगे। पहले टेस्ट में भारत की कैचिंग खराब रही और यशस्वी जायसवाल को स्लिप से हटाना पड़ा। पहले टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने योगदान नहीं दिया, जिसमें सुधार करना होगा। पहले मैच में शतक लगाने वाले केएल राहुल, जायसवाल, ऋषभ पंत और कप्तान शुभमन गिल इस लय को कायम रखना चाहेंगे। साइ सुदर्शन और करूण नायर को फिर मौका मिल सकता है। वहीं, इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने परिवार में इमरजेंसी से नाम वापिस ले लिया है, लेकिन क्रिस वोक्स के नेतृत्व में गेंदबाजी आक्रमण से भरा है।



### पिच तय करेगी बुमराह को खिलाने की स्थिति

कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खिलाने का फैसला पिच देखने के बाद होगा। गिल ने पुष्टि की कि बुमराह चयन के लिए उपलब्ध हैं। हम बस यह देखने जा रहे हैं कि टेस्ट मैचों में उनके कार्यभार गेंदबाजी और फिटनेस का प्रबंधन कैसे किया जाए। हम सही संयोजन बनाने की कोशिश कर रहे हैं जहां हम 20 विकेट ले सकें और इन पिचों पर रन भी बना सकें। हमने सोचा कि हम मैच से पहले पिच देखकर तय करेंगे कि किस संयोजन के साथ मैदान पर उतरे। बुमराह अगर दूसरा टेस्ट नहीं खेलते हैं तो तेज गेंदबाजी का जिम्मा मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और प्रसिद्ध कृष्णा संभालेंगे।

**इंग्लैंड :** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेट कीपर), क्रिस वोक्स, ब्रायडन कार्स, जोश टंग और शोएब बशीर।

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नितीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा।

**मैच दोपहर 3 :30 बजे**

# एंड्रयू फ्लिंटॉफ इंग्लैंड के अभ्यास सत्र में शामिल

- मोईन अली ने की अभ्यास सत्र में शामिल शोएब बशीर की मदद

**बर्मिंघम, एजेंसी**

भारत के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट शृंखला में अपनी पकड़ मजबूत करने के इरादे से इंग्लैंड युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। मोईन अली सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र में शामिल हुए थे और उन्होंने शोएब बशीर की मदद की जिससे यह युवा ऑफ स्पिनर बेहद उत्साहित दिखा।

बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से एक दिन पहले टीम के आखिरी अभ्यास सत्र में पूर्व दिग्गज हरफनमौला एंड्रयू फ्लिंटॉफ खिलाड़ियों का मार्गदर्शन करते हुए दिखे। इंग्लैंड की टीम पिछले काफी समय से टेस्ट मैचों को आक्रामक रवैये के साथ खेल रही है और फ्लिंटॉफ से मुलाकात से टीम का हौसला बढ़ेगा। मैच की पूर्व संध्या पर स्टोक्स से इंग्लैंड के महान खिलाड़ियों को ड्रेसिंग रूम में वापस लाने के चलन के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हम नियमित तौर इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले कुछ महान खिलाड़ियों से मदद लेने की कोशिश करते है। अभ्यास सत्र के दौरान इन पूर्व खिलाड़ियों की मौजूदगी से मौजूदा टीम के सदस्यों को काफी मूल्यवान सलाह मिलती है। आप इस तरह के माहौल में बातचीत कर सकते हैं। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा कि मोईन के साथ बातचीत के बाद बशीर उत्साहित थे। उन्होंने कहा कि हमेशा बोर्डरूम में या टेबल के चारों ओर बैठकर किसी खास चीज के बारे में बात करना जरूरी नहीं होता। मुझे लगता है कि बशीर का मोईन से मिलना अच्छा है। बशीर बिल्कुल उत्साहित हैं। जब हम ऐसे अनुभवी लोगों को ड्रेसिंग रूम में बुलाते है और वे अगर मौजूदा खिलाड़ियों को सलाह देते है तो यह टीम के लिए अच्छा है।



# ज़ाग्रेब में प्रज्ञानानंदा और गुकेश पर रहेगी नजर

**ज़ाग्रेब (क्रोएशिया), एजेंसी**

**ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट**





भारत के नंबर एक खिलाड़ी आर प्रज्ञानानंदा अपनी शानदार फॉर्म के कारण बुधवार से शुरू हो रहे ग्रैंड शतरंज टूर रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट की तीसरी प्रतियोगिता में प्रबल दावेदारों में से एक होंगे।

प्रज्ञानानंदा ने हाल में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखी है और अगर वह अपने इस प्रदर्शन को आगे भी जारी रखने में कामयाब होते हैं तो उन्हें रोकना किसी भी खिलाड़ी के लिए आसान काम नहीं होगा। वहीं, क्रोएशियाई चरण में विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन के साथ-साथ मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश भी भाग लेंगे। आर प्रज्ञानानंदा को कार्लसन और गुकेश के अलावा अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा तथा उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा।

ग्रैंड शतरंज टूर के पीछे गैरी कास्पारोव का दिमाग था, जो बॉबी फिशर के बाद पेशेवर शतरंज की अवधारणा शुरू करने वाले पहले व्यक्ति थे और आज युवा पीढ़ी इसका लाभ उठा रही है।

# स्टोक्स ने बुमराह फैक्टर को किया खारिज

- इंग्लैंड के कप्तान ने खुद को पंत का बड़ा प्रशंसक बताया

**बर्मिंघम, एजेंसी**

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने मंगलवार को जसप्रीत बुमराह के 5 में से केवल 3 टेस्ट मैचों में उपलब्ध होने को लेकर चल रही अटकलों को खारिज करते हुए इसे भारत की समस्या करार दिया और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भारतीय टीम बुधवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में कड़ी चुनौती पेश करेगी।

बुमराह लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में भारत के सबसे सफल गेंदबाज रहे, लेकिन उन्हें अन्य गेंदबाजों से पर्याप्त सहयोग नहीं मिला, जिससे भारतीय टीम मज़बूत स्थिति में होने के बावजूद हार गई। प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर जैसे गेंदबाज़ इंग्लैंड के बल्लेबाजों के सामने खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। भारत ने अभी तक यह तय नहीं किया कि बुमराह इंग्लैंड में किन 3 टेस्ट मैचों का हिस्सा होंगे। उन्होंने एक मैच खेला है और उन्हें अब 4 मैचों में से 2 में खेलना है। इंग्लैंड की टीम हालांकि बुमराह को लेकर चिंतित नहीं है और उसका ध्यान शृंखला में अपनी बढ़त पर है। स्टोक्स ने मैच की पूर्व संध्या पर बुमराह से जुड़े सवाल का कहा, यह भारत की समस्या है। वे इससे निपट लेंगे। मैं इंग्लैंड का कप्तान हूं। भारतीय टीम के बारे में उन्होंने कहा, अच्छी टीम है। हमेशा कड़ी टक्कर देते हैं, मेहनत करते हैं। उसके खिलाड़ी जुनूनी हैं। उन्होंने कहा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल रहे खिलाड़ियों पर दबाव होता है लेकिन भारत की तरफ से विशेष कर क्रिकेट में अन्य टीमों की तुलना में अधिक दबाव होता है। पिछले सप्ताह जो कुछ हुआ वह अतीत की बात है। यह नया मैच है और हम इसमें फिर से नए सिरे से शुरुआत कर रहे हैं।



स्टोक्स ने खुद को ऋषभ पंत का बड़ा प्रशंसक बताया जिन्होंने पहले टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाकर कई रिकॉर्ड अपने नाम किए। पंत के आक्रामक अंदाज को देखकर इंग्लैंड का कप्तान भी खुद को मुस्कुराने से नहीं रोक पाया था। स्टोक्स ने कहा, भले ही वह विपक्षी टीम में हो, लेकिन मुझे पंत को क्रिकेट खेलते हुए देखना पसंद है। मुझे वह तरीका पसंद है, जिससे वह खेल के सभी प्रारूपों में खेलता है। पंत एक टेस्ट मैच में दो शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए, जिससे क्रिकेट जगत ने उनकी प्रशंसा की।

# अल्काराज ने फोगनिनी को हराया




**लंदन, एजेंसी**

दो बार के चैंपियन कार्लोस अल्काराज को विम्बलडन के पहले दौर के मुकाबले में फेबियो फोगनिनी को हराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी और यह मुकाबला पांच सेटों तक खिंचा। स्पेन के अल्काराज ने साढे चार घंटे चला मुकाबला 7-5, 6-7 (5), 7-5, 2-6, 6-1 से जीता। जीत के बाद अल्काराज ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आ रहा कि यह उनका आखिरी विम्बलडन क्यो है। फोगनिनी इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कहने जा रहे हैं।

### पेगुला पहले दौर में कोकियारेटो से हारीं

**लंदन।** तीसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला विम्बलडन के पहले दौर में 116वीं रैंकिंग पर काबिज एलिसाबेटा कोकियारेटो से हार गईं। पेगुला इस टूर्नामेंट से पहले बैड होम्बर्ग ओपन का चैंपियन बन कर पहुंची थी। उन्होंने जर्मनी में घसियाले कोर्ट के इस टूर्नामेंट के फाइनल में इगा स्विएतेक को सीधे सेटों में हराया था।

### सिनर का शानदार आगाज, फ्रिट्ज ने भी दर्ज की जीत

शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनर ने इटली के हमवतन लुका नारडी के खिलाफ जीत से अभियान का आगाज किया। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिनर पहले विंबलडन खिताब की तलाश में हैं। सिनर के सामने दूसरे दौर में ऑस्ट्रेलिया के अलेक्जेंडर वुकिक की चुनौती होगी। वहीं, अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने पहले दौर के पांच सेट के मैच में जियोवानी म्पेत्शी पेर्रिकार्ड पर जीत दर्ज की। पेर्रिकार्ड ने 153 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से सर्विस की जो विम्बलडन का नया रिकॉर्ड हैं।

# भारत के सामने इराक की चुनौती

**चियांग माइ (थाईलैंड), एजेंसी**

**एएफसी महिला क्वालीफायर**



भारतीय महिला फुटबॉल टीम के सामने बुधवार को 2026 महिला एशियाई कप क्वालीफायर के ग्रुप बी मैच में अपेक्षाकृत आसान प्रतिद्वंद्वी इराक की चुनौती होगी। शुरुआती दोनों मैचों को एकतरफा जीतने वाली भारतीय टीम इस मैच में भी प्रयोग करना जारी रखना चाहेगी।

तिमोर-लेस्ते के खिलाफ मैच के दौरान नाक की हड्डी में फ्रैक्चर से सौम्या गुगुलोथ इस मुकाबले से बाहर हो गई हैं। भारत मंगोलिया (13-0) और तिमोर-लेस्ते (4-0) के खिलाफ जीत के बाद 6 अंकों और +17 के गोल अंतर के साथ तालिका में शीर्ष पर है। थाईलैंड भी 6 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है उनका गोल अंतर +11 है। पहले ही तीन मैच खेल चुका है और उसके 4 अंक हैं। उसे टूर्नामेंट में बने रहने के लिए इस मैच में जीत की जरूरत होगी। ग्रुप में शीर्ष स्थान के लिए भारत और थाईलैंड के बीच होड़ रहने की संभावना है और दोनों टीम ग्रुप चरण के आखिरी मैच में 5 जुलाई को एक-दूसरे का सामना करेंगी। भारतीय कोच क्रिस्पिन छेत्री ने इस बात पर जोर दिया कि टीम का पूरा ध्यान इराक के खिलाफ होने वाले मैच से 3 अंक पाने पर है। छेत्री ने कहा कि थाईलैंड के खिलाफ हमारा आखिरी मैच है, लेकिन अभी हमारा पूरा ध्यान इराक पर है। हमारी प्राथमिकता इराक के मैच में सकारात्मक सोच के साथ उतरने और जीत के लिए खेलने की है। विश्व रैंकिंग में 173वें स्थान पर काबिज इराक ने तिमोर लेस्ते के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेलने के बाद मंगोलिया को 5-2 से हराकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहली जीत दर्ज की थी।

# हॉकी इंडिया ने यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए टीम का किया ऐलान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया ने 8 से 20 जुलाई तक 8 मैचों के यूरोप दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारत ए पुरुष टीम का ऐलान किया। हॉकी इंडिया ने कहा कि यह दौरा उदीयमान और अनुभवी खिलाड़ियों को उपयोगी अंतर्राष्ट्रीय एक्सपोजर देने के लिए आयोजित हुआ है। भारत ए टीम फ्रांस, आयरलैंड और नीदरलैंड के खिलाफ दो-दो मैच खेलेगी जबकि इंग्लैंड और बेल्जियम के खिलाफ एक-एक मैच खेलना है। हॉकी इंडिया ने कहा कि इन मैचों से भारतीय हॉकी की प्रतिभाओं के पूल की गहराई और तैयारी का पता चलेगा। वे सीनियर टीम के लिए भी पूल का हिस्सा बन सकेंगे। भारत ए टीम की कमान संजय के हाथ में होगी जबकि एम रबिचंद्र सिंह उपकप्तान होंगे। गोलकीपर अंकित मलिक, डिफेंडर सुनील जोजो और फॉरवर्ड सुदीप चिरमाको स्टैंडबाय होंगे। भारतीय राष्ट्रीय टीम के सहायक कोच शिवेंद्र सिंह ए टीम के कोच होंगे जो 8 जुलाई को आयरलैंड से पहला मैच खेलेगी। शिवेंद्र ने कहा कि यह दौरा हमारे खिलाड़ियों के लिए अहम प्लेटफॉर्म होगा, जिसमें उन्हें यूरोपीय हॉकी के ढांचे, स्वरूप और प्रवाह का पता चलेगा।



**गोलकीपर :** पवन, मोहित एच शशिकुमार, **डिफेंडर :** प्रताप लाकड़ा, वरूण कुमार, अमनदीप लाकड़ा, प्रमोद, संजय (कप्तान), **मिडफील्डर :** पूवन्ना चंदुरा बॉबी, मोहम्मद राहील मौसीन, एम रविचंद्र सिंह, विष्णुकांत सिंह, प्रदीप सिंह, राजिंदर सिंह, **फॉरवर्ड :** अंगदबीर सिंह, बॉबी सिंह धामी, मनिंदर सिंह, वेंकटेश केंचे, आदित्य अर्जुन लाटे, सेल्वम कार्ति, उत्तम सिंह, **स्टैंडबाय :** अंकित मलिक, सुनील जोजो, सुदीप चिरमाको।

# मंधाना टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीसरे स्थान पर

- आईसीसी ने जारी की रैंकिंग शेफाली वर्मा 13वें और हरलीन देयोल 86वें स्थान पर पहुंची

**दुबई, एजेंसी**



भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना मंगलवार को आईसीसी महिला टी-20 बल्लेबाजी रैंकिंग में एक पायदान ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच गई। वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 की शृंखला के पहले मैच में शतक लगाया था। उस मैच में उन्होंने चोटिल हरमनप्रीत कौर की जगह कप्तानी भी की थी।

मंधाना ने 62 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों के साथ 112 रन बनाये थे जिसकी मदद से भारत ने 97 रन से जीत दर्ज की। मंधाना के अब 771 रेटिंग अंक है जो उनके करियर में सर्वोच्च हैं। वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज 774 अंक लेकर दूसरे और आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी 794 अंक के साथ पहले स्थान पर है। भारत की शेफाली वर्मा एक पायदान चढ़कर 13वें जबकि हरलीन देयोल 86वें स्थान पर है। गेंदबाजों की रैंकिंग में इंग्लैंड की तेज गेंदबाज लौरेन बेल चौथे स्थान पर पहुंच गई हैं। पाकिस्तानी स्पिनर सादियो इकबाल शीर्ष पर है।

### हरमनप्रीत के खेलने पर फैसला मैच से ठीक पहले

**ब्रिस्टल।** भारत की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 से एक दिन पहले ब्रिस्टल में अभ्यास सत्र में वापसी की। उन्हें पिछले हफ्ते ईसीबी डेवलपमेंट इलेवन के खिलाफ टी-20 अभ्यास मैच के दौरान सिर पर गेंद लगी थी, जिसके बाद उन्होंने 5 मैचों की शृंखला का पहला मुकाबला नहीं खेला था। हरमनप्रीत के खेलने को लेकर फैसला मैच के दिन ही लिया जाएगा। भारत की ऑफ स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा ने सोमवार को बताया, यह सकारात्मक संकेत हैं कि हरमनप्रीत आज अभ्यास सत्र में शामिल हुईं। अभ्यास सत्र के बाद उनका मूल्यांकन और निगरानी होगी। यह स्पष्ट नहीं है कि हरमनप्रीत को सिर में चोट कब और कैसे लगी, लेकिन उस मैच में उन्होंने 16 गेंदों में 28 रन बनाए थे, जिसमें 4 चौके थे। वह लेग स्पिनर सेरा ग्लेन की गेंद पर पगबाधा हुईं और भारत यह मैच 6 रन से हार गया था। उन्होंने प्री-सीरीज प्रेस वार्ता में भी भाग नहीं लिया और नॉटिंघम के पहले टी-20 में स्मृति मंधाना ने कप्तानी की, जो भारत ने 97 रन से जीता। मंधाना ने इस मैच में अपना पहला टी-20 शतक लगाया, जिससे भारत ने सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की। वह तीनों प्रारूपों में शतक लगाने वाली पहली भारतीय और दुनिया की पांचवीं महिला क्रिकेटर बनीं।



# कजाकिस्तान: मुस्लिम महिलाओं के नकाब पहनने पर लगा प्रतिबंध

अस्ताना, एजेंसी

- बना कानून, सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छिपा सकेंगी चेहरा

कजाकिस्तान ने मुस्लिम महिलाओं के नकाब लगाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इसके साथ ही यह मध्य एशिया का पहला देश बन गया है, जिसने महिलाओं के नकाब लगाने पर पाबंदी लगा दी है।

कजाकिस्तान के राष्ट्रपति कासिम-जोमार्ट टोकायेव ने सोमवार को एक कानून पर हस्ताक्षर किए, जिसमें कानून द्वारा परिभाषित सीमित मामलों को छोड़कर सार्वजनिक रूप से ऐसे कपड़े पहनने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, जो किसी व्यक्ति के चेहरे को छिपाते हैं। कानून में हालांकि स्पष्ट रूप से धार्मिक पोशाक का नाम नहीं है, लेकिन समझा जाता है कि नकाब और बुर्का जैसे परिधानों को ध्यान में रखकर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

नए कानून के तहत चेहरा ढकने वाले कपड़ों को विशिष्ट मामलों में जैसे आधिकारिक कार्यक्रमों, चिकित्सा कारणों, खराब मौसम से सुरक्षा, नागरिक सुरक्षा उद्देश्यों के लिए या सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भागीदारी के वास्ते ही अनुमति दी गई है। इससे पहले, किर्गिस्तान ने जनवरी 2025 में सार्वजनिक स्थानों पर नकाब पर प्रतिबंध लगाने वाला एक कानून पारित किया था। वहां के सांसदों ने तर्क दिया कि इस तरह के धार्मिक परिधान सरकारी भवनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर व्यक्तियों की पहचान करना मुश्किल बनाते हैं।

# बार्सिलोना में 100 साल में सबसे गर्म रहा जून 2025 का महीना

**पेरिस।** स्पेन की राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि बार्सिलोना में जून का महीने 100 साल में सबसे गर्म दर्ज किया गया है। बार्सिलोना की कैन फैबरा वेधशाला ने औसत तापमान 26 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जोकि 1914 के बाद से सर्वाधिक है।

इससे पहले बार्सिलोना में जून में सबसे अधिक गर्मी 2003 में दर्ज की गई थी जब औसत तापमान 25.6 डिग्री दर्ज किया गया था। मौसम केंद्र ने कहा कि सोमवार 30 जून को इस महीने का एक दिन का सबसे अधिक तापमान 37.9 डिग्री दर्ज किया गया। बार्सिलोना आमतौर पर स्पेन की भीषण गर्मी से बचा रहता है, क्योंकि यह शहर पहाड़ियों और भूमध्यसागर के बीच, स्पेन के उत्तर-पूर्वी छोर पर स्थित है।

# जलवायु परिवर्तन का संकेत भी हैं बादल फटने की घटनाएं

बादल फटने का मतलब होता है, किसी स्थान पर बहुत ही कम समय में अत्यधिक मात्रा में वर्षा होना, जो सामान्य कई गुना तेज और भारी होती है। यह एक अत्यंत विनाशकारी प्राकृतिक घटना होती है, जिसके अचानक बाढ़, भूस्खलन और जानमाल की हानि जैसे परिणाम सामने आते हैं। भारतीय मौसम विभाग और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार मानसून के मौसम में ये घटनाएं अधिक होती हैं। पिछले कुछ वर्षों में बादल फटने की घटनाएं बढ़ी हैं। खासकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लेह-लद्दाख और पूर्वोत्तर राज्यों में लगातार ऐसी घटनाएं हुई हैं और 2010 के बाद से इन घटनाओं में तेजी देखी गई है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन इसका एक प्रमुख कारण हो सकता है। फिलहाल अधिकांश घटनाएं उत्तर भारत के पहाड़ी राज्यों में हो रही हैं। आईएमडी और राज्य सरकारें अब अधिक अलर्ट जारी करने लगी हैं।



### बादल फटने का वैज्ञानिक अर्थ

जब किसी छोटे क्षेत्र में बहुत ही तीव्र गति से 100 मिमी या उससे अधिक वर्षा एक घंटे के भीतर हो जाती है तो उसे बादल फटना कहा जाता है। यह घटना आमतौर पर पहाड़ी क्षेत्रों में होती है। गर्म और नम हवा जब तेजी से ऊपर उठती है और ठंडी हवा से मिलती है, तब भारी मात्रा में जलवाष्प संघनित होकर अचानक भारी वर्षा के रूप में गिरती है। कई बार बादल ऊपरी वायुमंडल में अटक जाते हैं और जब वे एक जगह फटते हैं तो मूसलाधार वर्षा होती है।

### ग्लोबल वार्मिंग से बढ़ रहीं घटनाएं

वैज्ञानिक धारणा है कि जैसे-जैसे तापमान बढ़ता है, वायुमंडल में अधिक जलवाष्प धारण करने की क्षमता बढ़ जाती है। इससे अत्यधिक वर्षा की घटनाएं बढ़ती हैं। जलवायु परिवर्तन पर कई वैज्ञानिक रिपोर्टें कहती हैं कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण बादल फटने जैसी घटनाएं अधिक तीव्र और बार-बार होने लगी हैं।

### ये होती है बर्बादी

बादल फटना विनाशकारी होता है। जानमाल की हानि तो होती ही है, सड़कें, इमारतें और पुल बहने जैसा ढांचागत नुकसान प्रभावित इलाके को कई साल पीछे धकेल देता है। कृषि भूमि और पशुधन की भारी बर्बादी होती है।

### कहर बरपाया था इन घटनाओं ने

- वर्ष 1970 में उत्तराखंड की अल्कनंदा घाटी में बादल फटने से भयंकर बाढ़ आई जिसमें सैकड़ों मौतें हुईं।
- वर्ष 2005 लद्दाख में बादल फटा, इसके बाद इतनी तेज बाढ़ आई कि कई गांव और तमाम लोग बह गए।
- वर्ष 2010 में जम्मू-कश्मीर के लेह में बादल फटने से दो सौ से ज्यादा मौतें हुईं। सेना को राहत कार्यों में लगाया।
- वर्ष 2013 में केदारनाथ में बादल फटने से बाढ़ और भूस्खलन हुआ, 5,000 से ज्यादा मौतें हुई थीं।
- वर्ष 2021 हिमाचल प्रदेश में बादल फटने के बाद कई मकान बह गए और दर्जनों की मौत हो गई।
- वर्ष 2023 में भी जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड में लगातार ये घटनाएं हुईं। बचाव कार्यों में सेना लगाई गई।

### अब सामान्य से ज्यादा घटनाएं

बादल फटना एक गंभीर प्राकृतिक आपदा है जिसकी घटनाएं अब सामान्य से अधिक हो रही हैं। इसके पीछे स्थानीय भूगोल, मानसून की तीव्रता और मानव जनित जलवायु परिवर्तन जैसी कई वजहें हैं। जलवायु परिवर्तन संकेत दे रहा है कि हमें भविष्य में और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

## एक नजर

### ब्रिटेन में 156 साल पुरानी 'रॉयल ट्रेन' समाप्त होगी

**लंदन।** ब्रिटेन की 'रॉयल ट्रेन' अब जल्द ही अंतिम बार स्टेशन से रवाना होगी। बकिंघम पैलेस ने सोमवार को कहा कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने स्वीकार किया है कि महारानी विक्टोरिया के समय से चल रही इस ट्रेन को बंद करने का समय आ गया है क्योंकि इसके परिचालन की लागत बहुत अधिक है। यह रॉयल ट्रेन नौ बोगियों का एक सुइट है। 2027 में इसके रखरखाव संबंधी मौजूदा अनुबंध खत्म होने से पहले इसकी सेवा को बंद कर दिया जाएगा। इस ट्रेन को महारानी विक्टोरिया ने 1869 में अपनी यात्राओं के लिए शुरू किया था।

### भारत-फ्रांस की सेनाओं ने संयुक्त अभ्यास किया

**नई दिल्ली।** भारतीय और फ्रांसीसी सेनाओं ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त परिचालन तैयारियों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करते हुए फ्रांस में दो सप्ताह का युद्धाभ्यास किया। फ्रांस की तरफ से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि 18 जून से एक जुलाई तक आयोजित भारत-फ्रांस सैन्य अभ्यास 'शक्ति' के लिये लगभग 50 बख्तरबंद और सामरिक वाहन और लड़ाकू जेट तैनात किए गए थे। विज्ञप्ति के अनुसार, इस अभ्यास में फ्रांसीसी सेना, विदेशी स्वयंसेवक सैनिक, साथ ही फ्रांसीसी वायु एवं अंतरिक्ष सेना तथा फ्रांसीसी नौसेना की विभिन्न इकाइयों के 500 से अधिक सैनिक और सैन्यकर्मी शामिल हुए। भारतीय दल के 90 कर्मी अभ्यास में शामिल हैं।

### पाकिस्तान ने संभाली सुरक्षा परिषद अध्यक्षता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान जुलाई 2025 के लिए मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के अस्थायी सदस्य के रूप में पाकिस्तान के दो साल के कार्यकाल का हिस्सा है। पाकिस्तान जनवरी 2025 में दो साल के कार्यकाल के लिए सुरक्षा परिषद का अस्थाई सदस्य चुना गया था। पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में भारी समर्थन के साथ सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य चुना गया और उसे 193 में से 182 वोट मिले थे।

### इक्वाडोर: पूर्व उपराष्ट्रपति को 13 साल की कैद

**क्विटो।** इक्वाडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लास को 2016 में आए विनाशकारी भूकंप के बाद पुनर्निर्माण के लिए रखे गए सार्वजनिक धन के गबन के मामले में 13 साल जेल की सजा सुनाई गयी है। स्थानीय मीडिया ने सोमवार को यह जानकारी दी। इक्वाडोर के समाचार पत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधिकरण द्वारा छह दिनों की सुनवाई के बाद सर्वसम्मति से सजा सुनाई गई।

# बिग ब्यूटीफुल बिल सीनेट में पास मस्क ने कहा- नई पार्टी बनाएंगे

## कड़े विरोध के बीच दोनों ओर से पड़े 50-50 वोट, उपराष्ट्रपति वेंस के वोट से जीते

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी सीनेट (संसद का उच्च सदन) ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के महत्वाकांक्षी कर छूट और खर्च कटौती विधेयक को मंगलवार को मंजूरी प्रदान कर दी। रिपब्लिकन सदस्यों ने अपने तीन साथी सीनेटर और डेमोक्रेट सांसदों के कड़े विरोध के बीच वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट को पारित कराने में सफलता हासिल की। विधेयक के पक्ष और विरोध में 50-50 मत पड़ने के बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने अपना मत देकर इसे मंजूरी दिलाई। इससे पहले अरबपति एलन मस्क ने एक्स पर लिखा, अगर बिल पारित हो गया तो वह नई पार्टी बनाएंगे।

विधेयक का विरोध करने वाले तीन रिपब्लिकन सांसदों में थॉम थिलिस, सुजैन कॉलिन्स और केंटकी रैंड पॉल शामिल थे। ट्रंप के महत्वाकांक्षी कर छूट और खर्च कटौती विधेयक पर सीनेट में सोमवार को देर रात तक तीखी बहस चली। हंगामेदार सत्र के दौरान रिपब्लिकन सांसद जहां इस विधेयक के लिए समर्थन जुटाते नजर आए। वहीं, विपक्षी डेमोक्रेट सदस्य इसे गिराने के लिए पेश संशोधनों को पारित कराने का प्रयास करते रहे।

साउथ डकोटा से रिपब्लिकन सीनेटर जॉन थून अपनी पार्टी के उन सदस्यों के बीच समझौता कराने के लिए प्रयास करते दिखे, जो इस बात को लेकर चिंतित थे कि 'मेडिकेड' में प्रस्तावित कटौती से लाखों लोग स्वास्थ्य बीमा से वंचित हो जाएंगे। वहीं, कुछ (सदस्यों) का मानना था कि बढ़ते राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए करों में और अधिक कटौती किए जाने की जरूरत है।

940 पन्नों का वन बिग ब्यूटीफुल बिल एक्ट ट्रंप के सबसे महत्वाकांक्षी विधेयकों में से एक है। ट्रंप ने देर रात जारी एक सोशल मीडिया पोस्ट में सीनेट से विधेयक को मंजूरी देने की अपील करते हुए कहा था कि यह विधेयक शायद अपनी तरह का सबसे महान और सबसे महत्वपूर्ण विधेयक है।



> मस्क को पता है कि वह 'ईवी' अनिवार्यता के खिलाफ हैं और लोगों को ईवी खरीदने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। इतिहास में अब तक एलन को सबसे अधिक सब्सिडी मिली है। वह बहुत परेशान हैं। आप जानते हैं, वह इससे कहीं ज्यादा खो सकते हैं, मैं आपको अभी बताता हूं। एलन इससे कहीं ज्यादा खो सकते हैं। - **ट्रुथ सोशल पर ट्रंप की पोस्ट**

### अब आगे क्या...

अब यह विधेयक वापस प्रतिनिधि सभा (संसद का निचला सदन) की स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। अमेरिकी संसद के दोनों सदनों पर नियंत्रण रखने वाले रिपब्लिकनों के लिए अब अगली चुनौती प्रतिनिधि सभा में इस विधेयक को पारित कराना है। रिपब्लिकन सांसद राष्ट्रपति ट्रंप की छुट्टियों की समय सीमा यानी शुक्रवार से पहले इसे मंजूरी दिलाना चाहते हैं।



### बिल पारित होने के अगले ही दिन बनेगी अमेरिका पार्टी

मस्क ने शनिवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया कि यह विधेयक रिपब्लिकन पार्टी के लिए राजनीतिक आत्महत्या के समान होगा। कांग्रेस के प्रत्येक सदस्य, जिन्होंने सरकारी खर्च को कम करने के लिए अभियान चलाया और फिर तुरंत इतिहास में सबसे बड़ी ऋण वृद्धि के लिए मतदान किया, उन्हें शर्म से अपना सिर झुकाना चाहिए। और अगर यह इस धरती पर मेरा आखिरी काम है तो वे अगले साल अपना प्राथमिक चुनाव हार जाएंगे। इस पोस्ट को 2.6 करोड़ बार देखा गया। कुछ घंटों बाद मस्क ने एक और पोस्ट में लिखा, अगर यह पागलपन भरा विधेयक पारित हो जाता है, तो अगले ही दिन 'अमेरिका पार्टी' का गठन हो जाएगा। इस पोस्ट को 'एक्स' पर 3.2 करोड़ बार देखा गया।

# न्यूयॉर्क : डेमोक्रेटिक मेयर प्राइमरी में जीते जोहरान ममदानी



**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के नेता जोहरान ममदानी ने न्यूयॉर्क के डेमोक्रेटिक मेयर पद की प्राइमरी में जीत हासिल कर ली है। मंगलवार को घोषित नए वोटों की गिनती ने उनकी चौंकाने वाली जीत की पुष्टि की, उन्होंने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो को हराया। शहर की 'रैंक्ड च्वाइस वोटिंग' की गणना के नतीजे जारी होने के बाद 'एसोसिएटेड प्रेस' ने ममदानी की जीत की घोषणा की। ममदानी अब आम चुनाव में उतरेंगे, जिसमें मौजूदा मेयर एरिक एडम्स के साथ स्वतंत्र उम्मीदवार जिम वाल्डेन और रिपब्लिकन कर्टिस स्लीवा भी शामिल हैं।

### जनता पागल है: ट्रंप

**वाशिंगटन।** ममदानी की जीत की घोषणा से पहले ट्रंप ने उन्हें कम्युनिस्ट बताते हुए कहा, हमें एक कम्युनिस्ट कतई नहीं चाहिए। 33 वर्षीय डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट और न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा के सदस्य यदि निर्वाचित होते हैं तो शहर के पहले मुस्लिम मेयर और भारतीय मूल के पहले व्यक्ति होंगे। ट्रंप ने कहा कि यदि न्यूयॉर्क के लोग ममदानी को मेयर चुनते हैं तो मुझे लगता है वे पागल हैं।

# आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखाए दुनिया

वाशिंगटन, एजेंसी

- क्वाड विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में बोले एस जयशंकर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों और अपराधियों को कभी भी समान नहीं माना जाना चाहिए और भारत को आतंकवादी हमलों से अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है।

अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के अपने समकक्षों की मौजूदगी में जयशंकर ने यह भी कहा कि भारत को उम्मीद है कि उसके क्वाड साझेदार आतंकवाद से निपटने के मामले में उसकी स्थिति को समझेंगे और उसकी सराहना करेंगे। जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी में क्वाड समूह के विदेश मंत्रियों की महत्वपूर्ण बैठक से पहले मीडिया से यह टिप्पणी की।

उन्होंने कहा, विश्व को आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता दिखानी चाहिए। पीड़ितों और अपराधियों को कभी भी समान नहीं माना जाना चाहिए और भारत को आतंकवाद से अपने लोगों की रक्षा करने का पूरा अधिकार है। विदेश मंत्री ने कहा, और हम उस अधिकार का प्रयोग करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि हमारे क्वाड साझेदार इस बात को समझेंगे और इसकी सराहना करेंगे।

उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के लिए चयन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान से मिलकर बना क्वाड एक प्रमुख समूह के रूप में उभरा है, जो मुख्य रूप से हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और स्थिरता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

### अमेरिका से संबंध चीन के नजरिए से न देखें

**न्यूयॉर्क।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों को केवल चीन के नजरिये से आंकना उनका बहुत अधिक सरलीकरण है और कई बार यह भ्रामक भी हो सकता है। उनसे पूछा गया था कि भारत-अमेरिका के संबंध किस हद तक चीन के संदर्भ में उसका रुख जाहिर करते है। जयशंकर ने 'वन वर्ल्ड ट्रेड सेंटर' में न्यूजवीक के मुख्यालय में उसके सीईओ देव प्रगाद के साथ बातचीत के दौरान कहा, भारत-अमेरिका संबंध कई अन्य पहलुओं से जुड़े हुए हैं, जैसे कि बड़ा भारतीय समुदाय जो अमेरिका में महत्वपूर्ण योगदान देता है।

# थाईलैंड : फोन कॉल लीक मामले में प्रधानमंत्री शिनावात्रा निलंबित

बैंकॉक, एजेंसी



- नैतिक जांच पूरी होने तक लागू रहेगा संवैधानिक अदालत का फैसला, परिवहन मंत्री सूर्या रहेंगे कार्यवाहक पीएम

थाईलैंड की संवैधानिक अदालत ने कंबोडिया के एक पूर्व नेता के साथ फोन पर हुई बातचीत के लीक होने के बाद प्रधानमंत्री पेटोंगटार्न शिनवात्रा को मामले की नैतिक जांच लंबित रहने तक मंगलवार को पद से निलंबित कर दिया। आरोप है कि कंबोडिया के साथ हाल में हुए सीमा विवाद के हल के लिए देश के एक पूर्व नेता के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान पेटोंगटार्न ने काफी नरम रुख दिखाया था।

न्यायाधीशों ने नैतिकता के उल्लंघन के आरोप वाली याचिका पर सर्वसम्मति से विचार किया और पेटोंगटार्न को प्रधानमंत्री पद से निलंबित करने के पक्ष में दो के मुकाबले सात मतों से मतदान किया। अदालत ने पेटोंगटार्न को अपने बचाव में सबूत पेश करने के लिए 15 दिन का समय दिया। पेटोंगटार्न को कंबोडिया के साथ हालिया सीमा विवाद से निपटने के तरीके को लेकर बढ़ते असंतोष का सामना करना पड़ रहा है। इसमें 28 मई को हुआ सशस्त्र टकराव शामिल है, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक मारा गया था। सीमा विवाद के समाधान के लिए कूटनीतिक पहल के दौरान कंबोडियाई सीनेट के अध्यक्ष हुन सेन के साथ फोन पर हुई बातचीत के लीक होने के बाद पेटोंगटार्न के खिलाफ कई शिकायतें भी दर्ज कराई गई हैं। अदालत के आदेश के बाद पेटोंगटार्न ने कहा कि वह इसे स्वीकार करते हुए अपने बचाव के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करेंगी, क्योंकि देश की रक्षा और शांति बनाए रखने के अलावा उनका कोई अन्य इरादा नहीं था। प्रधानमंत्री कार्यालय के मंत्री चौसाक सिरिनिल ने बताया कि उप प्रधानमंत्री और परिवहन मंत्री सूर्या जुंगरुंगरुंगकिट कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

# कोर्ट ने रूस के पूर्व उप रक्षामंत्री को 13 साल की सजा सुनाई

**मॉस्को।** रूस के पूर्व उप रक्षा मंत्री को मंगलवार को गबन और धन शोधन के जुर्म में दोषी ठहराया गया और उन्हें 13 साल की जेल की सजा सुनाई गई है।

इस मामले ने बड़े सैन्य भ्रष्टाचार को उजागर किया था, जिसे यूक्रेन में मॉस्को की सैन्य असफलताओं के लिए व्यापक रूप से जिम्मेदार ठहराया गया था। तिमूर इवानोव सैन्य भ्रष्टाचार की व्यापक जांच में सबसे चर्चित व्यक्ति है, जिसमें पूर्व रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु के करीबी कई अन्य शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। शोइगु पूर्व वरिष्ठ अधिकारी थे और उनके राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से व्यक्तिगत संबंध हैं। उन्हें रूस की सुरक्षा परिषद के सचिव का नया उच्च-स्तरीय पद दिया गया। इवानोव (49) को 2016 में उप रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था।

## अनुष्ठान



महाराष्ट्र के सोलापुर के अकलुज में संत तुकाराम महाराज की पालकी यात्रा के दौरान वृत्ताकार रिंगन नामक अनुष्ठान में भाग लेते भक्त। असल में यह एक गोलाकार घेरे में प्रतीकात्मक घोड़ों के पीछे नंगे पैर दौड़ने की एक पुरानी प्रथा है, जो आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का प्रतीक है। एजेंसी

# विदेशी श्रमिकों के लिए कठोर ब्रिटिश वीजा मापदंड पेश

**लंदन।** ब्रिटेन की सरकार ने मंगलवार को 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में देखभाल उद्योग समेत विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी कुशल श्रमिकों की भर्ती पर अंकुश लगाने के लिए कड़े वीजा मानदंडों का पहला सेट पेश किया और इसे देश की आव्रजन प्रणाली का पूर्ण फेरबदल करार दिया। मई में 'आव्रजन श्वेत पत्र' के तहत प्रस्तावित नए नियमों में विदेशी श्रमिकों के लिए जिनमें भारतीय भी शामिल हैं, कौशल और वेतन सीमा में वृद्धि, देखभाल कर्मियों के लिए विदेशी भर्ती की समाप्ति तथा रसोइये और 'प्लास्टरर्स' समेत 100 से अधिक व्यवसायों को कमी की सूची से हटाना शामिल है, जिसके तहत कुछ वीजा छूट दी गई थी। संसद द्वारा स्वीकृत होने के बाद ये परिवर्तन 22 जुलाई से प्रभावी होंगे। इनका उद्देश्य कई कम वेतन वाली नौकरियों को वीजा के लिए अयोग्य बनाकर स्नातक स्तर या उससे ऊपर के कर्मचारियों को आकर्षित करना है।

# नीट यूजी में बिजली गुल दोबारा परीक्षा का आदेश

इंदौर, एजेंसी

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय ने चिकित्सा क्षेत्र के स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए चार मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के दौरान बिजली गुल हो जाने से प्रभावित उम्मीदवारों की दोबारा परीक्षा लिए जाने का आदेश दिया है।

उच्च न्यायालय ने देश के सभी नागरिकों के लिए समानता और न्याय के सिद्धांत को स्थापित करने वाले भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का हवाला देते हुए कहा है कि इन उम्मीदवारों की कोई भी गलती न होने के बावजूद उन्हें बिजली कटौती के कारण नुकसानदेह स्थिति में डाल दिया गया था। उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति सुबोध अभ्यंकर ने नीट-यूजी के कई उम्मीदवारों की याचिकाओं पर सभी संबद्ध पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला पिछले माह सुरक्षित रख लिया था।



- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के फैसले का 75 अभ्यर्थियों को मिलेगा लाभ

याचिकाकर्ताओं के वकील मृदुल भटनागर ने बताया कि उन्हें अदालत के 23 जून के आदेश की प्रति मिल गई है। उन्होंने बताया कि इंदौर और उज्जैन में हुई नीट-यूजी परीक्षा में बैठे करीब 75 उम्मीदवारों को इस आदेश का फायदा मिलेगा जिनके परीक्षा केंद्र में बिजली गुल हो गई थी।

## श्रद्धा

मौके पर ही शुरू हुआ पंजीकरण, कल से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू होगी यात्रा

# अमरनाथ यात्रा के लिए जम्मू में देश भर के श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जम्मू, एजेंसी

जम्मू में प्रशासन की ओर से अमरनाथ यात्रा के लिए मौके पर ही पंजीकरण शुरू किए जाने के बाद मंगलवार को देशभर से सैकड़ों श्रद्धालु यहां जम्मू पहुंचे। दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित इस मंदिर की यात्रा औपचारिक तौर पर तीन जुलाई को शुरू होगी।

दक्षिण कश्मीर हिमालय में 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की 38 दिवसीय तीर्थयात्रा तीन जुलाई को दो मार्गों से शुरू होगी। इसमें अनंतनाग जिले में पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबा नुनवान-पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले में 14 किलोमीटर लंबा बालटाल मार्ग है। प्राधिकारियों ने यात्रा के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।



यात्रा से पहले जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर में जोश में नजर आए तीर्थयात्री।

तीर्थयात्रियों का पहला जत्था दो जुलाई को जम्मू स्थित भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के लिए रवाना होगा। उप संभागीय मजिस्ट्रेट मनु हंसा ने कहा, अमरनाथ यात्रा के लिए देश के अन्य भागों से जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए मौके पर पंजीकरण शुरू हो गया है। यहां शालीमार इलाके में अपंजीकृत श्रद्धालुओं के लिए मौके पर ही पंजीकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं, जबकि पुरानी मंडी स्थित राम मंदिर परिसर में साधुओं के पंजीकरण के लिए विशेष शिविर बनाया गया है।

उन्होंने कहा, पंजीकरण वैष्णवी धाम, पंचायत भवन और महाजन सभा समेत तीन केंद्रों पर किया जा रहा है। सरस्वती धाम एकमात्र केंद्र है, जहां भक्त टोकन प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण केंद्र सुबह सात बजे खुल गए। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू स्थित राम मंदिर में साधुओं का पंजीकरण शुरू हो गया है और उनके लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। देश के विभिन्न हिस्सों से 300 से अधिक साधु राम मंदिर पहुंचे हैं जो उनके लिए आधार शिविर है। यहां उनके लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था के बीच 1,600 से अधिक तीर्थयात्री कल कश्मीर की अपनी आगे की यात्रा पर जाने के लिए यहां भगवती नगर आधार शिविर पहुंचे हैं।

### ठहराव केंद्रों पर 50 हजार लोगों के खाने की व्यवस्था

संभागीय आयुक्त रमेश कुमार ने बताया, जम्मू क्षेत्र में लखनपुर से बनिहाल तक विभिन्न ठहराव केंद्रों पर 50,000 से अधिक लोगों के लिए भोजन और ठहरने की व्यवस्था की गई है। इस उद्देश्य के लिए कुल 106 आवास केंद्र स्थापित किए गए हैं। कुमार ने बताया कि यात्रा दो जुलाई को जम्मू से शुरू होगी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कड़ी सुरक्षा के बीच भगवती नगर आधार शिविर से इसे हरी झंडी दिखाएंगे। उन्होंने कहा, यात्रा औपचारिक रूप से तीन जुलाई को कश्मीर से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा के लिए यहां पहुंचे तीर्थयात्रियों में उत्साह साफ देखा जा सकता है।